GORAKHPUR POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-06-2022



जुमे की नमाज के दौरान मदीना मस्जिद रेती चौक के सामने सुरक्षा में तैनात पुलिस के जवान। फोटो : एसएनबी





एनेक्सी भवन में विकास कार्यों, कानून व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह। फोटो : एसएनबी

अधिकारी समय से कार्यालय पहुंचें, समस्याओं का निस्तारण करें : स्वतंत्रदेव

गोरखपुर (एसएनबी)। प्रदेश के जल शक्ति मंत्री /प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि अधिकारीगण समय से कार्यालय में उपस्थित हो तथा जनसमस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अच्छे आचरण एवं व्यवहार से ही समाज में परिवर्तन लाया जा सकत है। टीम भावना के साथ यदि कार्य किया जाये तो निश्चित रूप से उसके बेहतर एवं सार्थक परिणाम परिलक्षित होंगे। शासन की नीतियों निर्णयों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित हो और शासकीय योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाये ताकि आमजन मानस शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक हो। प्रभारी मंत्री ने निर्माण कार्यो की गुणवत्ता समयबद्धता एवं पारदर्शिता पर विशेष बल देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों को शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी अवश्य दी जाये क्योंकि जनप्रतिनिधि जनता के प्रति जवाबदेह होता है।

उक्त निर्देश प्रभारी मंत्री ने एनेक्सी भवन सभागार में आयोजित विकास कार्यक्रमों, कानून व्यवस्था आदि की समीक्षा बैठक करते हुए दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि कोई भी पात्र व्यक्ति पेंशन योजना से वंचित नही होना चाहिए। प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि कार्य की गुणवत्ता की जांच करायी जाये तथा योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों को मिले।

मंत्री ने निर्देश दिये कि राशनकार्ड धारकों को गुणवत्तायुक्त एवं निर्धारित मानक के अनुसार खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाये। खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की धांधली नहीं होनी चाहिए। रिक्त कोटे की दुकानों के आवंटन में महिला स्वयं सहायता समूहों को वरीयता प्रदान की जाये।

प्रभारी/ जलशक्ति मंत्री ने कानून व्यवस्था व विकास कार्यों की समीक्षा की

पेंशन व आवास योजना के पात्रों को लाभ देने, गरीबों को गोल्डेन कार्ड देने में तेजी लाने के निर्देश

सड़क निर्माण व मरम्मत के कार्यों को भी समयबद्ध करने की हिदायत

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत गोल्डेन कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाई जाये। उन्होने कहा कि बेहतर शिक्षा स्वास्थ्य प्रदान करना हम सब का नैतिक दायित्व है। उन्होने सभी स्वास्थ्य केन्द्रो पर दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी मरीज दवा के अभाव में वापस न जाये। स्वास्थ्य केन्द्रो पर चिकित्सको की उपस्थिति अवश्य बनी रहे। स्वास्थ्य केन्द्रो पर इमरजेन्सी सेवाएं उपलब्ध करायी जाए। इसके अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित हो कि जनपद पूरी तरह कुपोषण मुक्त रहे इस हेतु एक अभियान के तहत कुपोषित बच्चों को पोषण की श्रेणी में लाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये।

राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि वरासत के मामलों को प्रमुखता के आधार पर शिविर आयोजित कर निपटाया जाये और चकरोड, तालाब के पट्टो आदि के मामले विधिक प्रक्रिया के तहत निस्तारित किया जाये। उन्होने यह भी कहा कि सरकारी सम्पत्तियों पर यदि कही भी अतिक्रमण पाया जाये तो उसे हटवाते हुए अतिक्रमणकर्ता के विरूद्ध कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिये कि आपूर्ति/ वितरण व्यवस्था बेहतर ढंग से उपलब्ध करायी जाये तथा खराब ट्रांसफार्मरो को 48 घण्टे के अन्दर बदल दिये जाये।

सड़को के निर्माण की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये कि नई सड़कों पर कार्य प्रारम्भ हो, अधूरी सड़कों को पूरा किया जाये तथा क्षतिग्रस्त सड़को का मरम्मत अतिशिघ्र करायें। उन्होने लोक निर्माण विभाग, यूपी सीडीको तथा एनएचआई को निर्देश दिये कि कार्यो में तेजी लाकर निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत तथा गुणवत्तायुक्त निर्माण पूर्ण करें।

शिक्षा विभाग के संबंध में उन्होने शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष बल देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार विद्यालयों की स्थिति, शिक्षा के स्तर में सुधार हेतु निरन्तर तत्पर है। इस दिशा में अनेक योजनाएं संचालित की है। पंचायतीराज विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि गांवो में जल निकासी की व्यवस्था ठीक की जाये नालियों की सफाई करायी जाये तालाबों से अतिक्रमण हटाये जाये। उन्होंने यह भी कहा कि सभी पंचायत भवनों पर कुर्सी मेज की व्यवस्था सुनिश्चित हो तथा पंचायत सहायक, लेखपाल आदि कर्मी वहां अवश्य बैठे।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि बाढ़ के दृष्टिगत किये जाने वाले सभी कार्यों को जून माह तक पूर्ण कर लिए जाये तथा महानगर को जलजमाव से निजात दिलाने हेतु सभी नाले/ नालियों की सफाई बरसात से पहले पूर्ण कर ली जाये। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के संबंध में कहा कि यह योजना सरकार की प्राथमिकताओं में से है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश ने प्रभारी मंत्री सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए आश्वस्त किया कि निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक का संचालन मुख्य विकास अधिकारी इन्द्रजीत सिंह ने किया।

बैठक में बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह, समाज कल्याण राज्य मंत्री सजीव कुमार गौड़, सदर सांसद रवि किशन शुक्ला, विधायकगण महेन्द्र पाल सिंह, विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ला, तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. विपिन ताडा, सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

ऑपरेशन क्लीन : अवैद्य कब्जे पर गरजा प्रशासन का बुलडोजर

कौड़ीराम (एसएनबी)। कौड़ीराम कस्बे में ऑपरेशन क्लीन के तहत अवैद्य कब्जे पर प्रशासन का बुलडोजर गरजा। लेकिन सब्जी मंडी में अतिक्रमण हटाने के दौरान प्रशासन को व्यापारियों के तीखे तेवर का सामना भी करना पड़ा।

एसडीएम वांसगांव दुर्गविजय सिंह और सीओ वांसगांव अंजनी कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम कस्बे में सड़कों का सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने पहुची। टीम ने वांसगांव रोड, पीसी शर्मा गली और वड़हलगंज रोड पर सड़क का सीमांकन किया। सड़क किनारे वनी नाली के वाहर हुए अतिक्रमण को वुलडोजर से हिलाया जा रहा था। अतिक्रमण हटाने से नाराज करीव दो दर्जन व्यापारी एकजुट होकर नारेवाजी करते हुए वांसगांव रोड तक पहुच गए।

उन्होंने प्रशासन पर पक्षपात करने का आरोप लगाया। व्यापारियों का कहना है सरकारी भूमि पर अवैद्य कब्जे को हटाया जाय तव अतिक्रमण की बात किया जाय। भारी विरोध के कारण वुलडोजर को वापस भेज दिया गया और गोला रोड की पैमाइश नही हो सकी। इस सम्वन्ध में सीओ वांसगांव अंजनी कुमार पांडेय का कहना यह अपरेशन क्लीन अभियान प्रदेश सरकार के निर्देश पर चलाया जा रहा है ।इस अभियान के वाद कौड़ीराम कस्बे डाकवंगला के सामने स्थित कुछ दुकानों से अतिक्रमण हटना शुरू हो गया।



मस्जिद का चार मीटर हिस्सा सड़क में

कौड़ीराम कस्बे में गांधी आश्रम के पास मौजूद मस्जिद का करीव चार मीटर हिस्सा सड़क पर अतिक्रमण कर वनाया गया है। राजस्व टीम ने पैमाइश कर मस्जिद पर लाल निशान वना दिया है।मस्जिद में मौजूद मौलवी सदर को अतिक्रमण की जानकारी देकर इसे खाली करने को कहा गया।

कस्बे को अतिक्रमण मुक्त बनाने की मांग कर रहे व्यापारी

तहसील प्रशासन के सामने नारेबाजी कर रहे दुकानदारों का दो टूक आरोप था कि प्रशासन प्रभावशाली लोगों को रियायत दे रहा है और गरीबो पर वुलडोजर चला रहा है। वह प्रशासन से रोडवेज बस स्टेशन समेत कस्बे में सभी तरह के अतिक्रमण को पूरी तरह से हटाने की मांग कर रहे थे।

अतिक्रमण हटाने खातिर दो बार दिया जा चुका है अल्टीमेटम

बांसगांव तहसील प्रशासन इसके पहले दो बार सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाने के लिए व्यापारियों से अपील कर चुका था। 28 मई से 3 जून तक कस्बे में चले अपरेशन क्लीन के तहत 28 मई को सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया गया था।इसके पहले 22 मई को सीओ और तहसीलदार ने व्यापारियों से अपना अतिक्रमण खुद हटा लेने की अपील की थी।

सीएम से बोली महिला-बेटे के हत्यारों की पुलिस नहीं कर रही गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार की सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान पुलिस और जमीनी विवाद की समस्या से जूझ रहे करीब 800 से अधिक लोग अपनी फरियाद लेकर सीएम के पास पहुंचे। हिंदू सेवाश्रम में सीएम ने करीब 200 लोगों की समस्या सुनी और उन्हें मदद का भरोसा दिलाया जबकि यात्री निवास में पहुंचे करीब 600 फरियादियों की शिकायत मुख्यमंत्री के निर्देश पर अधिकारियों ने सुनी और उनके प्रार्थना पत्र लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया।



गोरखनाथ मंदिर के जनता दरबार में लोगों की समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

इस दौरान सीएम ने अपनी मां की गोद में बैठे एक बच्चे को चाकलेट देकर दुलार भी किया।

> जनता दर्शन के दौरान पीड़िता के साथ आए बच्चे को सीएम योगी ने दिया चाकलेट

मेरे 6 साल के बेटे के हत्यारों को नहीं पकड़ रही पुलिस : हमेशा की तरह इस बार भी जनता दर्शन में काफी भीड़ थी। इनमें सबसे अधिक पुलिस की शिकायत देख सीएम उस वक्त नाराज हो गए जब छोटे-छोटे मामलों में भी पुलिस की लापरवाहियों की पोल फरियादी खोलने लगे। बांसगांव इलाके के सिरसिया की रहने वाली चंदा देवी ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई कि उनके 6 साल के बेटे लक्ष्य उर्फ गोलू की 2 अप्रैल, 2022 को अपहरण कर बेरहमी से हत्या कर दी। इस मामले में मुकदमा तो दर्ज हो गया लेकिन गिरफ्तारी पुलिस ने आज तक नहीं की। इससे आज भी वह दहशत में जी रही है।

मेरे पति के हत्यारों से मिली है पुलिस : कुछ ऐसी ही मामला चिलुआताल इलाके के अमवा की रहने वाल जलुसा देवी का भी था। सीएम योगी को देख वह रो पड़ी। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके पति जुगानी निषाद की तीन महीने पहले गांव के ही कुछ लोगों ने हत्या कर दी। चिलुआताल पुलिस हत्यारों से मिली हुई है जिसकी वजह से तीन महीने बीत जाने के बाद भी हत्यारे बेखौफ घूमते हुए हमें धमकी दे रहे हैं और पुलिस हाथ पर हाथ रखे बैठी है। महिला ने बताया कि उन्होंने कई बार इसकी शिकायत पुलिस अधिकारियों से भी की लेकिन उन्हें कोई मदद नहीं मिली।

अधिकारियों पर हुए नाराज : पुलिस से जुड़े अधिकांश मामलों में पुलिस की लापरवाहियों की शिकायत देख मुख्यमंत्री बेहद नाराज दिखे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि नीचे स्तर पर पुलिस कोई काम नहीं कर रही। अगर करती तो न ही इतने लोग मेरे पास आते और न ही पुलिस से जुड़ी इतनी शिकायतें ही आतीं। सीएम ने कहा कि तत्काल इन मामलों में हत्यारों की गिरफ्तारी की जाए। उन्होंने वहां मौजूद अधिकारियों पर नाराजगी के साथ ही निर्देश दिया कि अब तक इन मामलों में कार्रवाई क्यों नहीं हुई इसका स्पष्टीकरण भी लिया जाए। शुक्रवार को जनता दर्शन में गोरखपुर और बस्ती मंडल के अलावा मेरठ, कन्नौज व अन्य जिलों से भी लोग अपनी समस्याओं को लेकर आए थे। जनता दर्शन के दौरान कमिश्नर रवि कुमार एनजी, जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश, डीआईजी जे रविंद्र गौड़, एसएसपी डा. विपिन टाडा और एसपी सिटी कृष्णा विश्नोई मौजूद रहे।

लालकक्ष में भी लोगों से मिले सीएम : इसके अलावा जमीनी विवाद और इलाज में मदद से जुड़े कई मामले जनता दर्शन में पहुंचे। सीएम ने सभी की समस्याओं को सुन उन्हें मदद का भरोसा दिलाया। इसके अलावा करीब 50 से अधिक लोगों ने मुख्यमंत्री से मंदिर के लालकक्ष में मुलाकात की। राप्ती नगर काम्पलेक्स की समस्या लेकर लालकक्ष में पहुंचे कुछ लोगों से सीएम ने कहा कि जनता दर्शन में ही इसे देना चाहिए था। वहां अधिकारी थे। तत्काल कार्यवाही होती।

योगी ने की गो सेवा, गुल्लू को भी दुलारा : इससे पहले सीएम ने सुबह पूजन-अर्चन के बाद मंदिर परिसर के भ्रमण और गो सेवा के बाद श्वान कालू और गुल्लू को भी दुलारा। इसके बाद वह हिंदू सेवाश्रम गए जहां सुबह से ही अपनी समस्या बताने के लिए लोग उनका इंतजार कर रहे थे। सीएम ने वहां आए हर एक के पास खुद पहुंचकर उनका प्रार्थनापत्र लिया और उनकी फरियाद सुन तत्काल निवारण करने के निर्देश दिए।

भाजपा कार्यक्रम में प्रदर्शन करने वाले आठ गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। शुक्रवार को जेपी नड्डा और योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम में प्रदर्शन हुआ। क्षेत्रीय कार्यालय के नये भवन के उद्घाटन के समय पहुंचे 50 लोगों ने सरकार के खिलाफ तख्तियां लहराईं। 6800 शिक्षक भर्ती में नौकरी न मिलने का आरोप लगाया साथ ही प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वाले आठ को खोराबार पुलिस ने गिरफ्तार कर शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी तेज कर दी गयी हैं।

उद्घाटन में पहुंचे 50 , शिक्षक भर्ती अभ्यार्थियों ने लहराई तख्तियां

बीजेपी का नया कार्यालय भवन रानीडिहा में बनकर तैयार हुआ है। उद्घाटन के समय मंच पर सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान जनसभा में पचास की संख्या में विभिन्न जिले से आये शिक्षक भर्ती अभ्यार्थियों ने खडे होकर तख्तियां लहराना शुरू कर दिया और नारेबाजी करने लगे कुछ ही देर में फिर कार्यकर्ताओं ने उन्हे बैठा दिया। लेकिन इस दौरान विभिन्न जिले से पहुंचे अभ्यार्थियों ने नारेबाजी करने लगे। जनसभा स्थल पर मौजूद खोराबार पुलिस ने सुप्रिया मौर्या, निवासी रुस्तमपुर थाना रामगढ़ताल गोरखपुर, रश्मि सिंह निवासी कौशलपुरम बशारतपुर रामजानकी नगर थाना चिलुआताल, माधुरी पाल निवासी बेमहरी थाना दुबौली जिला बस्ती ,सत्येन्द्र सिंह निवासी कौशलपुरम बशारतपुर रामजानकीनगर चिलुआताल गोरखपुर,विशाल कसौधन निवासी शनिचरा बाजार थाना घनघटा संतकबीनरनगर , नवनीत निर्मल निवासी इन्द्रानगर थाना कोतवाली रायबरेली, अमरेन्द्र सिंह निवासी रामपुर शिरिया थाना मांडा प्रयागराज और विजय प्रताप निवासी सरयागुंजा थाना बदलापुर जिला जौनपुर को शांतिभंग में चालान किया गया है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के खिलाफ खोराबार थाने में विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेजा जाएगा।

शिक्षक भर्ती को लेकर अभ्यर्थियों ने तख्तियां लहराई

गोरखपुर। 68500 शिक्षक भर्ती में आरक्षण की विसंगति में संशोधन के बाद नियुक्ति नहीं मिलने से नाराज चयनित अभ्यर्थियों ने शुक्रवार को रानीडीहा में भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय के लोकार्पण व गरीब कल्याण मेला में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंच पर आने के बाद अचानक अपने हाथों में मांग के समर्थन में बैनर पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों के प्रदर्शन को लेकर प्रशासन व पुलिस अधिकारी तुरंत हरकत में आए। पुलिस के निर्देश पर अभ्यर्थी अपने बैनर के साथ सभा स्थल पर बैठ गए। हालांकि, बाद में पुलिस ने आधा दर्जन अभ्यर्थियों को हिरासत में लिया। अभ्यर्थियों के मुताबिक अधिकारियों की वजह से उन्हें नौकरी नहीं मिल रही है। यहां प्रदर्शन करने के पीछे सिर्फ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का ध्यान आकृष्ट कराना था। कार्यक्रम को लेकर सभा स्थल के बाहर और भीतर पुलिस का सख्त पहरा था। इसके बावजूद तकरीबन 50 अभ्यर्थी सुरक्षा को धता बताते हुए बैनर पोस्टर समेत सभा स्थल पर पहुंच गए।

गबन के आरोपित पर पुलिस मेहरबान


KHORABAR (10 June): भूमि का एग्रीमेंट कराने का झांसा देकर 39 लाख 50 रुपए की ठगी के आरोपित पर खोराबार पुलिस मेहरबान है. धोखाधड़ी और गबन के मामले में पहले पुलिस ने कार्रवाई नहीं की. किसी तरह से केस दर्ज हुआ तो आरोपित को पकड़ने में लापरवाही बरती जा रही है. यह आरोप खोराबार के कुसम्हीं बाजार निवासी उमेश चंद गुप्ता ने लगाया. शुक्रवार को प्रेसक्लब में कांफ्रेंस करते हुए बताया कि संतकबीर नगर के जसोवर निवासी महिपाल सिंह के खिलाफ उन्होंने खोराबार थाना में जालसाजी, धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था. इस मामले में अभियुक्त ने कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी पेश की. आठ जून 2022 को कोर्ट ने आरोपित की जमानत अर्जी को निरस्त कर दिया. पर गिरफ्तारी नहीं हो सकी. पीड़ित का कहना है कि काफ़ी दबाव बनाने पर आरोपित ने चार लाख रुपए वापस किए थे. इसके बाद वह कोई पैसा नहीं लौटा रहा है.

जुमे पर अलर्ट रही पुलिस, बंद रहा शाहमारुफ बाजार

एडीजी सहित अन्य अधिकारियों ने लिया जायजा
अलर्ट रही एलआईयू टीम

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (10 June): जुमे की नमाज पर किसी तरह की गड़बड़ी से निपटने के लिए पुलिस अलर्ट मोड में रही. शांति और सद्भावना के लिए पुलिस अफसरों ने धर्मगुरुओं से मुलाकात की. हालांकि, टिप्पणी के विरोध में दोपहर में शाहमारुफ के कुछ बिजनेसमैन ने अपनी दुकानें बंद रखीं. जानकारी होने पर अधिकारियों के साथ कोतवाली पुलिस पहुंच गई. धर्मगुरुओं और स्थानीय लोगों से बातचीत कर शांतिपूर्वक तरीके से जुमे की नमाज कराई. एहतियात के तौर पर कोतवाली, राजघाट, तिवारीपुर और गोरखनाथ एरिया में पुलिस टीम एक्टिव रही.



मार्केट में पुलिस अधिकारियों ने किया गश्त.

एडीजी अखिल कुमार ने कोतवाली सर्किल का भ्रमण करके जानकारी ली.

एसपी सिटी ने संभाली कमान, नजर आया असर

शुक्रवार को प्रदेश में कई जगहों पर जुमे की नमाज के दौरान बवाल की सूचना आई. गोरखपुर में कानून-व्यवस्था में कोई प्रॉब्लम न हो. इसको लेकर व्यापक तैयारी गई थी. गुरुवार से ही पुलिस तैयारी में जुटी थी. दोपहर में शांति कमेटी की बैठक के बाद धर्मगुरुओं से पुलिस अधिकारी, थानेदार और चौकी प्रभारी ने बातचीत की. शाम को सभी संवेदनशील स्थानों पर फोर्स के साथ एसपी सिटी ने गश्त किया जिसका असर सभी जगह दिखा.

गिरफ्तारी की मांग को लेकर बंद रखी दुकानें

शाहमारुफ के दुकानदारों ने पैगम्बर पर टिप्पणी करने की आरोपित नूपुर शर्मा की गिरफ्तारी की मांग करते हुए विरोध में अपनी दुकानें बंद कर दी. जानकारी होने पर फोर्स के साथ प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कल्याण सिंह सागर पहुंच गए. जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न होने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली. दोपहर में एडीजी जोन अखिल कुमार ने धर्मगुरुओं और स्थानीय लोगों से बातचीत की. उन्होंने कहा कि किसी तरह की अफवाह न फैलाएं. न ही ऐसे किसी बहकावे में आएं, जिससे माहौल खराब हो.

जनता दर्शनः पुलिस की शिकायतें सुन सीएम नाराज

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (10 June): गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी ने शुक्रवार सुबह जनता दर्शन किया. इस दौरान उनसे मिलने के लिए करीब 700 लोग पहुंचे थे. इनमें 200 लोगों से सीएम योगी खुद मिले. जबकि अन्य लोगों की फरियाद पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों ने सुनीं. इस दौरान सीएम ने बच्चों को चॉकलेट भी दी. एक महिला की शिकायत पर सीएम काफी नाराज हुए. उन्होंने पुलिस अधिकारियों को फटकार लगाई. उधर जनता दर्शन के पहले सीएम ने गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन पूजन किया. उसके बाद उन्होंने ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ का आशीर्वाद लिया. गौशाला में गायों की सेवा करने के बाद श्वान कालू और गुल्लू को भी दुलार किया.

मर्डर के आरोपितों को नहीं पकड़ रही चिलुआताल पुलिस

गोरखनाथ मंदिर के हिंदू सेवाश्रम में करीब 200 लोग पहले से पहुंचे हुए थे. उनसे एक-एक करके सीएम ने मुलाकात की. चिलुआताल एरिया के अमवा की रहने वाली जलुसा देवी ने पति के मर्डर में न्याय दिलाने की मांग सीएम योगी से की. उन्होंने योगी को बताया कि उनके पति जुगानी निषाद की तीन माह पूर्व हत्या कर दी गई.



फरियाद सुनते सीएम योगी आदित्यनाथ.

चिलुआताल पुलिस की सांठगांठ से आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हो रही है. महिला ने बताया कि उन्होंने कई बार इसकी शिकायत पुलिस अधिकारियों से भी की, लेकिन कोई मदद नहीं मिल पाई. इतना सुनते ही सीएम नाराज हो गए. उन्होंने कहा, तत्काल हत्यारोपियों को अरेस्ट किया जाए. इसके अलावा बांसगांव के सिरसिया की रहने वाली चंदा देवी ने सीएम को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई कि उनके छह साल के बेटे लक्ष्य उर्फ गोलू का दो अप्रैल 2022 को किडनैप करके मर्डर कर दिया गया था. महिला ने बेटे के साथ हुई बर्बरता भी बयां की.

पुलिस अधिकारियों को फटकारा

जनता दर्शन में बड़ी संख्या में थानेदारों की लापरवाही के मामले देखकर सीएम योगी काफी नाराज हुए. उन्होंने कहा, निचले स्तर पर पुलिस काम नहीं कर रही है. अगर थानों पर सुनवाई होती तो इतने लोग कतई यहां न आते. जनता दर्शन में मौजूद अधिकारियों को फटकारते हुए उन्होंने कार्रवाई का निर्देश दिया. सीएम ने कहा कि मर्डर के आरोपितों को जल्द से जल्द अरेस्ट किया जाए.

60 आवासों पर पुलिसकर्मियों का अवैध कब्जा, नोटिस जारी

तबादला होने के बाद भी है कब्जा, नहीं जमा किया है किराया

GORAKHPUR(10 June): शहर क्षेत्र के नौ थानों में स्थित 60 आवासों पर दूसरे जिलों में तैनात पुलिसकर्मियों का कब्जा है. इसमें कई लोग ऐसे हैं, जिनका तबादला 12 साल पहले हो चुका हैं. एसपी सिटी ने गोरखपुर-बस्ती रेंज में तैनात इन पुलिसकर्मियों से आवास का किराया वसूलने का नोटिस भेजा है.


एसएसपी के आदेश पर पुलिस लाइन व थानों में स्थित सरकारी आवास से अवैध कब्जा खाली कराया जा रहा हैं. पुलिस लाइन के 160 आवास पर दूसरे जिलों में तैनात पुलिसकर्मियों का कब्जा था, जिसे खाली करा लिया गया है. शहर के कैंट, शाहपुर, राजघाट, कोतवाली, खोराबार, गोरखनाथ, तिवारीपुर थाने में स्थित आवास 60 आवास पर लंबे समय से अवैध कब्जा है. एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि एक पुलिसकर्मी को किराए के रूप में पांच से सात लाख रुपये के बीच जमा करना है. दूसरे जिले में तबादला होने के बाद से ही इन लोगों ने निर्धारित किराया नहीं जमा किया है. आवास पर कब्जा करने वाले पुलिसकर्मी जिस जिले में तैनात हैं, वहां रिकवरी का नोटिस भेज दिया गया है. सबके वेतन से कटौती होगी.

गवर्नमेंट क्वार्टर खाली न करने पर बर्खास्त बाबू पर केस

पुलिस लाइन में स्थित सरकारी आवास खाली न करने वाले बर्खास्त बाबू पर कैंट पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है. आरोप है कि कई नोटिस देने के बाद भी उन्होंने आवास खाली नहीं किया. एसएसपी के आदेश पर कार्यवाहक प्रतिसार निरीक्षक ने कैंट थाने में तहरीर दी थी. दारोगा से रिश्वत मांगने के आरोप में एंटी करप्शन की टीम ने एसएसपी कार्यालय के बड़े बाबू ज्ञानेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा था. बाद में विभागीय जांच के बाद उन्हें बर्खास्त कर दिया था, लेकिन पुलिस लाइन में स्थित सरकारी आवास को उन्होंने नहीं छोड़ा है. कार्यवाहक प्रतिसार निरीक्षक (आरआई) कृष्ण सिंह यादव ने कैंट पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि नियमानुसार उन्हें पहले ही सरकारी आवास छोड़ना था. तीन नोटिस देने के बाद भी खाली नहीं कर रहे हैं.



टाइम से ऑफिस आएं अफसर: स्वतंत्रदेव सिंह



gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (10 June): प्रदेश के जलशक्ति मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने अधिकारियों को समय से कार्यालय पहुंचने का निर्देश दिया है. उन्होंने कहा कि जनता की समस्याएं गंभीरता से सुनें और समयबद्ध तरीके से उनका निराकरण करें. विकास कार्यों की प्रगति से जनप्रतिनिधियों को जरूर अवगत कराएं, क्योंकि जनप्रतिनिधि जनता के प्रति जवाबदेह होते हैं.

लोगों की समस्याओं का समय से करें निस्तारण

सरकारी योजनाओं का कराएं प्रचार-प्रसार

प्रभारी मंत्री शुक्रवार को दोपहर बाद एनेक्सी भवन सभागार में जिले के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे. उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराया जाए, जिससे लोग उनके बारे में जान सकें. कोई भी पात्र व्यक्ति पेंशन योजना के लाभ से वंचित नहीं होना चाहिए. प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित हो रहे आवासों की गुणवत्ता की जांच की जाए. पात्रता सूची का सत्यापन जरूर कराया जाए, यदि कोई अपात्र मिलता है तो उसका नाम पात्रता सूची से बाहर कर दिया जाए. किसी भी योजना में किसी कीमत पर बिचौलियों का प्रवेश नहीं होना चाहिए. उन्होंने कहा कि राशन कार्डधारकों को गुणवत्तायुक्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए. इसमें किसी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी. आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डेन कार्ड बनाने के काम में तेजी लाएं, जिससे कोई भी चिकित्सा सुविधा से वंचित न रहने पाए. डाक्टर पूरे समय स्वास्थ्य केंद्रों पर मौजूद रहें. प्रभारी मंत्री ने कहा कि वरासत के मामलों को शिविर लगाकर निपटाया जाए. सरकारी संपत्ति पर यदि कहीं भी अतिक्रमण हो तो उसे तत्काल हटाया जाए और अतिक्रमण करने वालों पर विधिक कार्रवाई की जाए. शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बेहतर रहे. खराब ट्रांसफार्मर को 48 घंटे के भीतर बदल दिया जाए. कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि सड़कों के निर्माण का कार्य जल्द पूरा किया जाए. कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विद्यालयों एवं शिक्षा की स्थिति को सुधारने के लिए तत्पर है. गांवों में जल निकासी की व्यवस्था ठीक की जाए. पंचायत भवनों में पंचायत सहायक, लेखपाल एवं अन्य कर्मी जरूर उपस्थित रहें. उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ के दृष्टिगत बचाव कार्य जून महीने तक जरूर पूरे कर लिए जाएं. महानगर को जलजमाव से मुक्त बनाने के लिए नाले एवं नालियों की सफाई समय से कर लें. जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि बैठक में दिए गए निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन कराया जाएगा. संचालन मुख्य विकास अधिकारी इंद्रजीत सिंह ने किया. बैठक में मंत्री समूह के सदस्य बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह, समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़, सांसद रविकिशन शुक्ल, विधायक महेंद्रपाल सिंह, विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ला, एसएसपी डा. विपिन ताडा आदि उपस्थित रहे.

अवैध शराब समेत 4 शातिर अरेस्ट



GORAKHPUR : आर्मी पब्लिक स्कूल कूड़ाघाट में 10 दिवसीय समर कैंप की शुरुआत शुक्रवार को हुई. प्रिंसिपल विशाल त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कैंप की शुरुआत की. समर कैंप में योगा, डांस, संगीत, आर्ट एंड क्राफ्ट, फुटबॉल, जूडो, क्रिकेट तथा एयरोबिक्स आर्गनाइज किया गया. सभी एक्टीविटीज में 250 बच्चों ने पार्टिसिपेट किया. कैंप में फुटबॉल के प्रभारी पंकज कुमार, जुडो के संदीप कुमार, योगा के सपना सिंह, एयरोबिक्स की जिज्ञासा वैश्य, संगीत की मधु सिंह और गौतम कुमार मिश्रा एवं आर्ट एंड क्राफ्ट की ट्रेनर डॉ. नुपुर श्रीवास्तव थी. कैंप में वाइज प्रिंसिपल सीपी पाण्डेय और कैंप प्रभारी बच्चों को उत्साह बढ़ाते रहे.

घर में घुस कर जानलेवा हमले का केस दर्ज

पिपराइच। पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्राम गुलहरिया निवासी विधांचल निषाद को घर में घुस कर मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार की शाम दो लोंगों पर केस दर्ज किया है।

घायल की पत्नी सुनीता देवी ने बताया कि गुलहरिया गांव से 8 जून को मेरे पति पिपराइच के पोखरभिण्डा गांवबारात गये थे। जहां गांव के ही रामजतन उर्फ कोईल व पंकज से कुछ बात को लेकर विवाद हो गया।मेरे पति बारात से रात को वापस घर लौटे तो दोनों ने घर में घूस कर मार पीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया।

धोखाधड़ी के आरोप में भेजा गया जेल

पिपराइच। फर्जी तरीके से भूमि रजिस्ट्री के मामले में गुलहरिया थाना क्षेत्र के जंगल अयोध्या प्रसाद निवासी जोगिन्दर निषाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पादरी बाजार निवासी लक्ष्मन प्रसाद पर दो साल पहले तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया था।

सीएम पर टिप्पणी करने वाला दबोचा

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। युवक ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री के बारे में आपत्तिजनक बातें लिखी थीं। पुलिस की पूछताछ में पता चला है कि आरोपी यूट्यूब चैनल चलाता है। वह खुद को पत्रकार भी बताता है।

जानकारी के मुताबिक सोशल मीडिया पर एक युवक ने मुख्यमंत्री के खिलाफ कई आपत्तिजनक बातें लिखी थी। इसकी जानकारी होने पर एक अधिवक्ता ने कैंट पुलिस से शिकायत की। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी और पैडलेगंज के पास से हिरासत में ले लिया। पुलिस ने पोस्ट को डिलीट कराकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। आरोपित पर केस दर्ज कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

जुमा की नमाज के वक्त भी अफसरों ने शहर में किया भ्रमण, संवेदनशील चौराहों पर तैनात रही फोर्स

शांतिपूर्ण हुई नमाज, बंद रहा शाहमारुफ

सतर्कता

गोरखपुर,वरिष्ठ संवाददाता। पुलिस फोर्स की मुस्तैदी के साथ ही मुस्लिम धर्म गुरुओं और मौलवी से सम्पर्क कर गोरखपुर पुलिस-प्रशासन जुमे की नमाज के बाद अपने यहां किसी भी तरह के प्रदर्शन व नारेबाजी पर रोक लगाने में कामयाब रही।

प्रदेश के कुछ जिलों में जहां प्रदर्शन और नारेबाजी हुई वहीं गोरखपुर में पूरी तरह से शांति रही। मुस्लिम समाज के लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से जुमे की नमाज अदा की और अपने घर चले गए। हालांकि कोतवाली इलाके के शाहमारूफ में विरोध स्वरूप कुछ दुकानें जरूर बंद रही पर सब कुछ शांतिपूर्ण रहा। संवदेनशील इलाकों में पुलिस पूरे दिन तैनात रही। ड्रोन से भी निगरानी होती रही। एडीजी अखिल कुमार, एसएसपी डा. विपिन ताडा, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने शहर में भ्रमण कर लोगों से लगातार शांति बनाए रखने की अपील की।

शहर में दोपहर बाद यानी करीब 12.20 से लेकर 2.45 बजे तक शहर के विभिन्न मस्जिदों में जुमे की नमाज पढ़ी जाती है। पिछले जुमे को कानपुर में पथराव और प्रदर्शन के बाद इस बार गोरखपुर पुलिस पहले से अलर्ट थी। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने गुरुवार को कई धर्म गुरुओं के साथ ही अमन पर भरोसा रखने वाले लोगों से बात की और जुमे की नमाज के बाद शांतिपूर्वक नमाजियों के घर भेजने में मदद को लेकर अपील की। वहीं ऐसे लोग जो मौके का फायदा उठाकर उपद्रव फैला सकते थे, उन्हें हिदायत भी दी गई।

एहतियातन संवदेनशील इलाकों के चौराहों तथा मस्जिद के पास पुलिस फोर्स तैनात की गई। सीसीए के दौरान शहर के जामा मस्जिद से विवाद शुरू हुआ था। लिहाजा जामा मस्जिद के साथ ही मदीना मस्जिद पास जहां भारी संख्या में फोर्स तैनात रही। इसके अलावा कोतवाली, तिवारीपुर, राजघाट और गोरखनाथ इलाके में फोर्स ने पैदल मार्च किया। इस दौरान ड्रोन से भी निगरानी होती रही। एडीजी अखिल कुमार, एसएसपी डॉ. विपिन ताडा, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई भी इलाके में भ्रमण करते रहे और पुलिसकर्मियों को निर्देश देते रहे।

काम आई पुलिस की तैयारी: कानपुर हिंसा को देखते हुए गोरखपुर में भी जुमे की नमाज को लेकर हाई अलर्ट था। गुरुवार से ही पुलिस अफसरों ने तैयारी शुरू कर दी थी। अफसरों ने थानेदार और बीट के सिपाहियों से हर थाने के पीस कमेटी के सदस्यों के अलावा व मुस्लिम धर्म गुरुओं, मौलवी आदि से बातचीत करने को कहा। एसएसपी और एडीजी ने खुद भी कई लोगों से बात की। एलआईयू को सक्रिया गया गया। ड्रोन से निगरानी शुरू करा दी गई। शुक्रवार की सुबह से ही प्रमुख मस्जिद के पास फोर्स तैनात कर दी गई। ऐसे लोग जो उपद्रव कर सकते थे उन्हें पहले ही नोटिस थमा दिया गया था।

शाहमारूफ में दुकानें बंद रही: शाहमारूफ के दुकानदारों ने अपनी दुकानें सुबह से हीं बंद रखीं। उनलोगों ने दुकानें बंद कर अपना विरोध दर्ज कराया। हालांकि इस दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। लोग नमाज अदा कर अपने अपने घरों को चले गए। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने बताया कि जुमे की नमाज को लेकर गुरुवार से ही तैयारी की गई थी। अतिरिक्त फोर्स मंगा ली गई थी। पूरा नमाज शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ।



शुक्रवार को विरोध स्वरूप शाहमारूफ में बंद रही दुकानें । ●हिन्दुस्तान



शुक्रवार को उर्दू बाजार जामा मस्जिद में जुमे की नमाज अदा कर निकलते नमाजी।

राहत

- एडीजी और एसएसपी ने सबसे रखा सम्पर्क
- पुलिस प्रदर्शन व नारेबाजी पर रोक लगाने में कामयाब रही

सामूहिक दुआ मांगी गई

जामा मस्जिद उर्दू बाजार, हकीम वसी अहमद मस्जिद शाह मारूफ, मरकजी मदीना जामा मस्जिद रेती रोड, नखास चौक पर एहतियातन ज्यादा पुलिस नजर आई। शहर की सभी मस्जिदें नमाजियों से भरी रहीं। जुमा की नमाज के बाद प्रशासन ने राहत की सांस लीं। जिला शांति सद्भावना कमेटी के सदस्य शाकिर अली सलमानी, मो असलम खान, मुफ्ती मोहम्मद अजहर शम्सी, मुफ्ती अख़्तर हुसैन शांति की अपील करते दिखे।

दुष्कर्म के आरोपित को मिली 10 साल की सजा

गोरखपुर। नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कोर्ट रोहित सिंह ने कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के बरगदही टोला सेमररहिया निवासी अभियुक्त अली उर्फ अनवर अली को 10 साल के कठोर कारावास तथा 1.70 लाख रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान एवं विशेष लोक अभियोजक का कहना था कि 21 अक्टूबर 2019 की रात करीब 2 से 3 बजे के बीच अभियुक्त ने पीड़िता को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया था। केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार किया था।

विस्फोटक रखने पर एक साल की सजा

गोरखपुर। अवैध विस्फोटक पदार्थ रखने के जुर्म में अपर सत्र न्यायाधीश जयप्रकाश ने कोतवाली थाना क्षेत्र के खुनीपुर निवासी अभियुक्त सादकीन अली को एक वर्ष के कारावास एवं तीन हजार रुपया अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर दो माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मनीष मिश्रा का कहना था कि दो नवम्बर 2001 को प्रभारी रामनगीना राय अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में मौजूद थे। पुलिस वालों ने उसके घर दबिश दी और वहां से काफी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ बरामद किया था।

थानों के आवास पर कब्जा, नोटिस

गोरखपुर। शहर क्षेत्र के नौ थानों में स्थित 60 आवासों पर दूसरे जिले में तैनात पुलिसकर्मियों का कब्जा है। इसमें कई लोग ऐसे हैं जिनका तबादला 12 साल पहले हो चुका है। एसपी सिटी ने गोरखपुर-बस्ती रेंज में तैनात इन पुलिसकर्मियों से आवास का किराया वसूलने का नोटिस भेजा है।

एसएसपी के आदेश पर पुलिस लाइन व थानों में स्थित सरकारी आवास से अवैध कब्जा खाली कराया जा रहा है। पुलिस लाइन के 160 आवास पर दूसरे जिले में तैनात पुलिसकर्मियों का कब्जा था, जिसे खाली करा लिया गया है। शहर के कैंट, शाहपुर, राजघाट, कोतवाली, खोराबार, गोरखनाथ, तिवारीपुर में स्थित आवास 60 आवास पर लंबे समय से अवैध कब्जा है।

सरकारी आवास खाली न करने पर बड़े बाबू पर केस

- ज्ञानेन्द्र सिंह को घूस लेने के मामले में सेवा से किया जा चुका है बर्खास्त
- छह बार नोटिस जारी करने के बाद भी नहीं किया है आवास खाली

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। घूस लेने के मामले में सेवा से बर्खास्त हो चुके बड़े बाबू (हेड क्लर्क) ज्ञानेन्द्र सिंह के खिलाफ कैंट पुलिस ने सरकारी आवास खाली न करने पर मुकदमा दर्ज किया है। ज्ञानेन्द्र सिंह को आवास खाली करने के लिए छह बार पुलिस लाइंस से नोटिस भेजा जा चुका है पर इसका उन्होंने संज्ञान नहीं लिया। कैंट पुलिस ने धारा 409 के तहत केस दर्ज किया है।

गोरखपुर पुलिस कार्यालय में बड़े बाबू पद पर तैनात रहे ज्ञानेन्द्र सिंह का पुलिस लाइंस में टाइप तृतीय 1 में सेवा के दौरान सरकारी आवास एलाट हुआ था। जून 2019 में ज्ञानेन्द्र सिंह को एक दरोगा से चिकित्सा प्रतिपूर्ति के भुगतान के लिए घूस लेने के मामले में लखनऊ की एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। ज्ञानेन्द्र सिंह के खिलाफ कैंट थाने में भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया गया था। जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद विभाग ने ज्ञानेन्द्र बाबू के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट शासन को भेज दी थी। शासन ने उन्हें वर्ष 2020 में नौकरी से बर्खास्त कर दिया। बर्खास्त होने के बाद भी ज्ञानेन्द्र सिंह ने पुलिस लाइंस में स्थित सरकारी आवास खाली नहीं किया था।

अफसर समय से अपने दफ्तर में उपस्थित रहें

बोले स्वतंत्रदेव

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। प्रदेश के जल शक्ति मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान समय से एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से करें। सभी कार्यालयों के अधिकारी समय से अपने कार्यालय में उपस्थित रहें ताकि आमजन को इधर-उधर भटकना न पड़े। कहा कि टीम भावना के साथ कार्य करने से ही सार्थक परिणाम सामने आएंगे। सिंह ये यह बातें शुक्रवार को एनेक्सी भवन सभागार में विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कहीं।

पेंशन की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति पेंशन योजना से वंचित नही होना चाहिए। प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के कार्य की गुणवत्ता की जांच करायी जाये तथा योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों को मिले और सत्यापन के बाद अपात्रों का नाम सूची से बाहर कर दिया जाए। खाद्यान्न वितरण प्रणाली की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिये कि राशन कार्ड धारकों को गुणवत्तायुक्त एवं निर्धारित मानक के अनुसार खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाये। आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डेन कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाई जाएं। स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों की उपस्थिति अवश्य बनी रहे। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि वरासत के मामलों को प्रमुखता के आधार पर शिविर आयोजित कर निपटाया जाये और चकरोट, तालाब के पट्टों आदि के मामले विधिक प्रक्रिया के तहत निस्तारित किया जायें। संचालन मुख्य विकास अधिकारी इंद्रजीत सिंह ने किया। इस दौरान बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह, समाज कल्याण राज्य मंत्री सजीव कुमार गौड़, सदर सांसद रवि किशन शुक्ला, विधायक महेन्द्र पाल सिंह, विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ला, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. विपिन ताडा आदि उपस्थित रहे।



शुक्रवार को बाढ़ नियंत्रण पर बैठक करते जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह।

कार्यालय कार्यकर्ताओं का मंदिर

गोरखपुर। गरीब कल्याण मेला को संबोधित करते भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि भाजपा का कार्यालय कार्यकर्ताओं का मंदिर है। कार्यालय पत्थरों की इमारत नहीं बल्कि कार्यकर्ताओं के कठोर परिश्रम का प्रतिफल है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया। संचालन भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने किया।

जनता दर्शन | गोरखनाथ मंदिर स्थित हिन्दू सेवाश्रम में मुख्यमंत्री ने सुनीं जनता की समस्याएं, पुराने मामलों का निस्तारण न होने पर पुलिस की कार्यप्रणाली पर जताई नाराजगी

सीएम की हिदायत, शिकायतों के समाधान की समीक्षा भी करें अधिकारी

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को हिदायत दी कि जनता दर्शन में आने वाली शिकायतें लंबित न रहें। शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कर उसकी समीक्षा करें।

सीएम शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर के हिन्दू सेवाश्रम में जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुन रहे थे। सुबह 8 बजे से जनता दर्शन में उन्होंने 150 फरियादियों की समस्याएं सुनीं। एक-एक कर सभी के पास पहुंचे और आवेदन लेकर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दौरे के मद्देनजर सीएम योगी आदित्यनाथ जनता दर्शन से जल्द निकल गए। तकरीबन 750 लोगों की शिकायतों का संज्ञान प्रशासनिक अधिकारियों ने यात्री निवास एवं हिन्दू सेवाश्रम मिला कर लिया। योगी ने जनता दर्शन में आई दिव्यांग युवती का भी उत्साह बढ़ाया। एण्डलायुक्त रवि कुमार एनजी, डीआईजी जे रविंद्र गौड, डीएम कृष्णा करूणेश, एसएसपी विपिन ताडा, एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई, सीएम कैंप कार्यालय के ओएसडी मोतीलाल सिंह, अजय सिंह आदि मौजूद रहे।



गोरखनाथ मन्दिर के हिन्दू सेवाश्रम में फरियादियों की फरियाद सुनते सीएम योगी।

आरोप-हत्यारों से मिल गई है पुलिस

चिलुआताल इलाके के अमवा की रहने वाल जलुसा देवी ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके पति जुगानी निषाद की तीन महीने पहले गांव के ही कुछ लोगों ने हत्या कर दी। चिलुआताल पुलिस हत्यारों से ही मिल गई, तीन महीने बीत जाने के बाद भी हत्यारे बेखौफ घूमते हुए धमका रहे हैं। लेकिन पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है। कई बार इसकी शिकायत थाना और पुलिस अधिकारियों से भी की, लेकिन कोई मदद नहीं मिली।

महाराजजी! भाई के हत्यारों पर कार्रवाई नहीं

शुक्रवार को जनता दर्शन में पहुंची विमलावती देवी ने सीएम योगी आदित्यनाथ से गुहार लगाई कि 25 मई की सुबह करमहां बुजुर्ग निवासी उसके भाई पुर्नवासी निषाद का शव घर के बरामदे में चारपायी पर मिला। विमलावती ने बताया कि गुलरिहा थाना को भाई की पत्नी और उसके मायके वालों के खिलाफ तहरीर दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उसके बताया कि उसकी भाभी जौनपुर के महुअवां टोला निवासी शोभा देवी ने भाई की सभी जमीन अपने नाम करा रजिस्ट्री करा ली थी।

बच्चों को देख उमड़ा योगी का प्यार : योगी जनता दर्शन में महिलाओं के साथ उनकी गोद में छोटे बच्चों को देख कर भावुक हो गए। उन्होंने तत्काल बच्चों के लिए चाकलेट मंगाया। उनकी वर्षो पुरानी टॉफी बाबा की छवि एक बार फिर स्मरण हो आई।

6 साल के बेटे के हत्यारों पकड़ से दूर : बांसगांव इलाके के सिरसिवा की रहने वाली चंदा देवी ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई कि उनके 6 साल के बेटे लक्ष्य उर्फ गोलू की 2 अप्रैल 2022 को अपहरण कर बेरहमी से हत्या कर दी गई। लेकिन पुलिस अब तक हत्यारों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। सीएम ने एसएसपी विपिन ताडा को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया

अमन पर आंच

- विवादित बोल से नाराज हजारों मुस्लिमों ने किया पथराव, प्रयागराज में आईजी-डीएम घायल
- अम्बेडकरनगर, सहारनपुर, मुरादाबाद और हाथरस में पुलिस का लाठीचार्ज, गोरखपुर शांत

जुमे की नमाज के बाद बवाल

10 गाड़ियों में प्रयागराज में में लगा दी गई आग पीएसी ट्रक भी फूंका

02 घंटे तक सहारनपुर में वाहनों के जाम से अफरातफरी मची

04 घंटे में प्रयागराज में काबू हुए उपद्रवी, आंसू गैस के गोले छोड़े गए

- 130 कंपनी पीएसी यूपी के विभिन्न जिलों में लगाई गई



शुक्रवार को दोपहर की नमाज के बाद प्रयागराज में अटाला चौराहे पर आरएएफ जवानों के सामने पत्थर फेंकते उपद्रवी। ● सत्यम श्रीवास्तव

प्रयागराज/लखनऊ, हिटी। नूपुर शर्मा के विवादित बयान के विरोध में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद यूपी के कई जिलों में प्रदर्शन हुए। प्रयागराज में प्रदर्शन हिंसक हो जाने के बाद पुलिस को हवाई फायरिंग करनी पड़ी। आगजनी के बाद पत्थरबाजी में आईजी, डीएम व एसएसपी के अलावा कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए।

अम्बेडकरनगर, सहारनपुर, मुरादाबाद व हाथरस में भी पुलिस को लाठीचार्ज कर उपद्रवियों को तितर-बितर करना पड़ा। देवबंद में भी जमकर हंगामा हुआ। सिद्धार्थनगर जिले के डुमरियागंज और शोहरतगढ़ में जुमे की नमाज के बाद नमाजियों ने कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। वहीं गोरखपुर-बस्ती में शांति रही। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी और कार्यवाहक डीजीपी डॉ. डीएस चौहान ने हिंसा करने वालों के साथ सख्ती से पेश आने का निर्देश दिया है।

सुरक्षा के व्यापक प्रबंध: एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने दावा किया कि पूरे प्रदेश में व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। जिलों में 130 कंपनी पीएसी लगाई गई हैं।

वाहनों में तोड़फोड़ की : प्रयागराज में प्रदर्शनकारियों पर काबू पाने में चार घंटे लगे। वहां अटाला में पथराव कर प्रदर्शनकारी नुरुल्ला रोड के बैसिर तिराहे पर आगजनी कर दी। सड़क किनारे कई वाहनों में भी तोड़फोड़ की। पुलिस पर पत्थरबाजी करते रहे। आगजनी व पथराव को रोकने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने के साथ ही हवाई फायरिंग भी करनी पड़ी। इस दौरान अधिकारियों समेत कई पुलिस कर्मियों को चोटें भी आईं।

मुरादाबाद में भी उग्र भीड़ के प्रदर्शन के कारण पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। हालांकि रामपुर, अमरोहा व संभल में नमाज शांतिपूर्वक अदा हुई। बिजनौर में सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि हाथरस के पुरदिलनगर में प्रदर्शनकारियों व पुलिस में झड़प हुई। अलीगढ़ में मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में बाजार बंद रहे तो फिरोजाबाद में काले झंडे लहराए गए। वहीं वाराणसी, आजमगढ़ और मऊ के कुछ इलाकों में भी दुकानें बंद रहीं।

संबंधित खबरें P10

यूपी में बवालियों पर बरसीं लाठियां, 136 गिरफ्तार

लखनऊ। जुमे की नमाज के बाद सहारनपुर, मुरादाबाद, प्रयागराज व हाथरस में पुलिस ने बवालियों को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले छोड़े। प्रदेश में अब तक 136 प्रदर्शनकारी गिरफ्तार किए गए हैं। सहारनपुर में 38 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी और कार्यवाहक डीजीपी डॉ. डीएस चौहान ने हिंसा करने वालों के साथ सख्ती से पेश आने का निर्देश दिया है। कार्यवाहक डीजीपी ने कहा कि पुलिस ने संयम के साथ सख्ती बरती, लेकिन कानून तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि सभी जिलों में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। हिंसा व आगजनी में शामिल उपद्रवियों की गिरफ्तारी शुरू हो गई है। वीडियो से भी उपद्रवी चिह्नित किए जा रहे हैं।

शांति-व्यवस्था भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई: योगी

लखनऊ। प्रयागराज समेत कुछ शहरों में हुए हिंसक प्रदर्शनों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा है कि शांति-व्यवस्था भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। जहां-जहां शांति-व्यवस्था भंग हुई है वहां सख्त कार्रवाई करते हुए सभी स्थानों की कड़ी मॉनिटरिंग की जाए।

मुख्यमंत्री ने ये निर्देश शुक्रवार की शाम अपने आवास पर हुई उच्चस्तरीय बैठक में दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश के शांति प्रिय माहौल को जो भी खराब करने की कोशिश करे उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें।



रांची : दो लोगों की मौत

शुक्रवार को कई शहरों में जमकर बवाल हुआ। रांची में जुमे की नमाज के बाद भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया। पुलिस की फायरिंग में दो लोगों की मौत हो गई।

पश्चिम बंगाल : आगजनी

हावड़ा में प्रदर्शनकारियों ने कई वाहनों में तोड़फोड़ की और आग लगा दी। कोलकाता में भी प्रदर्शन, पत्थरबाजी और फायरिंग। कई जगह दुकानों में लूट की खबरें। हावड़ा में प्रदर्शनकारी रेल ट्रैक पर बैठ गए हैं, जिससे रेल यातायात रुक गया।

दिल्ली : मस्जिद पर प्रदर्शन

दिल्ली की जामा मस्जिद पर जुमे की नमाज के बाद लोगों ने भारी विरोध प्रदर्शन किया। शाही इमाम ने कहा कि कुछ लोगों ने नमाज के बाद नारेबाजी की और भीड़ जमा हो गई।

पंजाब : 100 जगह विरोध

पंजाब में 100 से अधिक स्थानों पर प्रदर्शन, महाराष्ट्र के कई शहरों में लोग सड़क पर उतर आए। हैदराबाद में मस्जिद के बाहर प्रदर्शन हुआ। जम्मू-कश्मीर में कहीं कर्फ्यू तो कहीं इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं।

ढाका : रैली निकाली

शुक्रवार को बांग्लादेश के कई शहरों में सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने रैली निकाली और नारेबाजी की। उन्होंने बांग्लादेशी सरकार से अपमानजनक टिप्पणी की निंदा करने की मांग की।

दहेज हत्या के आरोप में पति व ससुर गिरफ्तार



जागरण संवाददाता, खजनी : दहेज हत्या के आरोप में खजनी पुलिस ने शुक्रवार दोपहर मृतका के पति व ससुर को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था।

खजनी थाने के मेउड़ी निवासी देवानंद यादव की पत्नी का गुरुवार को कमरे में फंदे से लटकता शव मिला था। पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर पति, ससुर व जेठानी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया था। शुक्रवार को पुलिस ने देवानंद व उसके पिता बोधई यादव को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक इकरार अहमद ने बताया दो आरोपितों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।

एक आरोपित शेष है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार करके जेल भेज दिया जाएगा।

धोखाधड़ी का आरोपित भेजा गया जेल

पिपराइच : फर्जी भूमि बैनामे के आरोप में शुक्रवार को पिपराइच थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। आरोपित जोगिन्दर निषाद गुलरिहा थाने के जंगल अयोध्या प्रसाद का रहने वाला है। पादरी बाजार निवासी लक्ष्मन प्रसाद ने दो साल पहले पिपराइच थाने में तीन लोगों के विरुद्ध जालसाजी का मुकदमा दर्ज कया था। इसमें पुलिस ने आरोपित बब्बुन निषाद सहित गवाह दिग्विजय व जोगिन्दर पर मुकदमा दर्ज किया था।

विस्फोटक पदार्थ रखने के आरोपित को कारावास

जासं, गोरखपुर: विस्फोटक पदार्थ रखने के जुर्म में अपर सत्र न्यायाधीश जयप्रकाश ने कोतवाली थाना क्षेत्र के खूनीपुर निवासी अभियुक्त सादकीन अली को एक वर्ष के कारावास व तीन हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को दो माह का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मनीष मिश्रा का कहना था कि दो नवंबर 2001 को प्रभारी रामनगीना राय अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में थे। खूनीपुर मोहल्ले में सादकीन अली द्वारा अपने मकान में अवैध रूप से बड़ी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ व पटाखा रखकर बेचने की सूचना मिली। पुलिसवालों ने उसके घर पर दबिश दी और वहां से बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया गया।

60 पुलिसकर्मियों के वेतन से कटेगा किराया

एसपी सिटी ने आवास खाली न करने वाले पुलिसकर्मियों को रिकवरी नोटिस भेजा

जासं, गोरखपुर : शहर क्षेत्र के नौ थानों में स्थित 60 आवासों पर दूसरे जिलों में तैनात पुलिसकर्मियों का कब्जा है। इसमें कई लोग ऐसे हैं, जिनका तबादला 12 साल पहले हो चुका है। एसपी सिटी ने गोरखपुर-बस्ती रेंज में तैनात इन पुलिसकर्मियों से आवास का किराया वसूलने का नोटिस भेजा है।

एसएसपी के आदेश पर पुलिस लाइन व थानों में स्थित सरकारी आवास से अवैध कब्जा खाली कराया जा रहा है। पुलिस लाइन के 160 आवास पर दूसरे जिलों में तैनात पुलिसकर्मियों का कब्जा था, जिसे खाली करा लिया गया है। शहर के कैंट, शाहपुर, राजघाट, कोतवाली, खोराबार, गोरखनाथ, तिवारीपुर थाने



- तबादला होने के बाद भी थाने के 60 आवासों पर है कब्जा, नहीं जमा किया है किराया
- कैंट, शाहपुर, राजघाट, कोतवाली, खोराबार, गोरखनाथ, तिवारीपुर थाने के आवासों पर है कब्जा

में स्थित आवास 60 आवास पर लंबे समय से अवैध कब्जा है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि एक पुलिसकर्मी को किराए के रूप में पांच से सात लाख रुपये के बीच जमा करना है।

दूसरे जिले में तबादला होने के बाद से ही इन लोगों ने निर्धारित किराया नहीं जमा किया है। आवास पर कब्जा करने वाले पुलिसकर्मी जिस जिले में तैनात हैं, वहां रिकवरी का नोटिस भेज दिया गया है। सबके वेतन से कटौती होगी।

सरकारी आवास खाली न करने पर बर्खास्त बाबू पर मुकदमा

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : पुलिस लाइन में स्थित सरकारी आवास खाली न करने वाले बर्खास्त बाबू पर कैंट पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि कई नोटिस देने के बाद भी उन्होंने आवास खाली नहीं किया। एसएसपी के आदेश पर कार्यवाहक प्रतिसार निरीक्षक ने कैंट थाने में तहरीर दी थी। दारोगा से रिश्वत मांगने के आरोप में एंटी करप्शन की टीम ने एसएसपी कार्यालय के बड़े बाबू ज्ञानेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। बाद में विभागीय जांच के बाद उन्हें बर्खास्त कर दिया था, लेकिन पुलिस लाइन में स्थित सरकारी आवास को उन्होंने नहीं छोड़ा है। कार्यवाहक प्रतिसार निरीक्षक (आरआइ) कृष्ण सिंह यादव ने कैंट पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि नियमानुसार उन्हें पहले ही सरकारी आवास छोड़ना था। तीन नोटिस देने के बाद भी खाली नहीं कर रहे हैं।

काल डिटेल से दबोचे जाएंगे जंगल के 'वीरप्पन'

जितेन्द्र पाण्डेय ● गोरखपुर

अवैध कटान से जंगल को खोखला करने वाले 'वीरप्पन' को लेकर अब पुलिस भी गंभीर हो गई है। वह जंगल में काम करने वाले लोगों की काल डिटेल निकलवाएगी और पेड़ की अवैध कटान करके देवरिया, कुशीनगर व बिहार में लकड़ियों की सप्लाई करने वाले वीरप्पन को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

अवैध कटान को लेकर खोराबार थाने में मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने अपनी छानबीन तेज कर दी है। पुलिस का मानना है कि जंगल में अवैध कटान का मामला नया नहीं

- अवैध कटान से खोखला होता जा रहा कुसम्ही जंगल
- देवरिया व कुशीनगर से बरामद हुए चोरी गए सागौन के बोटे



है। नामजद आरोपितों के जरिये वह पूरे रैकेट का पर्दाफाश करेगी। साथ ही यह जानने की कोशिश करेगी कि सिर्फ तिनकोनियां रेंज की रजही बीट में ही क्यों हजारों की संख्या में पेड़ गिर रहे हैं? इसके पीछे कहीं तस्करों व वनकर्मियों का गठजोड़ तो नहीं है। पुलिस का यह संदेह निर्मूल नहीं है। जंगल में 12 पेड़ों की कटान के बाद वन विभाग की टीम ने छानबीन शुरू की तो उसे सागौन के 18 बोटे देवरिया जिले के गौरी बाजार स्थित एक भट्ठे के पास मिले। वहां से कुछ ही दूरी पर वन निगम के आरोपित ठीकेदार विजय पुत्र भीम सिंह का घर है। कहीं वही तो जंगल से अवैध कटान नहीं करा रहा है, इसमें वन विभाग की भी भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। सागौन के बोटे सिर्फ देवरिया में ही नहीं, बल्कि कुशीनगर के माढ़ापार ढाबे में भी मिले हैं। ढाबे से बुधवार को वन विभाग की टीम को चार बोटे मिले हैं। वन विभाग की टीम का दावा है कि चारों बोटे उसी पेड़ के हैं, जो जंगल से काटे गए थे।

यह था मामला: सप्ताहभर से डीएफओ विकास कुमार को जंगल में अवैध कटान की सूचना मिल रही थी। इसे लेकर उन्होंने चार दिनों तक जंगल में कैंप भी किया। रविवार की रात उन्होंने रजही बीट के कंपार्टमेंट नंबर सात का निरीक्षण किया तो वहां से सागौन के 12 पेड़ कटे हुए थे। इसे लेकर उन्होंने फारेस्टर को निलंबित कर दिया। वाचर को बर्खास्त कर दिया। निलंबन के लिए तिनकोनिया रेंजर का अनुग्रह पत्र लखनऊ भेज दिया गया है। ठीकेदार सहित तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है।

बड़े खेल का हो सकता है पर्दाफाश

अवैध कटान को लेकर वन विभाग की टीम जंगल में छानबीन कर रही है। प्रथमदृष्टया कुछ और पेड़ों की कटान का मामला सामने आया है। हालांकि अभी वन विभाग इस दिशा में स्पष्ट रूप से कुछ नहीं कह रहा है।

> जंगल में पेड़ काटने वाले तस्करों के गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा। पुलिस सभी बिंदुओं पर काम कर रही है। इसमें सर्विलांस की भी मदद ली जाएगी।
> कृष्ण कुमार विश्नोई
> पुलिस अधीक्षक नगर

पुलिस की निगरानी में हुई नमाज

जुमे की नमाज के बाद शाहमारुफ के व्यापारियों ने बंद कर दीं अपनी-अपनी दुकानें

- एडीजी ने भ्रमण कर लिया स्थिति का जायजा, धर्मगुरुओं से की बात
- कोतवाली, राजघाट व तिवारीपुर क्षेत्र में गुरुवार से ही भ्रमणशील थी पुलिस

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : पुलिस की निगरानी में शुक्रवार को शहर व ग्रामीण क्षेत्र की सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज हुई। पैगम्बर पर टिप्पणी के विरोध में दोपहर में शाहमारुफ के व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। जानकारी होने पर अधिकारियों के साथ कोतवाली पुलिस पहुंच गई। धर्मगुरुओं व स्थानीय लोगों से बातचीत कर शांतिपूर्वक तरीके से जुमे की नमाज कराई। एहतियात के तौर पर कोतवाली, राजघाट, तिवारीपुर व गोरखनाथ क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों पर पुलिस गश्त कर रही है।

जुमे की नमाज के दौरान शुक्रवार को कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर गुरुवार से ही पुलिस तैयारी में जुटी थी। दोपहर में शांति कमेटी की बैठक के बाद धर्मगुरुओं से पुलिस अधिकारी, थानेदार व चौकी प्रभारी ने संवाद किया।



घंटाघर स्थित जामा मस्जिद में जुमे की नमाज पढ़कर निकलते मुस्लिम ● जागरण

शाम को सभी संवेदनशील स्थानों पर फोर्स के साथ एसपी सिटी ने गश्त की, जिसका असर सभी जगह दिखा। शाहमारुफ के दुकानदारों ने नूपुर शर्मा की गिरफ्तारी की मांग करते हुए विरोध में अपनी दुकानें बंद कर दीं। जानकारी होने पर फोर्स के साथ प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कल्याण सिंह सागर पहुंच गए।

जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न होने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली। दोपहर में फोर्स के साथ पहुंचे एडीजी जोन अखिल कुमार ने धर्मगुरुओं व स्थानीय लोगों से बातचीत की। उन्हें समझाया कि अफवाह पर ध्यान न दें, शांति बनाए रखें। नमाज के बाद सभी लोग अपने घर जाएं।

समय से कार्यालय आएं अधिकारी व कर्मचारी : स्वतंत्रदेव सिंह

- लोगों की समस्याओं का समय से करें निस्तारण, न बरतें लापरवाही
- सरकारी योजनाओं का कराएं प्रचार प्रसार, सबको मिले लाभ

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : प्रदेश के जलशक्ति मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने अधिकारियों को समय से कार्यालय पहुंचने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याएं गंभीरता से सुनें और समयबद्ध तरीके से उनका निराकरण करें। विकास कार्यों की प्रगति से जनप्रतिनिधियों को जरूर अवगत कराएं, क्योंकि जनप्रतिनिधि जनता के प्रति जवाबदेह होते हैं।

प्रभारी मंत्री शुक्रवार को दोपहर बाद एनेक्सी भवन सभागार में जिले के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराया जाए, जिससे लोग उनके बारे में जान सकें। कोई भी पात्र व्यक्ति पेंशन योजना के लाभ से वंचित नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित हो रहे आवासों की गुणवत्ता की जांच की जाए।

पात्रता सूची का सत्यापन जरूर कराया जाए, यदि कोई अपात्र मिलता है तो उसका नाम पात्रता सूची से बाहर कर दिया जाए। किसी भी योजना में किसी कीमत पर बिचौलियों का प्रवेश नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राशन कार्डधारकों को गुणवत्तायुक्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। इसमें किसी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डेन कार्ड बनाने के काम में तेजी लाएं, जिससे कोई भी चिकित्सा सुविधा से वंचित न रहने पाए। डाक्टर पूरे समय स्वास्थ्य केंद्रों पर मौजूद रहें। प्रभारी मंत्री ने कहा कि वरासत के मामलों को शिविर लगाकर निपटाया जाए। सरकारी संपत्ति पर यदि कहीं भी अतिक्रमण हो तो उसे तत्काल हटाया जाए और अतिक्रमण करने वालों पर विधिक कार्रवाई की जाए। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बेहतर रहे। खराब ट्रांसफार्मर को 48 घंटे के भीतर बदल दिया जाए।



एनेक्सी भवन में गोरखपुर जनपद की समीक्षा बैठक करते बाएं से बेसिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, समाज कल्याण मंत्री संजीव कुमार गौड़ विधायक महेन्द्र पाल सिंह व बिपिन सिंह ● जागरण

कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि सड़कों के निर्माण का कार्य जल्द पूरा किया जाए। कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा विद्यालयों एवं शिक्षा की स्थिति को सुधारने के लिए तत्पर है। गांवों में जल निकासी की व्यवस्था ठीक की जाए। पंचायत भवनों में पंचायत सहायक, लेखपाल एवं अन्य कर्मी जरूर उपस्थित रहें। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ के दृष्टिगत बचाव कार्य जून महीने तक जरूर पूरे कर लिए जाएं। महानगर को जलजमाव से मुक्त बनाने के लिए नाले एवं नालियों की सफाई समय से कर लें।

जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि बैठक में दिए गए निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन कराया जाएगा। संचालन मुख्य विकास अधिकारी इंद्रजीत सिंह ने किया। बैठक में मंत्री समूह के सदस्य बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह, समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़, सांसद रविकिशन शुक्ल, विधायक महेंद्रपाल सिंह, विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ला, एसएसपी डा. विपिन ताडा आदि उपस्थित रहे।

बिना भेदभाव के सबके लिए विकास कर रही सरकार

जागरण संवाददाता, कुसुम्ही बाजार : जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार ने गांव के संपूर्ण विकास के लिए 32 कर्मचारियों को नियुक्त किया है। विकास के लिए बहुत सारी योजनाएं चलाई हैं। विकास कार्यों की समीक्षा के लिए तीन-तीन मंत्री गांव में पहुंच कर लोगों से मिलकर समस्याएं पूछ रहे हैं। यह सिर्फ योगी सरकार में ही संभव है। जलशक्ति मंत्री शुक्रवार को पिपराइच के आराजी बसडीला गांव में चौपाल की अध्यक्षता करते हुए लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने उपस्थित लोगों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया और गांव के विकास में संपूर्ण सहयोग देने की अपील की। साथ ही गांव के लोगों से समस्याओं पर संवाद किया तथा अधिकारियों को अविलंब इसे निस्तारित करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम सचिवालय के प्रांगण में पौधारोपण के साथ हुआ। इसके बाद अन्नप्राशन योजना के तहत बच्चों को अन्न खिलाकर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई भी की।

इस अवसर पर साथ में रहे बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही किसी भी गांव का सही विकास हो सकता है। इसके लिए जरूरी है कि गांव के हर बच्चे का नामांकन विद्यालय में हो।

कार्यक्रम में आए समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार ने कहा कि हमारी सरकार सबके साथ सबके विश्वास के साथ काम कर रही हैं। इस अवसर पर पिपराइच के विधायक महेंद्रपाल सिंह, चौरी चौरा विधायक सरवन निषाद साथ में डीएम, सीडीओ, एसएसपी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह खोराबार मण्डल अध्यक्ष और दलित नेता छोटेलाल पासवान के घर पर शुक्रवार शाम को सहभोज में शामिल हुए, साथ में बेसिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह, समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ ● सौ. भाजपा



जनता दर्शन में समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ● सौ. गोरखनाथ मंदिर

खुलेआम घूम रहे बेटे के हत्यारे पुलिस नहीं कर रही गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार की सुबह नियमित दिनचर्या के बाद और भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम में जाने से पहले गोरखनाथ मंदिर के हिंदू सेवाश्रम में जनता दर्शन किया। उन्होंने करीब 200 लोगों की समस्या सुनी और समाधान का आश्वासन दिया। समस्या लेकर आए करीब 600 लोगों की समस्या मुख्यमंत्री के निर्देश पर अधिकारियों ने सुनी।

जनता दर्शन में अपने छह साल के बेटे के हत्यारों की गिरफ्तारी न होने की बात बांसगांव क्षेत्र के सिरसियां की रहने वाली चंदा देवी ने मुख्यमंत्री से की। उसके बाद चिलुआताल के अमवा की रहने वाली जलूसा देवी ने जब योगी को देखा तो वह फफक कर रो पड़ीं। उन्होंने बताया कि उनके पति जुगानी निषाद की तीन महीने पहले गांव के ही कुछ लोगों ने हत्या कर दी, लेकिन चिलुआताल पुलिस हत्यारों से मिली हुई है, जिसकी वजह से तीन महीने बीत जाने के बाद भी हत्यारे बेखौफ घूमते हुए धमकी दे रहे हैं और पुलिस हाथ पर हाथ रखे बैठी है। यह सुनकर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से नाराजगी जाहिर की। कहा कि यह लापरवाही ठीक नहीं। हर व्यक्ति की समस्या का थाना स्तर पर निस्तारण सुनिश्चित करें। हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी का निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिया और कहा कि अब तक इसे लेकर कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई, इसका स्पष्टीकरण भी संबंधित अधिकारी से लिया जाए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने समस्या लेकर आई एक महिला की गोद में बैठे छोटे बच्चे का दुलार किया और उसे चाकलेट भी दी। शुक्रवार के जनता दर्शन में गोरखपुर और बस्ती मंडल के अलावा मेरठ, कन्नौज व अन्य जिलों से भी लोग अपनी समस्याओं को लेकर आए थे।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपित को दस साल कठोर कारावास

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कोर्ट रोहित सिंह ने कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के बरगदही टोला सेमरहिया निवासी अभियुक्त अली उर्फ अनवर अली को दस साल के कठोर कारावास एवं एक लाख 70 हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि 21 अक्टूबर 2019 की रात करीब दो से तीन बजे के बीच अभियुक्त पीड़िता को बहला फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।



हत्या के जुर्म में पति को दस वर्ष का कारावास

जासं, देवरिया: 19 वर्ष पहले विवाहिता की गला दबाकर हुई हत्या के मामले में शुक्रवार को फैसला आया। अपर सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह की अदालत ने हत्या में दोषी पति को दस वर्ष की कैद व सात हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि रामपुर कारखाना के ग्राम कोटवा 52 मोर्चा के रहने वाले शिव संत ने अपनी पुत्री सरिता 23 की शादी 1999 में तरकुलवा के मुंडेरा रतन पट्टी के रहने वाले वीरेंद्र सिंह के साथ की थी। शादी के बाद से ही पति, सास गायत्री व देवर हरेंद्र दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। 1 जून 2003 को ससुरालियों ने सरिता की की पिटाई की और दो जून को जब शिवसंत सरिता के घर पहुंचे तो मृत्यु हो चुकी थी। इस मामले में तरकुलवा में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया। उभय पक्ष के तर्कों व साक्ष्य के अवलोकन के पश्चात अदालत ने पाया कि पति वीरेंद्र सिंह पत्नी की हत्या में दोषी है। मुकदमे के विचारण के दौरान ही सास गायत्री देवी व व देवर हरेंद्र की मृत्यु हो गई थी।



उम्मीद है, हो जाएगा समस्या का समाधान

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे बुजुर्ग को मंडलायुक्त रवि कुमार एनजी, डीआइजी जे .रविन्द्र गौड, जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश और एसएसपी डा .विपिन ताडा एक साथ मिल गए। इस उम्मीद में बुजुर्ग ने अपना शिकायती पत्र अधिकारियों के आगे बढ़ाया कि सभी अधिकारी मौजूद हैं, शायद उनकी समस्या का समाधान हो जाए। शिकायती पत्र देखते एसएसपी • पंकज श्रीवास्तव

प्रधान पति पर हमले के आरोप में चार पर मुकदमा

पिपराइच : प्रधान पति पर हमले के आरोप में पिपराइच पुलिस ने करमैनी गांव के चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। शुक्रवार को प्रधान ने थाने में तहरीर देकर बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर सोनू, संजय उर्फ इश्तेयाक, फैजान व फरहान ने लाठी-डंडा व ईट से उनके पति हिदायतुल्लाह पर हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध जानलेवा हमला करने, धमकी देने सहित अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

सीएम के रूट से जब्त किया गया गिट्टी-मोरंग

गोरखपुर : सीएम योगी आदित्यनाथ के रूट पर शुक्रवार सुबह नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। नगर आयुक्त अविनाश सिंह की मौजूदगी में चले अभियान में सड़क पर रखे गिट्टी-मोरंग को जब्त कर लिया गया। चार हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया। सर्किट हाउस रोड पर रखी ईंट जब्त कर ली गई। (जासं)

छेड़खानी का आरोपित गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर : चिलुआताल पुलिस ने मारपीट व छेड़खानी के आरोपित को शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।



प्रभार निरीक्षक चिलुआताल विनोद अग्निहोत्री ने बताया कि हमीमपुर के रहने वाले प्रमोद ने किशोरी के साथ छेड़खानी कर दी थी।

विरोध करने पर उसे पीट दिया था। छेड़खानी, मारपीट व पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज कर प्रमोद की तलाश की जा रही थी। शुक्रवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर उसे गिरफ्तार किया गया।

अवैध विस्फोटक रखने पर सजा

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। अवैध विस्फोटक पदार्थ रखने के जुर्म में अपर सत्र न्यायाधीश जयप्रकाश ने कोतवाली थाना क्षेत्र के खूनीपुर निवासी अभियुक्त सादकीन अली को एक वर्ष के कारावास एवं तीन हजार रुपया अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को दो माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

जानकारी के मुताबिक, अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मनीष मिश्रा का कहना था कि 2 नवंबर 2001 को प्रभारी रामनगीना राय अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में मौजूद थे। जरिए मुखबिर सूचना मिली कि खूनीपुर मोहल्ले में सादकिन अली अपने मकान में अवैध रूप से काफी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ पटाखा रखकर बेच रहा है। पुलिस वालों ने उसके घर दबिश दी और वहां से काफी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ बरामद किया।

प्रधान पति पर जानलेवा हमले का केस दर्ज

पिपराइच। इलाके के करमैनी गांव में बृहस्पतिवार रात प्रधान प्रतिनिधि हिदाययतुल्लाह खां पर हमला करने के मामले में चार लोगों पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। इश्तेयाक, फैजान, सोनू और फरहान को हत्या की कोशिश, मारपीट का आरोपी बनाया गया है। जानकारी के मुताबिक, प्रधान प्रतिनिधि बृहस्पतिवार रात जलकल का काम कराने के लिए पाइप गिराने गए थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश में आरोपियों ने हमला कर दिया था। पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है। ब्यूरो

सीएम पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोपी गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

यूट्यूब चैनल चलाकर खुद को फर्जी तौर पर पत्रकार बताता था

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि उसने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री के बारे में काफी आपत्तिजनक बातें लिखी हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई की है।

आरोपी की पहचान कालेसर, पैडलेगंज निवासी राधेश्याम उर्फ श्याम गौड़ के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी यूट्यूब चैनल चलाकर खुद को फर्जी तौर पर पत्रकार बताता था। ताजा मामला मुख्यमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करने का है। सोशल मीडिया पर उसने कई आपत्तिजनक बातें लिखी हैं। इसकी जानकारी होने पर एक अधिवक्ता ने कैंट पुलिस से शिकायत की। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी और पैडलेगंज के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पोस्ट को डिलीट कराकर आरोपी पर केस दर्ज किया। इंस्पेक्टर कैंट ने बताया कि सीएम पर अभद्र टिप्पणी मामले में आरोपी पर केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

बंद रहीं शाहमारुफ की दुकानें, शांतिपूर्ण हुई जुमे की नमाज

ड्रोन से हुई निगरानी, बाजार में पुलिस फोर्स तैनात, एसएसपी के आदेश पर दो दिन पहले से ही धर्मगुरुओं के संपर्क में थी पुलिस

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कोतवाली इलाके के शाहमारुफ के दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर नूपुर शर्मा के बयान का विरोध जताया। वहीं, पुलिस जुमे की नमाज को लेकर सतर्क रही। मदीना मस्जिद से लेकर जामा मस्जिद तक भारी फोर्स तैनात रही। कोतवाली, तिवारीपुर, राजघाट और गोरखनाथ थाने की पुलिस पैदल मार्च करती रही। एडीजी अखिल कुमार भी पहुंचे थे। ड्रोन से भी निगरानी की गई।

जानकारी के मुताबिक, कानपुर हिंसा को देखते हुए गोरखपुर में भी जुमे की नमाज को लेकर हाई अलर्ट था। बुधवार से ही पुलिस ने तैयारी कर ली थी। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा के आदेश पर पुलिस ने हर थाने में पीस कमेटी सहित धार्मिक गुरुओं से बातचीत की थी। खुद एसएसपी भी जाकर धर्मगुरुओं से मिले थे। शुक्रवार की सुबह से ही गोरखपुर के शाहमारुफ की प्रमुख मदीना मस्जिद और जामा मस्जिद के बाहर भारी फोर्स तैनात कर दी गई। दोपहर करीब 1 बजे मदीना मस्जिद में शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा कराई गई। इसके बाद जामा मस्जिद में भी करीब 1.40 बजे नमाज अदा हुई। शहर में पूरी तरह से शांतिपूर्ण तरीके से नमाज हुई। उधर, शाहमारुफ के दुकानदारों ने अपनी दुकानें सुबह से ही बंद रखीं। दुकानों को बंद कर उन लोगों ने अपना विरोध दर्ज कराया। हालांकि, इस दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। लोग नमाज अदा कर अपने अपने घरों को चले गए।



शाहमारुफ के दुकानदारों ने बंद रखीं दुकानें। अमर उजाला



जुमे की नमाज के दौरान शाहमारुफ में मुस्तैद नजर आई पुलिस। अमर उजाला



घंटाघर स्थित बड़ी मस्जिद में जुमे की नमाज अदा की गई। अमर उजाला

बैठक में ही ले लिए थे ज्ञापन

पुलिस धर्मगुरुओं से मुलाकात के दौरान ही ज्ञापन ले लिया था। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने खुद आगे बढ़कर ज्ञापन लिया था। साथ ही साफ कह दिया था कि उन्हें जो बातें कहनी हैं, उसे शांतिपूर्ण तरीके से कह सकते हैं। पुलिस की इस पहल का ही असर था कि शांतिपूर्ण तरीके से जुमे की नमाज अदा की गई।

शांतिपूर्ण तरीके से जुमे की नमाज अदा हुई है। सभी ने सहयोग किया। एहतियातन पुलिस फोर्स तैनात थी। - **डॉ. विपिन ताडा,** एसएसपी

महराज जी! कलेजे के टुकड़े के हत्यारों को नहीं ढूंढ रही पुलिस

जनता दर्शन में बांसगांव के सिरसिया की चंदा ने लगाई गुहार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बोले-जल्द करें गिरफ्तारी

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। गोरखनाथ मंदिर में आयोजित मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में पहुंचीं बांसगांव तहसील क्षेत्र के सिरसिया गांव निवासी चंदा सिसक पड़ीं। बोलीं, महराज जी! दो माह हो गए, मेरे कलेजे के टुकड़े के हत्यारों को पुलिस नहीं ढूंढ सकी।

चंदा देवी ने सीएम को प्रार्थनापत्र देकर शिकायत की कि उनके छह साल के बेटे लक्ष्य उर्फ गोलू की दो अप्रैल 2022 को अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। लाश गांव के पास झाड़ियों में फेंक दी गई थी। लेकिन, पुलिस अब तक हत्यारों को गिरफ्तार नहीं कर पाई। मुख्यमंत्री ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए एसएसपी डॉ. विपिन ताडा को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी की जाए।

इसी तरह चिलुआताल इलाके के अमवा की रहने वाली जलुसा देवी ने मुख्यमंत्री को बताया कि उनके पति जुगानी निषाद की तीन महीने पहले गांव के ही कुछ लोगों ने हत्या कर दी। आरोप लगाया कि पुलिस हत्यारों से मिल गई है। आरोपी क्षेत्र में बेखौफ घूम रहे हैं। शिकायत कोई सुन नहीं रहा है। जनता दर्शन के दौरान सर्वाधिक शिकायतें पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर आने पर मुख्यमंत्री ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निचले स्तर पर काम नहीं हो रहा। तत्काल ऐसे मामलों में गिरफ्तारी की जाए। अब तक इन मामलों में कार्रवाई क्यों नहीं हुई, इसका स्पष्टीकरण भी लिया जाए। किसी भी दशा में थाने स्तर की शिकायतें मुख्यालय तक नहीं पहुंचनी चाहिए। थाने पर ही न्याय मिलना चाहिए। दोषी और लापरवाह पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की जाए। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने एक दिव्यांग युवती का उत्साह बढ़ाते हुए विश्वास दिलाया कि उसकी हर संभव मदद की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर के हिंदू सेवाश्रम में सुबह आठ बजे से 150 से अधिक फरियादियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निस्तारण कराने का निर्देश दिया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दौरे की वजह से मुख्यमंत्री को जनता दर्शन से थोड़ा जल्दी निकलना पड़ा। हालांकि प्रशासनिक अधिकारियों ने यात्री निवास एवं हिंदू सेवाश्रम मिलाकर करीब 750 फरियादियों की शिकायतें सुनीं।

इस दौरान कमिश्नर रवि कुमार एनजी, डीआईजी जे. रविंद्र गौड, डीएम कृष्णा करुणेश, एसएसपी डॉ. विपिन ताडा, एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई आदि मौजूद रहें।



जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी। अमर उजाला

मां को भरोसा दिलाया, बच्चों को किया दुलार

हिंदू सेवाश्रम में आयोजित जनता दर्शन में महिलाओं के साथ उनकी गोद में छोटे बच्चों को देख मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने पहले महिलाओं की फरियाद सुनीं और जल्द निस्तारण का भरोसा दिलाया। फिर, बच्चों के लिए चाकलेट मंगाकर उन्हें खिलाया। बच्चों के सिर पर हाथ फेरकर उन्हें दुलारा, उनके नाम पूछे। एक मां की गोद में साल भर की बिटिया को देख मुख्यमंत्री ने खुद रैपर फाड़कर उसे अपने हाथों से चाकलेट खिलाया।



जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर नपेंगे अफसर

कई जिलों के अफसर सरकार के निशाने पर, सीएम योगी जल्द करेंगे समीक्षा

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। सरकार जनशिकायतों की अनदेखी करने वाले अफसरों पर कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनशिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली पर सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए जिलास्तरीय अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर ऐसे जिलों की सूची तैयार कराई गई है, जहां इसकी स्थिति संतोषजनक नहीं है।

कई जिलों के अफसर सरकार के निशाने पर हैं। मुख्यमंत्री जल्द ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर जनसुनवाई, आईजीआरएस व सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करेंगे। इसके बाद लापरवाह अफसरों पर कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शिकायतकर्ता के एक बार से ज्यादा शिकायत देने पर दोषी कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री ने हाल ही में मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिए थे कि डीएम और पुलिस कप्तान जनसमस्याओं के त्वरित और संतुष्टिपरक समाधान के प्रति संवेदनशील रहें। आम लोगों के प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध ढंग से निस्तारण हो। इसके बाद ऐसे जिलों, तहसील और थानों आदि को चिह्नित करते हुए जिलास्तरीय अधिकारियों को चेतावनी दी गई है, जहां जनशिकायतों के निस्तारण की स्थिति काफी खराब है।



मुख्य सचिव का आदेश-
एक बार से अधिक शिकायत आने पर दोषी कर्मियों के खिलाफ करें कार्रवाई

जनशिकायतों के निस्तारण में शीर्ष 10 जिले

अच्छा प्रदर्शन : पीलीभीत, एटा, मुरादाबाद, बांदा, संभल, सीतापुर, उन्नाव, बहराइच, फर्रुखाबाद और अमेठी।

खराब प्रदर्शन : प्रयागराज, रायबरेली, प्रतापगढ़, बस्ती, मिर्जापुर, कौशांबी, सोनभद्र, भदोही, मेरठ और अयोध्या।

पुलिस के अच्छे व खराब प्रदर्शन वाले 10 जिले

अच्छा प्रदर्शन : सिद्धार्थनगर, भदोही, फर्रुखाबाद, महोबा, सहारनपुर, गाजीपुर, शामली, कासगंज, सोनभद्र और जालौन।

खराब प्रदर्शन : पुलिस आयुक्त लखनऊ, एसएसपी प्रयागराज, आगरा, पुलिस आयुक्त कानपुर नगर, एसएसपी मैनपुरी, संभल, कानपुर देहात, प्रतापगढ़, खीरी और गोरखपुर।

अफसरों की जिम्मेदारी तय कर होगी कार्रवाई


मुख्य सचिव ने जिले से लेकर कमिश्नरी तक के अफसरों को भेजे आदेश में कहा है कि जनसुनवाई में अधिकारियों की अनुपस्थिति तथा आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन पर मिली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और त्वरित निस्तारण नहीं होता है तो संबंधित अधिकारियों का उत्तरदायित्व तय करते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- उन्होंने वरिष्ठ अफसरों को आदेश दिए हैं कि ऐसी चिह्नित तहसीलों व थानों की विशेष समीक्षा करें। जरूरत हो तो दौरा कर मानक के अनुरूप शिकायत का निस्तारण करें।
- जन सुनवाई के समय जनप्रतिनिधियों की ओर से उठाई गई जन समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण, प्रतिनिधियों के साथ समय-समय पर पाक्षिक और मासिक बैठक कर समस्याओं के सकारात्मक समाधान के निर्देश दिए हैं। सरकारी सीयूजी नंबर पर वरिष्ठ अधिकारियों को खुद जवाब देने और जनप्रतिनिधियों से टेलीफोन पर भी संपर्क में रहने के आदेश दिए गए हैं।

कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटे पुलिस : योगी

प्रयागराज व अन्य जिलों में उपद्रव करने वाले 136 लोग गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो



बेवजह सड़कों पर न घूमें युवा : *उधर अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने जनता से संयम बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि बेवजह सड़कों पर न निकलें।*

कहां-कितने गिरफ्तार : *सहारनपुर में 45, प्रयागराज में 37, अंबेडकर नगर में 23, हाथरस में 20, मुरादाबाद में 7 और फिरोजाबाद में 4 को गिरफ्तार किया गया है।*

लखनऊ। प्रयागराज समेत प्रदेश के कई जिलों में पत्थरबाजी और उपद्रव की घटना को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़े तेवर दिखाए हैं। उन्होंने गृह और पुलिस विभाग के अधिकारियों को उपद्रवियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में किसी भी कोने में कानून-व्यवस्था तथा सुरक्षा व्यवस्था से कोई भी समझौता नहीं होगा।

उधर ताबड़तोड़ कई जिलों में घटनाओं पर काबू पाने को लेकर पुलिस ने उपद्रवियों को धर-पकड़ शुरू कर दी है। पुलिस ने विभिन्न जिलों में कुल 136 लोगों की गिरफ्तारी का दावा किया है। वहीं, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने सभी प्रभावित जिलों से रिपोर्ट मांगी है।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा, अपर मुख्य सचिव गृह और पुलिस महानिदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह चौहान से बात करके हालात की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों से कड़े शब्दों में कहा कि अशांति फैलाने वालों के साथ कोई रियायत न बरती जाए और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। किसी भी स्थिति में अराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने सभी जिला के पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों को भी निर्देश दिया है कि जहां पर शांति व्यवस्था भंग करने और बवाल करने की कोशिश हो रही है, वहां पर उपद्रवियों को चिन्हीत करके तत्काल उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही 24 घंटे स्थिति पर नजर रखी जाए। पुलिस बल को लगातार गश्त कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। ब्यूरो

नाबालिग से दुष्कर्म में दस साल की सजा

गोरखपुर। नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कोर्ट रोहित सिंह ने कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के बरगदही टोला सेमरहिया निवासी अभियुक्त अनवर अली को दस साल के कठोर कारावास एवं एक लाख 70 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

जानकारी के मुताबिक, अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि 21 अक्तूबर 2019 की रात करीब 2 से 3 बजे के बीच अभियुक्त पीड़िता को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। ब्यूरो

DEORIA POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-06-2022

राष्ट्रीय सहारा दि० 11-6-22

पंचायत के दौरान मारपीट, तीन पर केस

तरकुलवा (एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरैया के खरहरिया टोले पर बृहस्पतिवार की शाम में जमीनी विवाद को लेकर हो रही पंचायत के दौरान मारपीट हो गई। जिसमें कई लोग घायल हो गए। मारपीट के दौरान बीच बचाव करने गए एक पूर्व प्रधान प्रतिनिधि का सिर फट गया। सभी घायलों को इलाज हेतु सीएचसी तरकुलवा भेजा गया। इस मामले में पुलिस ने एक पक्ष की रिंकी देवी की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। उक्त गांव निवासी दो पट्टीदारों जनार्दन यादव और दिलीप यादव के बीच पैतृक जमीन को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा है। जिसमें बृहस्पतिवार की शाम को पंचायत चल रही थी। विवाद लगभग हल हो चुका था। इस बीच एक पक्ष के किसी लड़के ने दूसरे पक्ष के किसी लड़के को गाली दे दिया। जिसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। देखते ही देखते लाठी-डंडे चलने लगे। इस दौरान बीचबचाव करने गए पूर्व प्रधान अशोक यादव का सिर लाठी लगने से फट गया। इसके अलावा जनार्दन यादव, गीता यादव सहित दोनों पक्षों के कई लोग चोटिल हो गए। इस मामले में तरकुलवा पुलिस ने एक पक्ष की रिंकी देवी पत्नी जनार्दन यादव की तहरीर पर दिलीप पुत्र बाबू नंदन, बाबू नंदन पुत्र गोरख व अमलावती पत्नी बाबू नंदन के खिलाफ धारा 323, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस बावत थानाध्यक्ष टीजे सिंह ने बताया कि मारपीट की घटना हुई है। कुछ लोगों को सिर में चोट लगी है। तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

राष्ट्रीय सहारा दि० 11-6-22

अज्ञात वाहन के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

बरहज। देवरिया से बरहज आ रहे वाइक सवार को अज्ञात वाहन ने करूअना के पास ठोकर मार दिया जिससे वाईक सवार घायल हो गये। जानकारी के अनुसार भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम घाटी निवासी अनूप कुमार मौर्य मोटरसाइकिल से पैना जा रहे थे। अज्ञात वाहन ने वाईक में ठोकर मार दिया।जिससे घायल हो गये।पुलिस ने घायल अनूप की पत्नी शांति देवी की तहरीर पर मुकदमा पंजीत किया है।

राष्ट्रीय सहारा दि० 11-6-22

जिले में जुमा की नमाज सकुशल सम्पन्न

देवरिया(एसएनबी)। शुक्रवार को जिले में जुमा की नमाज सकुशल सम्पन्न हो गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा चाक चौबन्द सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा एवं सीडीओ रविन्द्र कुमार द्वारा शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जुमा की नमाज के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत पैदल गश्त कर मस्जिदों के इमाम व मौलाना से मुलाकात कर वार्ता की गयी।

हिन्दुस्तान दि०-11-6-22

हर्ष फायरिंग करने का आरोपित गिरफ्तार

खुखुन्दू। तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हर्ष फायरिंग के दौरान फायरिंग की गई बंदूक को भी पुलिस ने बरामद कर ली है। बंदूक के लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई भी पुलिस के द्वारा की जाएगी।

थाना क्षेत्र के परसिया करकटही गांव में 7 जून की रात सुभाष यादव के घर तिलक समारोह था। सुभाष यादव के लड़के सर्वेश यादव का तिलक था। बरियारपुर थाना क्षेत्र से लालजी यादव की पुत्री की तिलक आई हुई थी। उस दौरान तिलक समारोह संपन्न होने के बाद डीजे प्रोग्राम के समय लालजी यादव के बड़े भाई दयाशंकर यादव के बेटे दुर्गेश यादव ने अपने चाचा लालजी यादव उर्फ लालू की बंदूक लेकर हर्ष फायरिंग करने लगा। हर्ष फायरिंग करते हुए युवक का किसी ने वीडियो बना लिया और उसे वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और युवक के गांव पहंचकर उसको गिरफ्तार कर थाने ले आई।

हिन्दुस्तान दि० 11-6-22

एसपी के निर्देश पर दर्ज हुआ केस

रामपुर कारखाना। पीड़ित के एसपी के पास पहुंचते ही महुआडीह पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। जबकि 1 सप्ताह से वह केस दर्ज करने में आनाकानी कर रही थी।

महुआडीह पुलिस की कारगुजारियां भी कुछ कम नहीं है। पिछले महीने पुलिस में हत्या के मामले में मुकदमा दर्ज करने से इनकार किया था। महुआडीह थानाक्षेत्र के लीलापुर मठिया मोड़ पर एक जून की देर रात ट्रैक्टर - ट्राली की चपेट में आने से क्षेत्र के गोठा रसूलपुर गांव के बाइक सवार परसन सिंह की मौत हो गई थी। मिट्टी लड़ी ट्रैक्टर - ट्राली को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। मृतक के भाई पारिख सिंह ने तहरीर दिया। पुलिस तहरीर को बार - बार बदलवाती रही।

दहेज हत्या में पति को 10 वर्ष की कैद

देवरिया। दहेज हत्या के मामले में अपर जिला जज की अदालत ने शुक्रवार आरोपी पति को 10 वर्ष की कैद तथा सात हजार रुपये का अर्थदंड की सजा सुनाई है। दहेज हत्या की घटना के 18 वर्ष बाद आरोपी को सजा मिली है। परिजनों ने राहत की सांस लिया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने बताया कि रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के कोटवा गांव के रहने वाले शिवसंत ने अपनी बेटी की शादी तरकुलवा थाना क्षेत्र के मुंडेरा रतन पट्टी निवासी वीरेंद्र सिंह पुत्र श्रीकांत सिंह के साथ 1999 में किया था। शादी के बाद महिला के पति वीरेंद्र व उनके परिवार के लोग लड़की को बराबर दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। 1 जून 2003 को शिव संत को उसकी बेटी ने बताया कि दहेज के लिए उसके पति व उसके परिवार के लोग काफी मारे पीते हैं।

हिन्दुस्तान दि०-11-6-22

गांजा के साथ एक गिरफ्तार

गौरीबाजार। गौरीबाजार पुलिस ने अवैध गांजे के साथ एक को गिरफ्तारी किया है। गिरफ्तार व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के पूछताछ में उसने अपना नाम गोविंद पुत्र शिवचंद निषाद निवासी पोखभिंडा बताया। पुलिस ने उसके पास से 2 किलो 50 ग्राम गांजा बरामद किया है।

हिन्दुस्तान दि०-11-6-22

शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक मस्जिदों के आसपास दिखी पुलिस की मुस्तैदी, प्रशासन भी रहा अलर्ट

कड़ी सुरक्षा में अदा हुई जुमे की नमाज

देवरिया, हिन्दुस्तान टीम। जिले में शांतिपूर्ण ढंग से जुमे की नमाज संपन्न हुई। इस दौरान पुलिस व प्रशासन अलर्ट रहा। जिला मुख्यालय पर एसपी, सीडीओ व एसडीएम ने फोर्स के साथ फ्लैग मार्च। इसके अलावा सभी तहसीलों में एसडीएम भ्रमण कर हालात का जायजा लेते रहे। सभी थानों की पुलिस भी नमाज के वक्त भ्रमण करती रही। शहर से लगाएत ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों में जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। मस्जिदों पर पुलिस की तैनाती की गई थी। नमाज के बाद मुस्लिम भाइयों ने देश में अमन चैन की दुआ मांगी।

अधिकारियों ने धर्मगुरुओं से की मुलाकात: पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा एवं सीडीओ रविन्द्र कुमार ने फोर्स के साथ शहर का भ्रमण किया। इस दौरान एसडीएम सौरभ सिंह व सीओ श्रीयश त्रिपाठी भी रहे। अधिकारियों ने जुमा की नमाज के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना कोतवाली क्षेत्र के धर्मगुरूओं, मस्जिदों के ईमाम व मौलाना से मुलाकात की। शहर की मालवीय रोड स्थित जामा ईदगाह, तहसील रोड स्थित जामा मस्जिद, अबूबकर नगर की मदीना और छोटी मस्जिद, अलीनगर, कुर्ना नाला, बांस देवरिया मस्जिदों पर एहतियातन पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी।



शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर जिला मुख्यालय पर फोर्स के साथ भ्रमण करते एसपी, सीडीओ, एसडीएम व अन्य अधिकारीगण।

अकीदत के साथ अदा की गई नमाज: रामपुर कारखाना क्षेत्र में अकीदत के साथ जुमे की नमाज अदा की गई। रामपुर कारखाना बड़ी मस्जिद, मदीना मस्जिद, नई मस्जिद और मस्जिद ए अक्सा समेत कोटवां, मथुरा छापर, स्वामी पट्टी, देसही देवरिया बुद्ध खां, बैजनाथपुर आदि मस्जिदों में मुस्लिम भाई नमाज पढ़ने पहुंचे। नमाज के बाद पेश इमाम के साथ मुस्लिम भाइयों ने देश में अमन चैन की दुआ मांगी। इस दौरान मस्जिदों पर सिपाही तैनात रहे।

हर जगह चौकन्ना रहा प्रशासन : रुद्रपुर। रुद्रपुर क्षेत्र में जुमा की नमाज पर प्रशासन और पुलिस विभाग के लोग चौकन्ना रहे। हर छोटी बड़ी मस्जिद पर पुलिस बल तैनात रही। जबकि अधिकारी भी नजर रखे हुए थे। दोपहर 12 बजे से ही एसडीएम संजीव कुमार उपाध्याय और सीओ जिलाजीत चौधरी मस्जिदों पर घूम-घूमकर स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। नगर के मस्जिद वार्ड स्थित बड़ी मस्जिद पर प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह व कस्बा इंचार्ज जितेन्द्र बहादुर सिंह मयफोर्स जमे हुए थे। नमाज अदा करने के बाद नमाजियों के वापस लौट जाने के बाद पुलिस कर्मी वापस हुए।

अकीदतमंदों ने मांगी शांति व सद्भावना की दुआ: बरहज क्षेत्र के सभी मस्जिदों में शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। कस्बा की नाका मस्जिद, रसिदिया मस्जिद, पटेल नगर के रजा मस्जिद, पुराना बरहज मस्जिद समेत गौरा, पैना, कपरवार, भलुअनी आदि जगहों पर स्थित मस्जिदों में जुमे की नमाज में अकीदतमंदों ने देश में अमन, शांति व सद्भावना की दुआए मांगी। नमाज शांति पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए एसडीएम डॉ. गजेन्द्र कुमार, सीओ देव आनंद, एसओ जयशंकर मिश्र आदि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर काफी मुस्तैद दिखे।

लार में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट करती रहीं भ्रमण

लार क्षेत्र में जुमे की नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुजन द्विवेदी ने लार कस्बा सहित मेहरीना बॉर्डर स्थित मस्जिद पर पहुंचकर जायजा लिया। साथ ही वहा तैनात सुरक्षाकर्मियों को हिदायत दिया कि नमाज के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो। कुछ ही देर बाद मेहरीना स्थित मस्जिद पर पहुंची ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुन्जन द्विवेदी ने जुम्मे की नमाज को सफल संपन्न होने के बाद बाहर निकलने वाले लोगों से जानकारी लिया और उन्हें शांतिपूर्वक अपने त्योहारों को मनाने के लिए कहा। सलेमपुर के भठवा धरमपुर, हरैया, कस्बा सलेमपुर, नवलपुर समेत सभी मस्जिदों पर शुक्रवार को जुम्मा की नमाज पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अदा की गई।

दैनिक जागरण दि०-11-6-22

पत्नी की हत्या में पति को दस वर्ष की कैद

विसं, देवरिया: 19 वर्ष पहले विवाहिता की गला दबाकर हुई हत्या के मामले में शुक्रवार को फैसला आ गया। अपर सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह की अदालत ने हत्या में दोषी पाए जाने पर पति को दस वर्ष की कैद व सात हजार रुपये के अर्थ दंड से दंडित किया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ला ने बताया कि रामपुर कारखाना के ग्राम कोटवा 52 मोर्चा के रहने वाले शिव संत ने अपनी पुत्री सरिता 23 की शादी 1999 में तरकुलवा के मुंडेरा रतन पट्टी के रहने वाले वीरेंद्र सिंह के साथ की थी। शादी के बाद से ही पति, सास गायत्री व देवर हरेंद्र दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। 1 जून 2003 को ससुरालियों ने सरिता की की पिटाई की और दो जून को जब शिवसंत सरिता के घर पहुंचे तो मृत्यु हो चुकी थी। इस मामले में तरकुलवा में दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया। उभय पक्ष के तर्कों व साक्ष्य के अवलोकन के पश्चात अदालत ने पाया कि पति वीरेंद्र सिंह पत्नी की हत्या में दोषी है। मुकदमे के विचारण के दौरान ही सास गायत्री देवी व व देवर हरेंद्र की मृत्यु हो गई थी।

दैनिक जागरण पेज-11-8-22

कड़ी चौकसी के बीच शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई जुमे की नमाज

जागरण संवाददाता, देवरिया: जनपद में जुमे की नमाज के दौरान शुक्रवार को जिला प्रशासन अलर्ट रहा। जनपद के आला अधिकारी पुलिस बल के साथ पूरे दिन भ्रमणशील रहे। जनपद के सभी मस्जिदों में शांतिपूर्ण ढंग से जुमे की नमाज अदा की गई। लोगों ने नमाज अदा कर मुल्क के सलामती की दुआ मांगी।

शहर के अबूबकरनगर, मालवीय रोड, बसियवां, अली नगर, न्यू कालोनी आदि मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह व एसपी संकल्प शर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से जनपद को पांच जोन व 93 सेक्टर में बांटा था। पांच सुपर जोनल, जोनल व 93 सेक्टर मजिस्ट्रेट पुलिस बल के साथ तैनात थे। शहर में एसपी संकल्प शर्मा व सीडीओ रवींद्र कुमार ने खुद ही कमान संभाल ली थी। दोनों अधिकारियों के साथ एसडीएम सौरभ सिंह, सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने शहर के अबूबकर नगर मोहल्ले में पैदल गश्त किया। शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने धर्मगुरुओं के अलावा मस्जिदों के इमाम व मौलाना से वार्ता भी की। एएसपी डा.राजेश सोनकर ने मालवीय रोड पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।



अबूबकर नगर में फ्लैग मार्च करते एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ रवींद्र कुमार (बाएं), सदर एसडीएम सौरभ सिंह, सीओ नगर श्रीयश त्रिपाठी (दाएं) ● जागरण



अंजुमन इस्लामिया में नमाज पढ़ते लोग ● जागरण

बरहज संवाददाता के अनुसार, एडीएम वित्त एवं राजस्व नागेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल अलर्ट रही। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के मस्जिदों के पास सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहा। बरहज जामा मस्जिद पर नमाज के दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व के अलावा एसडीएम गजेंद्र कुमार, सीओ देव आनंद, थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

भाटपाररानी संवाददाता के अनुसार, सीआरओ अमृतलाल बिंद, उप जिलाधिकारी अरुण कुमार वर्मा , क्षेत्राधिकारी पंचम लाल ,नायब तहसीलदार करन सिंह शांति व्यवस्था के लिए क्षेत्र में भ्रमणशील दिखे। भाटपाररानी जामा मस्जिद, मेहरौना, बंगस बाजार,बखरी, भठवा तिवारी, भिगारी बाजार, बिरमा पट्टी, प्रतापपुर, सोहनपुर, रामपुर बुजुर्ग, खेमीपुर, जमनटोला, सरयां, खामपार आदि गांवों में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई।

सलेमपुर में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजन द्विवेदी व सीओ विनय यादव ने क्षेत्र का भ्रमण किया। रुद्रपुर में जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में डीएफओ जगदीश आर के अलावा एसडीएम संजीव उपाध्याय व सीओ जिलाजीत भ्रमण पर रहे।

दैनिक जागरण दि०-14-6

तिलक समारोह में फायरिंग करने वाला आरोपित गिरफ्तार

जासं, खुखुंदू: तिलक समारोह में लाइसेंसी असलहे से फायरिंग करने वाला आरोपित युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। पुलिस ने यह कार्रवाई फायरिंग करने का वीडियो वायरल होने के बाद संज्ञान लिया है। इस कार्रवाई से खलबली मची है।

बरियारपुर क्षेत्र के बरइठा गांव की युवती के स्वजन तिलक चढ़ाने सात जून को खुखुंदू थाना क्षेत्र के परसिया करकटही गांव आए थे। तिलक कार्यक्रम के दौरान आरोपित दुर्गेश यादव अपने चाचा लालजी उर्फ लालू यादव के लाइसेंसी हथियार से फायरिंग करने लगा। फायरिंग का कुछ लोगों ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। पुलिस ने युवक के विरुद्ध फायर करने का मुकदमा दर्ज करने के बाद गिरफ्तार कर लिया।

दैनिक जागरण दि० 11-06-22

बरात में बवाल, चार वाहनों के शीशे तोड़े

दूल्हे के चाचा व भाई समेत सात घायल, निजी चिकित्सक से कराया उपचार

जास, करौंदी बाजार, देवरिया: जयमाला के दौरान आगे बैठने को लेकर हुए विवाद में मनबढ़ों ने बवाल किया। चार वाहनों के शीशे तोड़े। साथ ही चार दर्जन से अधिक कुर्सियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। दूल्हे के चाचा व भाई समेत सात लोगों को पीटकर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में शादी की रस्में पूरी की गई।

बरियारपुर क्षेत्र के हथियागढ़ के सरौरा टोला के सुरेश कुशवाहा की पुत्री की शादी कुशीनगर के पटहेरवा क्षेत्र के कनौरा टोला बड़हा में तय थी। गुरुवार की रात सरौरा टोला में बरात आई थी। बरातियों के स्वागत व द्वारपूजा के बाद जयमाला का कार्यक्रम चल रहा था। इसी बीच गांव के ही कुछ मनबढ़ युवक आए और बरातियों से आगे बैठने को लेकर





बवाल के चलते क्षतिग्रस्त पड़े वाहन • जागरण

उलझ गए। मारपीट के साथ तोड़फोड़ शुरू कर दी। स्कार्पियो व स्कूली वाहन समेत चार चारपहिया वाहनों व चार दर्जन से अधिक कुर्सियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। मारपीट में दूल्हे के चाचा अजय कुशवाहा व दूल्हे के तीन भाई सुनील, सोनू व करण कुशवाहा घायल हो गए। बीच बचाव कर रहे हथियागढ़ के राजकिशोर कुशवाहा, पवन व बिट्टू कुशवाहा भी चोटिल हो गए। मौके पर पहुंची बरियारपुर थाने की पुलिस व गांव के गणमान्य लोगों ने दोनों पक्षों को समझा बुझाया। इसके बाद विवाह की रस्में पूरी कराई। पुलिस की मौजूदगी में विवाह संपन्न कराया गया। घायलों का इलाज सरौरा चौराहा पर निजी चिकित्सक के यहां कराया गया। थानाध्यक्ष मनोज प्रजापति ने बताया कि जयमाला के दौरान आगे बैठने को लेकर विवाद हुआ था। सूचना पर पुलिस गई थी। विवाह संपन्न होने के बाद बराती चले गए। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

- पुलिस की मौजूदगी में शादी की रस्में कराई गईं पूरी
- तहरीर मिलने पर होगी कार्रवाई : थानाध्यक्ष

शराब तस्कर गिरफ्तार

बंगरा बाजार : पुलिस ने शुक्रवार को ट्रक के साथ शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। बनकटा पुलिस को सूचना मिली कि ट्रक में अवैध शराब लेकर तस्कर बिहार जा रहे हैं। पुलिस प्रतापपुर चेक पोस्ट पर पहुंचकर इंतजार करने लगी। उसी समय हरेराम चौराहा की तरफ से एक ट्रक आता दिखाई दिया। पुलिस ने गाड़ी रोककर जांच की। ट्रक से 35 पेटी अवैध शराब बरामद हुआ। पकड़ा गया तस्कर प्रद्युम्न यादव बिहार के छपरा जनपद के डोरीगंज थाना क्षेत्र के लोधीपुर गांव का रहने वाला है। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 11-6-22

सीएमडी समेत चार लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

अमर उजाला दि॰ 11-6-22

संवाद न्यूज एजेंसी

करोड़ों रुपये लेकर भागने का आरोप, न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई

भटनी के रामलीला मैदान में एक दशक से संचालित था प्राइवेट बैंक

भटनी। नगर के रामलीला मैदान स्थित एक प्राइवेट बैंक के सीएमडी समेत चार लोगों पर पुलिस ने धोखाधड़ी आदि गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों पर लोगों का करोड़ों रुपये हड़पने का आरोप है। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर चार नामजद और अज्ञात लोगों पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

भटनी नगर के रामलीला मैदान में कैमुल क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड करीब एक दशक से संचालित हो रहा है। क्षेत्र में नया बैंक खुलने पर बेरोजगार युवक एजेंट के तौर पर इससे जुड़ गए और अपने स्तर से लोगों को जोड़ते चले गए। एजेंटों की मेहनत से इसमें जिले व बिहार प्रांत के लोग निवेश करते चले गए। शुरू में तो बैंक का लेन-देन का कार्य बढ़िया था, लेकिन बाद में स्थानांतरण का बहाना बनाकर जिम्मेदार अधिकारी चले गए। लोगों ने डिपाजिट की समय सीमा पूरा होने पर रुपये के लिए बैंक का चक्कर लगाने लगे। काफी समय बाद भी जब लोगों को रुपये नहीं मिले तो उन्हें ठगी का एहसास हुआ और लोग शाखा प्रबंधक पर दबाव बनाने लगे। भटनी के महुरांव गांव निवासी शाखा प्रबंधक पवन कुमार राय से लोगों की आएदिन कहासुनी होने लगी। शाखा प्रबंधक ने जब सीएमडी सहित अधिकारियों से संपर्क साधा तो बात नहीं हुई। अपने को फंसता देख शाखा प्रबंधक ने इसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने सीएमडी प्रदीप अस्थाना, उसकी पत्नी व चेयरमैन प्रार्थना अस्थाना निवासी नईगंज सदर कोतवाली जौनपुर, एमडी कुलश्रेष्ठ और निदेशक कुलदीप चौहान निवासी आरोही कांप्लेक्स सेक्टर एच अलीगंज लखनऊ के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। इस बाबत एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि लिमिटेड बैंक के करोड़ों रुपये लेकर भागने की शिकायत मिली है। न्यायालय के आदेश पर चार नामजद आरोपियों के अलावा अन्य दोषियों की तलाश की जा रही है।

तिलक में फायरिंग में दुल्हन का चचेरा भाई गिरफ्तार

अमर उजाला दि० - 11 - 6 - 22

वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने की कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

तीन दिन पूर्व तिलक समारोह में दुल्हन के चचेरे भाई ने लाइसेंसी बंदूक से की थी फायरिंग

खुखुंदू के परसिया करकटही गांव का मामला

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के परसिया करकटही गांव में डीजे पर डांस के दौरान लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग करना युवक को महंगा पड़ गया। पुलिस ने शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

बरियारपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की लड़की की शादी स्थानीय थाना क्षेत्र के परसिया करकटही निवासी युवक के साथ तय है। सात जून को तिलक आया था। तिलक में डीजे पर डांस के दौरान लड़की के चचेरे भाई ने लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग कर दी। तत्काल तो मामला शांत हो गया। मगर तिलक के दूसरे दिन फायरिंग का वीडियो किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामला पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा तक पहुंच गया। आनन फानन स्थानीय पुलिस आरोपी युवक की तलाश में जुट गई। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में एसआई शशिनाथ गोस्वामी की तहरीर पर आरोपी युवक दुर्गेश यादव निवासी बरइठा थाना बरियारपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मौके पर जांच की गई तो मामला सही पाया गया। एसओ नवीन चौधरी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर फायरिंग के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

अमर उजाला पृ०-11-6-22

एसपी की फटकार के बाद दर्ज किया केस

देसही देवरिया। सड़क हादसे में हुए मौत के मामले में महुआडीह पुलिस ने शुक्रवार को एसपी के फटकार लगाने के बाद केस दर्ज किया। हादसा दस दिन पूर्व का बताया जा रहा है। कार्रवाई के बाद आनन-फानन ट्रैक्टर-ट्राली को दोबारा कब्जे में लिया।महुआडीह थानाक्षेत्र के लीलापुर मठिया मोड़ पर 1 जून की देर रात ट्रैक्टर - ट्राली की चपेट में आने से क्षेत्र के गोठारसुलपर गांव के बाइक सवार परसन सिंह की मौत हो गई थी। मिट्टी लड़ी ट्रैक्टर - ट्राली को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। मृतक के भाई पारिख सिंह ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन कार्रवाई के बजाय पुलिस तहरीर को बार-बार बदलवाती रही। इसी बीच वाहन को भी छोड़ दिया। संवाद

जागरण अमाला दि०-11-6-22

विवेचक को एसीजेएम ने लगाई फटकार

सलेमपुर। लेनदेन के मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने विवेचक को फटकार लगाते हुए हत्या के प्रयास की धारा हटवाकर शुक्रवार को जमानत दे दी।

मनिहारी गांव के होटल पर 29 मई कि रात मटन लाने गए व्यक्ति की लेनदेन के लिए मारपीट हो गई। कोतवाली पुलिस ने मनिहारी गांव निवासी पंकज उपाध्याय की तहरीर पर बिगही के उमेश प्रजापति व उनके पिता ओम प्रकाश प्रजापति के खिलाफ मारपीट, धमकी देने व गैरइरादतन हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया था। बृहस्पतिवार को होटल मालिक और उसके बेटे को एसीजेएम सुंदर पाल के कक्ष में पेश किया। जांच में विवेचक ने गलत धारा में रिमांड बनाकर दी गई थी। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने विवेचक को हत्या के प्रयास की धारा को हटाकर रिमांड प्रार्थनापत्र देने के लिए कहा। संवाद

दैनिक उजाला 20-11-2022

सामाजिक सौहार्द कायम रखने का किया आह्वान



मईल थाने में शांति कमेटी की बैठक में मौजूद लोग। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

मईल थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई

मईल। थाना परिसर में शुक्रवार को शांति कमेटी की बैठक में धर्मगुरुओं और संभ्रांत लोगों से सामाजिक सौहार्द कायम रखने की अपील की गई।

बरहज के तहसीलदार अश्विनी कुमार ने कहा कि सभी धर्मों के लोग आपसी सौहार्द के साथ एक दूसरे का सहयोग करें। समाज में कोई भी असामाजिक तत्व कोई अफवाह फैलाता है तो उसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। किसी भी मांगलिक कार्यक्रम में ध्वनि विस्तारक की आवाज कार्यक्रम परिसर से बाहर न जाने पाए। रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर के उपयोग पर प्रतिबंध है।

थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि विवाद आपस में मिल बैठकर खत्म करें। किसी भी गांव में कोई घटना हो तो तुरंत पुलिस को फोन करें। पुलिस आपका सहयोग करेगी। अंडिला के ग्राम प्रधान विनीत कुमार उपाध्याय ने प्रशासन से आर्केस्ट्रा पर रोक लगाने की मांग की। कहा कि गांवों में मांगलिक कार्यक्रमों में आर्केस्ट्रा को लेकर आए दिन मारपीट हो रही है। बैठक में एसआई महेंद्र प्रताप सिंह, ज्ञान सिंह पटेल, रिंकू सिंह, डॉ. राम मनोहर त्रिपाठी, सुनील कुमार पांडेय, मोहम्मद शकील, शमशेर आलम, सूर्यपाल सिंह, विनीत उपाध्याय, शक्ति चौधरी, गोपाल यादव, पंकज यादव, रवि शंकर तिवारी, राजू गौड़, महेंद्र प्रसाद, राजकुमार, पवन कुमार, अखिलेश यादव आदि उपस्थित रहे।

आज उजाला दि० 11-6-22

माहौल बिगाड़ने वालों पर रखें कड़ी नजर : एसपी

बरहज/भलुअनी। एसपी संकल्प शर्मा ने भलुअनी और बरहज थाने का बृहस्पतिवार देर शाम निरीक्षण किया। दोनों थाना क्षेत्र में उन्होंने पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च किया। एसपी ने पुलिसकर्मियों को माहौल बिगाड़ने वालों पर कड़ी नजर रखने को कहा।

देर शाम एसपी संकल्प शर्मा बरहज पहुंचे। बीआरडीबीडी पीजी कालेज आश्रम के मुख्य गेट से थाना तक पैदल मार्च किया। करीब एक घंटे तक रहे एसपी ने कार्यालय, मेस, कंप्यूटर कक्ष, शौचालय, आवास आदि का निरीक्षण करते हुए टॉपटेन अपराधियों के बारे में पूछताछ की। कानपुर दंगे को देखते हुए पुलिस को सतर्क रहते हुए अवांछनीय तत्वों पर नजर रखने को कहा। हालांकि शुक्रवार को जुमे की नमाज के दिन छोटी-बड़ी मस्जिदों पर पुलिस तैनात रही। सीओ देवआनंद, थानाध्यक्ष जयशंकर मिश्र, भलुअनी एसओ मुकेश मिश्र, सुभाष पांडेय, अमरनाथ सोनकर, शेषनाथ कन्नौजिया, अखिलेश कुमार, विजय मिश्र आदि मौजूद रहे। संवाद

अमर उजाला दि० 11-6-22

जुमे पर सतर्क रहा प्रशासन

जुमे की नमाज के समय एसपी ने किया शहर में पैदल मार्च



एसपी संकल्प शर्मा व सीडीओ रवींद्र कुमार ने जुमे की नमाज के दौरान अबूबकर नगर में पैदल मार्च किया। संवाद

फोटो समाचार

देवरिया। जुमे के नमाज को लेकर शुक्रवार को जिले की पुलिस अलर्ट रही। कोतवाली क्षेत्र सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों के मस्जिदों एवं मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में भ्रमणशील रहकर पुलिस कर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था की जांच की।

देवरिया कोतवाली क्षेत्र में एसपी संकल्प शर्मा एवं सीडीओ रवींद्र कुमार, सदर एसडीएम सौरभ सिंह, सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जुमा की नमाज के दौरान पैदल गश्त किया। दोनो ने वहां के धर्मगुरूओं, मस्जिदों के पेश इमाम व मौलाना से मुलाकात कर वार्ता की और भ्रमणशील रहकर जुमे की नमाज को सकुशल संपन्न कराया। एसपी ने बताया कि जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों ने अपनेअपने सर्किल के थाना क्षेत्र अंतर्गत जुमे की नमाज अदा करने वाले स्थानों पर उपस्थित रह कर सकुशल नमाज को पूरा कराया गया। ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मी नमाज अदा करने वाले स्थानों पर तैनात रहे एवं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखी। इस दौरान कोतवाल अनुज कुमार सिंह आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



मेहरौना में जुमे की नमाज के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व सीओ ने मार्च किया।

शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

लार/महरौना। कानपुर में हुए हिंसक झड़प व बवाल की घटना के बाद जुमे की नमाज के दौरान एहतियात के तौर पर लार थाना क्षेत्र के सभी मस्जिदों पर पुलिस तैनात रही। नमाज अदा कर मस्जिदों से निकले लोगों से पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। लोगों ने भी अमन चैन से रहने का भरोसा दिलाया। शुक्रवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजन द्विवेदी, सीओ विनय यादव लार पहुंचे। इसके बाद पैदल मार्च करते हुए नगर के मोती मस्जिद, बड़ी मस्जिद, छोटी मस्जिद के सामने पहुंचे। यहां नमाज अदा करने पहुंचे लोगों से वार्ता कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। लोगों ने हर पल शांति व सद्भाव बनाए रखने का भरोसा दिलाया। पूरे नगर में पैदल मार्च कर पुलिस मेहरौना, चटिया, गढ़वा, पिंडी, सहजौर पहुंची। वहां एसडीएम व सीओ ने शांति व्यवस्था का जायजा लिया। सीओ ने कहा कि पुलिस की हर गतिविधि पर पैनी नजर है। उपद्रव करने वाला चाहें कोई भी हो, बख्शा नहीं जाएगा। गुंजन द्विवेदी ने कहा कि नमाज अदा कर सभी अपने अपने घर चले जाएं। बिना वजह भीड़ ना लगाएं। प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया पर हिंसक पोस्ट करने वालों पर पुलिस नजर बनाए हुई है। उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एस एस आई राममोहन सिंह, उपनिरीक्षक चंद्रशेखर यादव, विनोद यादव, विवेक यादव सहित भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रही। इसी तरह मेहरौनाघाट मस्जिद पर नमाज के दौरान काफी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

KUSHINAGAR POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-06-2022

जुमे की नमाज को लेकर सभी मस्जिदों के बाहर तैनात रही पुलिस, दिनभर दौड़ती रहीं पुलिस की गाड़ियां

शांति से अदा हुई जुमे की नमाज, अलर्ट रही फोर्स

कुशीनगर, हिन्दुस्तान टीम। कुशीनगर जिले के मस्जिदों में शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से पढ़ी गई। अकीदतमंद तय समय पर मस्जिदों में पहुंचे और नमाज अदा कर मुल्क के सलामती की दुआएं मांगी।

जुमे की नमाज को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मस्जिदों के बाहर पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। एसपी के निर्देश पर हर मस्जिदों के बाहर नमाज के वक्त पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था में खड़े मिले। शुक्रवार को आपके अपने अखबार 'हिन्दुस्तान' ने शुक्रवार को पांच प्रमुख मस्जिदों की पड़ताल की।

कुबेरस्थान इलाके में शांतिपूर्ण माहौल में पढ़ी गई नमाज: जून माह के दूसरे शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने शुक्रवार को शांतिपूर्ण माहौल में अकीदत के साथ जुमे की नमाज अदाकर मुल्क की सलामती व अमन चैन की दुआएं मांगी। क्षेत्र के बतरौली बाजार, अमवा बुजुर्ग, कल्याण छापर, गंगौली, फागूपुर विशुनपुरा, सखवनिया, बालखण्डी, सरेया, सिकटा, बड़गांव, प्रधानपट्टी, शुक्लपट्टी, पिपरा जटामपुर, परसौनी समेत अन्य गांवों की मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई।।



शुक्रवार को जामा मस्जिद बतरौली बाजार में जुमे की नमाज अदा करते लोग।

दुदही क्षेत्र में विशुनपुरा पुलिस करती रही भ्रमण: दुदही क्षेत्र में शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। एसओ नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि ठाढ़ीभार, मैहरवा, मदुरही, गौरी श्रीराम, बांसगांव, जमुआन, कोकिलपट्टी, बैकुंठपुर कोठी, चाफ, दुबौली, दुदही समेत अन्य सभी मस्जिदों पर शांतिपूर्ण अकीदतमंदों ने जुमे की नमाज पढ़ी।



शुक्रवार को हाटा के मदनी मस्जिद के बाहर मौजूद पुलिस के जवान। • हिन्दुस्तान

नमाज को लेकर अलर्ट मोड पर रहा प्रशासन

हाटा नगर स्थित सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज के दौरान प्रशासन कानपुर की घटना के मद्देनजर अलर्ट मोड पर रहा। एसडीएम वरुण पांडेय व कोतवाल आरके सिंह, कस्बा इंचार्ज वीरेंद्र यादव द्वारा नगर स्थित मदनी मस्जिद, जामा मस्जिद, रहमानिया मस्जिद, उस्मानिया मस्जिद व छोटी मस्जिद में नमाज के दौरान भारी पुलिस बल तैनात थी।

फाजिलनगर में सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम

कानपुर दंगे के बाद पड़े जुमे के नमाज को लेकर प्रशासन पूरी तरह शुक्रवार को मुस्तैद रहा। जुमे के नमाज को लेकर क्षेत्र के प्रमुख मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा कराने के लिए पुलिस सक्रिय दिखी। वहीं, सभी जगहों पर नमाजियों ने शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा किया। क्षेत्र के मस्जिदों के बाहर पुलिस की तैनाती थी।

खड्डा में सकुशल संपन्न हुई जुमे की नमाज

शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान पुलिस क्षेत्र के संवेदनशील गांव कोहरगड्डी, बंजारीपट्टी, तुर्कहा, भुजौली, दरबहवा गंगाछापर, खड्डा में स्थित मदरसा अशरफिया अलहे सुन्नत अनवारुल उलूम के आसपास मौजूद रही। इस दौरान मदरसें पर जुटे मुस्लिम समाज के लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा की। नमाज समाप्ति के बाद पुलिस राहत की सांस ली।

डीएम और एसपी ने किया मार्च, शांति की अपील की

सतर्कता

कसया, हिन्दुस्तान संवाद। जुमे की नमाज को लेकर शुक्रवार को नगर में डीएम एस राजलिगंम व एसपी धवल जायसवाल ने फोर्स के साथ पैदल गश्त किया।

भ्रमण कर अफसरों ने धर्मगुरुओं से शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। कानपुर में उपद्रव के बाद प्रशासन हाई अलर्ट पर है। कई जिलों में धारा 144 लागू की गई है। उसी क्रम में शुक्रवार को जुमा की नमाज को देखते हुए नगर व क्षेत्र के सभी मस्जिदों के आसपास पुलिस फोर्स तैनात रही। डीएम व एसपी ने फोर्स के साथ पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। नमाज शांति पूर्ण ढंग से संपन्न होने के बाद पुलिस फोर्स वापस लौट गई। दिन के एक बजे डीएम, एसपी नगर में पहुंचे। गांधी चौक से उनके नेतृत्व में पुलिस एवं पीएसी फोर्स पैदल मार्च करते हुए बड़ी मस्जिद तक गया। यहां डीएम व एसपी ने तैनात पुलिस फोर्स को पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया। बीते 3 जून को कानपुर के बेकनगंज थानाक्षेत्र की नई सड़क इलाके में जुमे के नमाज के बाद सांप्रदायिक हिंसा भड़क उठी थी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, चौकी प्रभारी संजय सिंह, एसएसआई हरेराम यादव, उपनिरीक्षक लल्लन यादव आदि उपस्थित रहे।

आत्महत्या के मामले में पति हुआ गिरफ्तार

खड्डा। खड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम बरवारतनपुर निवासी छद्दू मुसहर पुत्र तुलसी शराब के नशे में अक्सर पत्नी को मारा पीटा करता था। 5 जून की रात छद्दू ने पत्नी की जमकर पिटाई की। जिस पर पत्नी ने आत्महत्या कर ली। यह देख छद्दू घर छोड़कर भाग गया।

मायके वालों ने पति पर ही आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में खड्डा पुलिस वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया। जहां मुखबिर के जरिये पुलिस को सूचना मिली कि पत्नी को आत्महत्या करने पर मजबूर करने वाला वांछित अभियुक्त छद्दू बंजारीपट्टी नहर के रास्ते भागने की फिराक में है। इसकी जानकारी मिलते ही इंस्पेक्टर धनवीर सिंह, एसआई राजेश यादव, कांस्टेबल राजू कुमार को मौके पर भेजा। जहां टीम मौके पर पहुंच मुखबिर के निशानदेही पर अभियुक्त छद्दू को गिरफ्तार कर लिया।

चोरी का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

हाटा। गुरुवार को हाटा पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चौबीस घंटे पहले चुराए गए 18005 रुपये बरामद किया है। गुरुवार को इस मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी थी।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान महेश कुमार निवासी मोड़ाडीहा थाना धानेपुर जनपद गोण्डा के रूप में हुई है।

लापता मासूम को पुलिस ने किया बरामद

खड्डा। खड्डा पुलिस ने एक लापता तीन वर्षीय मासूम को क्षेत्र के सिसवा गोपाल से बरामद उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। खड्डा के सिसवागोपाल में शुक्रवार को एक तीन वर्षीय बच्ची लावारिश हाल में मिली। लोगों ने बच्ची से काफी पूछताछ की, लेकिन वह अपने बारे में कुछ भी नहीं बता सकी। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी और सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड कर दिया।

पटहेरवा थाने में की गई नीलामी

पटहेरवा। स्थानीय थाने में विभिन्न मामलों में निरुध्द कुल 63 वाहनों की नीलार्म तहसीलदार तमकुहीराज दीपक गुप्ता के नेतृत्व में थाना परिसर में की गई। सुबह से ही नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने वाले व्यक्तियों का हुजूम थाना परिसर में लगा रहा। पटहेरवा थाना में कुल 63 वाहन को नीलामी के लिए पुलिस द्वारा न्यायालय से अनुमति ली गयी थी।

भीम आर्मी का बोर्ड उखाड़ने पर केस

समउर बाजार। पटहेरवा थाना क्षेत्र के कोटवा टिकम्पार में भीम आर्मी का बोर्ड उखाड़कर फेंकने व पुआल उपले आदि में आगजनी किये जाने के आरोप के मामले में पुलिस ने आठ लोगों के विरुद्ध तोड़फोड़ आगजनी व हरिजन उत्पीड़न का मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

जबकि बीती रात्रि इसी गांव में छठ वेदी तोड़े जाने की सूचना पर पहुची पुलिस ने तोड़े गए वेदियों को ठीक करा कर जांच शुरू कर दी है।

गांव में बुधवार की रात्रि अज्ञात अराजक तत्वों द्वारा गांव में लगे भीम आर्मी के बोर्ड को उंखाड़कर समीप के पोखरे में फेंक दिया गया था। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया था।

बालक से कुकर्म के आरोपित को भेजा गया जेल

तरयासुजान : तरयासुजान के बहादुरपुर पुलिस चौकी के एक गांव में आठ वर्षीय बालक के साथ कुकर्म करने के आरोपित 65 वर्षीय सुरेंद्र राव के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामला बीते सात जून की बताई जा रही है। तहरीर के अनुसार बालक को आरोपित ने आम खिलाने का लालच देकर घर बुलाया और उसके साथ कुकर्म किया। बालक बेहोश हो गया। वह काफी देर तक घर नहीं पहुंचा तो स्वजन ढूंढ़ने लगे। बालक आरोपित के घर बेहोशी की हालत में मिला, जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर हालत में उसे मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। मामले में पीड़ित बालक की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को शुक्रवार को जेल भेज दिया। (जासं)

जुमे की नमाज को लेकर रही सतर्कता

डीएम व एसपी ने पैदल मार्च कर दिया सुरक्षा का भरोसा, मातहतों को दी हिदायत

जागरण टीम,कुशीनगर: कानपुर की घटना से सबक लेते हुए शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पुलिस-प्रशासन विशेष रूप से अलर्ट रहा। मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। डीएम एस राजलिंगम व एसपी धवल जायसवाल ने फोर्स के साथ पैदल मार्च करते हुए सुरक्षा का भरोसा दिया। शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने धर्मगुरुओं, मौलवी आदि को आमजन से संवाद स्थापित कर प्रेम व सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया तो कर्मचारियों को सतर्कता बरतने की हिदायत दी। नगर में एसडीम महात्मा सिंह आदि मौजूद रहे। कसया कार्यालय के अनुसार जुमा की नमाज को देखते हुए नगर व ग्रामीण क्षेत्र के सभी मस्जिदों के आसपास पुलिस तैनात रही। डीएम व एसपी ने फोर्स के साथ फ्लैगमार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। नमाज शांतिपूर्ण ढंग से होने के बाद पुलिस फोर्स वापस लौट गई। गांधी चौक से इनके नेतृत्व में पुलिस एवं पीएसी फोर्स पैदल मार्च करके बड़ी मस्जिद तक गया। कानपुर के बेकनगंज थानाक्षेत्र की नई सड़क इलाके में जुमे के नमाज के बाद सांप्रदायिक हिंसा को लेकर सभी सतर्क रहे। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, चौकी प्रभारी संजय सिंह, एसएसआई हरेराम यादव, उपनिरीक्षक लल्लन यादव आदि उपस्थित रहे। दुदही संवाददाता के अनुसार विशुनपुरा पुलिस ने जुमे की नमाज को लेकर सतर्क रही। प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र प्रताप राय, एसआइ सदानंद यादव के साथ पुलिस बल दुदही उपनगर के महियरवां, पडरौना मठूड़ही में भ्रमण करते रहे। गोड़रिया संवाददाता के अनुसार विशुनपुरा के मस्जिदों की सुरक्षा के चौकस इंतजाम रहा।



पडरौना जामा मस्जिद में नमाज के समय निरीक्षण करते वाए से डीएम एस राजलिंगम, एसपी धवल जायसवाल, सीओ सदर कुंदन कुमार सिंह ● जागरण

थानाध्यक्ष नरेन्द्र प्रताप राय के नेतृत्व में गोड़रिया, बांसगांव,माधोपुर, ठाढ़ीभार, चाफ, बैकुंठपुर आदि का भ्रमण किया गया। तमकुहीराज संवाददाता के अनुसार तहसील क्षेत्र में एसडीएम व्यास नारायण उमराव पुलिस फोर्स के साथ मस्जिदों का भ्रमण करते रहे।

अतिक्रमण के विरुद्ध चला बुलडोजर

जासं, दुदही : उपनगर दुदही के गोला बाजार में दूसरे दिन शुक्रवार को नाली व सड़क की पटरियों की दोनों तरफ हुए अवैध अतिक्रमण को प्रशासक रत्निका श्रीवास्तव के नेतृत्व में अभियान चलाकर हटवाया गया। नगर पंचायत द्वारा चलाए गए इस अभियान से अवैध अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। अधिशासी अधिकारी विनय मिश्र, एसएचओ नरेंद्र राय, कानूनगो ओमप्रकाश प्रसाद, लेखपाल जयंत गुप्ता, संतोष गुप्ता सहित पुलिस बल के साथ पहुंचे। गोलाबाजार में रोड के दोनों तरफ नालियों के ऊपर से अवैध अतिक्रमण को हटाया गया। चांदनी चौक, गांधी चौक पर हुए अतिक्रमण को हटाने की अपील की गई। प्रशासक ने व्यापारियों से नगर के प्रमुख मार्गों पर दुकानों के आगे लगाए गए छज्जा को तत्काल हटाने के निर्देश दिए।

मानसिक व शारीरिक मजबूती जरूरी

जागरण संवाददाता, जगदीशपुर बरडीहा: पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्ता ने शुक्रवार को अहिरौली बाजार थाना परिसर में पुलिसकर्मियों की परेड कराई। शारीरिक फिटनेस देखने के लिए पुलिसकर्मियों की दौड़ लगवाई। अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने का निर्देश दिया।

संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि पुलिसकर्मियों के लिए शारीरिक व मानसिक मजबूती जरूरी है। इसके लिए नियमित परेड



अहिरौली थाना परिसर में परेड में शामिल पुलिसकर्मी● जागरण

वाली सूचना पर पुलिस टीम तत्काल

गांजा के साथ एक गिरफ्तार

पनियहवा : एएसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को हनुमानगंज पुलिस ने पनियहवा रेलवे ढाला के पास से राजन कुमार निषाद निवासी पथलहवा हनुमानगंज 1.2 किग्रा अवैध गांजा बरामद किया गया, जिसे जेल दिया भेजा गया। दारोगा दीनानाथ पांडेय, देवीलाल यादव आदि मौजूद रहे।

आठ व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा

सम्हउर बाजार : पट्हेरवा क्षेत्र के कोटवा टिकमपार में बार-बार भीम आर्मी का बोर्ड उखाड़े जाने, तोड़फोड़ व आगजनी किए जाने के मामले में पुलिस ने आठ व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज की है। बीते बुधवार की रात्रि गांव के ही कुछ अराजकतत्वों ने भीम आर्मी का बोर्ड उखाड़ कर फेंक दिया था। (जासं)

लावारिश हालत में पुलिस को मिली बच्ची

खड्डा: सिसवा गोपाल गांव में शुक्रवार को एक बच्ची लावारिश हालत इधर उधर घूमती दिखी। वह अपना नाम व पता बताने में असमर्थ है।खड्डा पुलिस बच्ची को अभिरक्षा में लेकर स्वजन की खोजबीन कर रही है।पुलिस की ओर से बच्ची का फोटो इंटरनेट मीडिया पर अपलोड किया गया है, ताकि बच्ची के स्वजन तक सूचना पहुंच सके।

डीएम व एसपी ने किया मार्च

संवाद न्यूज एजेंसी

शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्वक अदा की गई

कसया। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर डीएम एस राजलिंगम व एसपी धवल जायसवाल ने नगर में मार्च कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी की।

डीएम ने कहा कि समाज में शांति व्यवस्था कायम रखना नैतिक दायित्व है। इसका ईमानदारी के साथ निर्वहन किया जाना चाहिए। एसपी ने कहा कि पुलिस व प्रशासन हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए हुए है। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान लोगों से अफवाह आदि न फैलाने की नसीहत दी। आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया। कहा कि सोशल मीडिया पर भी कोई ऐसा पोस्ट आदि न डाला जाए, जिससे किसी को ठेस पहुंचे। ऐसे कार्यों से बचना चाहिए। किसी को कोई भड़काऊ भाषण आदि न पोस्ट करें, न ही लिखें।

शांतिपूर्ण माहौल में नमाज पढ़ी गई

समउर बाजार। जुमे की नमाज क्षेत्र में शुक्रवार को शांतिपूर्वक अदा की गई। पुलिस जहां-जहां नमाज अदा की जाती है, वहां-वहां मुस्तैद रही। क्षेत्र के अहलादपुर, काजीपुर, पिपराकनक, पटहेरवा समेत अन्य गांवों की मस्जिदों में शांतिपूर्वक नमाज अदा की गई। इस दौरान पुलिस मस्जिद वाले स्थलों का भ्रमण कर जायजा लेती रही। एसएचओ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके से जुमे की नमाज संपन्न कराने के लिए पुलिस तैनात रही। संवाद

पुलिस ने बच्ची को माता-पिता को सौंपा



खड्डा। लावारिस मिली अबोध बच्ची के माता-पिता को पुलिस ने सौंप दिया। शुक्रवार की सुबह खड्डा पुलिस को सूचना मिली कि लगभग तीन साल की एक बच्ची सिसवा गोपाल गांव के पास रमइता पुल के पास लावारिस हाल में भटक रही है। रो रही है। इसके बाद पुलिस पहुंची और उसे थाने ले आई। थाने की महिला सिपाही प्रसून सिंह बच्ची को अपने आवास ले गईं। पुलिस ने सोशल मीडिया सहित अन्य प्रयास कर उसके माता-पिता का पता लगा लिया। बच्ची के पिता राधेश्याम चौहान निवासी ग्राम गायघाट थाना पडरौना ने बताया कि उनकी रिश्तेदारी खड्डा क्षेत्र के सारंग छपरा गांव में है। बेटी स्वप्निल वहीं आई थी। इस बाबत थानाध्यक्ष धनवीर सिंह ने बताया कि चाइल्ड लाइन की देखरेख में बच्ची को माता-पिता को सौंप दिया गया। संवाद

MAHARAJ GANJ POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-06-2022

नशीले इंजेक्शनों के साथ तीन गिरफ्तार

नौतनवां। सरहद पर तैनात पुलिस व एसएसबी के संयुक्त अभियान में सरहद के पीलर संख्या 519 के निकट बीती रात 3 युवाओं को अमीर खान पुत्र शफीक निवासी सुकरौली, राहुल प्रजापति पुत्र योगेश प्रजापति गौतमबुद्धनगर नौतनवा व संजय शर्मा पुत्र विजय शर्मा फूलगली नौतनवा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक बाईक व भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन बरामद किये। उन्हें आरोपितों द्वारा नेपाल ने जाने की कोशिशें की जा रही थीं। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि बरामद इंजेक्शनों को सीज कर तीनों के विरूद्ध केस दर्ज किया है।

मेयर की अगुआई में हज यात्रियों की विदाई

सोनौली। सोनौली नगर से हज की यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों की विदाई का दृश्य बहुत ही भावुक पलों को समेटने व सहेजने वाला रहा। हज यात्रियों को विदा करने के लिए विशेष रूप से पहुंचे भैरहवा के नवनिर्वाचित मेयर इश्तियाक खान ने उनकी आगे की यात्रा और उसकी सफलता के लिए दिली मुबारकबाद दी। हज यात्रा पर जाने वाले अब्दुल सलाम व उनकी धर्मपत्नी सबरूननिशा ने सभी से बधाईयां ली और आगे की यात्रा के लिए रूखसत हुए। इस मौंके पर सभी की आंखें बेहद नम हो गयीं। इस मौंके पर वरिष्ठ समाजसेवी श्रीनारायण त्रिपाठी अब्दुल समद खान,अहद खान,हाजी अब्दुल कयूम,मौलाना असगर अली,शेर अली,व्यापारी नेता विजय रौनियार,सईद अली,बबलू खान,शाकिर अली,मन्नू खान,अबूबकर,मो.यूनूश आदि मौजूद रहे।

चोरी की बाइक बरामद, दो गिरफ्तार

नौतनवा। सरहदी सोनौली पुलिस ने चोरी की बाईक के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर उन्हें विधिक कार्यावाही के लिए न्यायालय के रवाना किया। यह जानकारी प्रभारी निरीक्षक सोनौली मनोज कुमार राय ने दी। श्री राय ने बताया कि चौकी प्रभारी रामचरण सरोज अपने हमराहियों अमरेश राय व अनुप शर्मा के सरहद के समीप श्यामकाट गांव के पास गश्त पर थे। तभी सूरज पुत्र धमाल लक्ष्मीनगर धकधई व मंदेश पुत्र रामबहाल पता उपरोक्त निवासी नेपाल को रोक कर उनसे पूछताछ की। इस दौरान उनके कब्जे से बाईक संख्या यूपी 56 वी 1907 को बरामद किया। पुलिस के अनुसार उक्त वाहन की चोरी की गयी थी। पूछताछ के बाद सभी आरोपितों के साथ विधिक कार्यवाही की गयी।

गायब युवक को बरामद कर परिजनों को सौंपा

आनन्दनगर (एसएनबी)। पुलिस अधीक्षक महराजगंज डा.कौस्तुभ, अपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार के निर्देशन और पुलिस क्षेत्राधिकारी फरेन्दा कोमल प्रसाद मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना फरेन्दा पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 115/2022 धारा 363 भादवि से संबन्धित अपहृत सत्यम वर्मा उम्र 17 वर्ष पुत्र राजेश वर्मा निवासी वार्ड नम्बर 4 चौरहिया गोला आनन्दनगर फरेन्दा से जो दिनांक 4 जून 2022 को कोचिंग जाने की बात कहकर कहीं चले जाने के सम्बन्ध में पंजीकृत किया गया था।

उक्त मामले में सीडीआर के आधार पर लोकेशन ट्रेस कर व अन्य वैज्ञानिक तरीको का इस्तेमाल कर राजेश वर्मा के रिश्तेदारो की सहायता से सत्यम वर्मा उपरोक्त की बरामदगी दिल्ली से किया। बरामद किशोर को सकुशल उसके परिजन को सुपुर्द किया गया।

निर्माण को लेकर युवक की पीट कर हत्या, तीन पर केस

गांगी बाजार (महराजगंज) (एसएनबी) । पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा भवानीपुर के कुर्मी टोले पर शुक्रवार को दिन में लगभग 9 बजे एक जमीन पर निर्माण को लेकर एक दूसरे पक्ष के द्वारा निर्माण कार्य को रोकने गए एक व्यक्ति को मौके पर पीट - पीट कर हत्या कर दी। हत्या के बाद हो हल्ला की आवाज सुन काफी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए । मामले की जानकारी मिलते ही सीओ सदर अजय सिंह चौहान घटना स्थल पर पहुंच जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजने की कार्यवाही शुरू कराना चाहा तो परिजनों ने पुलिस पर गम्भीर आरोप लगाते हुए शव को पीएम में जाने से रोक दिया। इससे माहौल कुछ देर के लिए गर्म हो गया। इसी बीच घुघली एसओ सत्य प्रकाश सिंह भी मय फोर्स मौके पर पहुंच कर कमान संभाले लेकिन सीओ सदर की कड़ी मशक्कत के बाद परिजन 3 घण्टे बाद पोस्टमार्टम में शव भेजे जाने को तैयार हुए । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । घटना स्थल पर एहतियात के तौर पर पुलिसकर्मी तैनात हैं जबकि आरोपी घर में ताला लगा कर मौके से फरार हो गए हैं ।

मिली जानकारी के अनुसार पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा भवानीपुर के कुर्मी टोले पर एक पक्ष के लोग एक विवादित जमीन पर निर्माण करा रहे थे कि इसी बीच उन्ही के पट्टीदार संतोष सिंह पुत्र स्व. लक्ष्मण सिंह निर्माण कार्य को रोकने मौके पर पहुंच गए लेकिन निर्माण कार्य नही रुका और कुछ ही पल में दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा संतोष सिंह की पीट - पीट कर मौके पर हत्या कर दी गयी । मृतक अपने चार भाइयों में तीसरे नम्बर के थे जिनके जिनसे 3 लड़के व एक लड़की है। मृतक की पत्नी सरोज का लगभग 8 वर्ष पूर्व देहांत हो चुका है। शुक्रवार को संन्तोष की हत्या हो जाने से बच्चों के ऊपर से माता पिता दोनों का साया छिन गया । मृतक के भतीजे अभय प्रताप की तहरीर पर पनियरा थाने में भादंवि की धारा 302 व 34 आईपीसी के तहत विजय कुमार सिंह, अजीत सिंह व पृथ्वी सिंह के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

सीओ सदर नेबताया कि इस मामले में नामजद तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। एक को गिरफ्तार कर लिया गया है। एहतियात के तौर पर पुलिस कर्मी तैनात हैं ।

अपर पुलिस अधीक्षक ने भी किया निरीक्षण : पनियरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा भवानीपुर के कुर्मी टोले पर जमीन पर निर्माण को लेकर एक व्यक्ति की हुई हत्या के मामले मेंअपर पुलिस अधीक्षक निवेश कटियार ने भी दोपहर बाद घटना स्थल का निरिक्षण किया। साथ ही कार्यवाही के बारे में जानकारी हासिल कर आरोपियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया।

थानाध्यक्ष, उपनिरीक व दो हे.का. निलंबित

महराजगंज (एसएनबी) । जनपद के पनियरा थाना क्षेत्र के भवानीपुर गांव में जमीनी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में संतोष सिंह की हत्या हो गयी। पीड़ित पक्ष ने पनियरा थाने में शिकायत दर्ज करायी थी लेकिन कार्यवाही नहीं हुई थी। इस मामले की जांच पुलिस अधीक्षक ने सीओ सदर से करायी। जांच में आरोप सत्य पाया गया। मामले को गं भीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने पनियरा प्रभारी निरीक्षक सं जय सिंह, उप निरीक्षक इस्माइल खां, हे.का. हरेराम सिंह व जनार्दन सिंह यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। पुलिस अधीक्षक की इस ब ड़ी कार्र वाई से पुलिस महकमे में हड़कम्प मचा हुआ है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वादी पक्ष द्वारा इस मामले की सूचना थाने पर देने के बाद भी कार्यवाही नहीं हुई। मामले की जांच में भी प्रथम दृष्ट्या आरोप सत्य पाया गया। ऐसे में प्रभारी निरीक्षक, एक उपनिरीक्षक व दो हेड कांस्टेबिल कोनिलं बित कर दिया।

जिलेभर में शांति के साथ संपन्न हुई जुमे की नमाज, सुबह से ही मस्जिदों के पास अलर्ट मोड में रही पुलिस

कड़ी सुरक्षा के बीच पढ़ी जुमे की नमाज

सतर्कता

महराजगंज,निज संवाददाता। जुमे की नमाज के दौरान शुक्रवार को जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। सुबह से ही पुलिस महकमा अलर्ट मोड में रहा। सुरक्षा को लेकर जिले भर के प्रमुख मस्जिदों व बाजारों में पुलिस की सरगर्मी बनी रही। फोर्स तैनात की गई थी। अफसरों की निगहबानी बनी रही। कड़ी सुरक्षा के बीच लोगों ने अकीदत के साथ जुमे की नमाज अदा की।

जुमे की नमाज के दौरान पुलिस का रहा पहरा : नगर के सिविल लाइन स्थित नूरी जामा मस्जिद के बाहर पुलिस विभाग के जिम्मेदारों ने दोपहर बाद भारी पुलिस बल तैनात कर दिया। कुछ इसी तरह का हाल नगर के सक्सेना चौक स्थित रजा जामा मस्जिद का भी रहा। कोतवाल रवि राय, चौकी इंचार्ज रविंद्र सिंह पुलिस के जवानों को लेकर जुमे की नमाज पूरी होने तक पूरी तरह से अलर्ट रहे। इस अवसर पर मदरसा जामिया रिजविया नुरुल उलूम के पूर्व प्रधानाचार्य मु. मोइनुद्दीन कादरी, कार्यवाहक प्रिंसिपल मौलाना मोहम्मद अख्तर हुसैन, असलम, शमसुल हुदा खान, सदरेआलम, हाजी गुलाम रसूल, सैयद अली आदि मौजूद रहे। समाज के लोगों ने अमन-शांति की दुआ की।



महराजगंज शहर के सक्सेना चौक स्थित रजा जामा मस्जिद में शुक्रवार को जुमे की नमाज पढ़ते नमाजी। • हिन्दुस्तान

शांतिपूर्वक हुई जुमे की नमाज: नौतनवा। नौतनवा कस्बे में शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर स्थानीय प्रशासन काफी चौकन्ना रहा। जगह-जगह भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई थी। सीओ धीरेंद्र कुमार उपाध्याय एवं थाना निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय लगातार कस्बे में पेट्रोलिंग करते रहे। कस्बे की अशरफी जामा मस्जिद, गरीब नवाज जमा मस्जिद, मधुबन नगर जामा मस्जिद, भुंडी मोहल्ले में स्थित जामा मस्जिद, मदीना मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में भारी पुलिस फोर्स तैनात रही। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय, वरिष्ठ उपनिरीक्षक देवेंद्र कुमार सिंह, आरके सिंह, उप निरीक्षक श्याम यादव, धीरज कुमार, योगेश्वर पांडेय, बृजेश सिंह, मृत्युंजय तिवारी आदि मौजूद रहे।

निचलौल में भी शांतिपूर्व माहौल में पढ़ी गई नमाज: निचलौल। निचलौल मदरसा परिसर स्थित मस्जिद व क्षेत्र के अन्य मस्जिदों में शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। इन मस्जिदों पर पुलिस बल भी तैनात रहा। एसओ निचलौल रामाज्ञा सिंह सभी जगहों की माननिटरिंग करते हुए देखे गए। कहीं से कोई अशांति की बात सामने नहीं आई। यही हाल क्षेत्र के पंचमुखी इटहिया शिवमंदिर व टिकुलहिया माता मन्दिर पर शांतिपूर्ण माहौल में लोगों ने पूजा-अर्चना की। एसओ रामाज्ञा सिंह ने बताया कि शांति व्यवस्था को कायम रखने के लिए हर जगह चौकस व्यवस्था की गई थी। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने महीने के हर शुक्रवार की भांति इस बार भी शांतिपूर्वक तरीके से जुमे की नमाज अदा की।

परतावल में पुलिस करती रही दौरा

परतावल। परतावल क्षेत्र में जुमे की नमाज के दौरान पूरा दिन पुलिस विभाग के जिम्मेदार अलर्ट रहे। जुमे की नमाज के दौरान शांति व्यवस्था को कायम रखने के लिए पुलिस विभाग के अधिकारियों ने फोन आदि के माध्यम से जवानों को अलर्ट कर दिया। परतावल के जामा मस्जिद पर पुलिस कर्मियों को लगा दिया था। यही हाल हरपुर जमा मस्जिद का भी रहा। हरपुर जामा मस्जिद में कई बार पुलिस टीम आई और जांच कर चली गई।

फरेंदा में भी शांतिपूर्ण हुई जुमे की नमाज

फरेंदा। जुमे की नमाज के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों का जुलूस रुकने के लिए फरेंदा क्षेत्र की पुलिस टीम भी पूरी तरह से सतर्क रही। ऐसे में जुमे की नमाज के दौरान फरेंदा क्षेत्र में शांति बनी रही। आनंदनगर के जामा मस्जिद में नमाज शांतिपूर्ण अदा की गई। मौलाना लइक अहमद ने नामाजियों को नमाज अदा कराई। मौलाना लइक अहमद ने बताया की हर जुमे की नमाज की तरह इस बार भी किसी के चेहरे पर तनाव नहीं था।

नशीली दवाओं के साथ तीन दबोचे

सोनौली। भारत-नेपाल सीमा सोनौली की पगडंडियों पर एसएसबी व सोनौली पुलिस की संयुक्त टीम ने तीन युवकों को प्रतिबंधित नशीली दवाएं के साथ गिफ्तार कर लिया।

गुरुवार की देर शाम पुलिस व एसएसबी की गस्त के दौरान फरेंदी तिवारी बाजार से नेपाल जाते समय तीन युवकों को रोका। भागते समय तीनों को पकड़ लिया। कोतवाल मनोज कुमार राय ने बताया कि राहुल प्रजापति निवासी गौतम बुद्धनगर नौतनवा, संजय शर्मा निवासी फुलगली नौतनवा व आमिर खान उर्फ पल्लू निवासी सुकरौली थाना सोनौली को नशीली दवाएं, तीन एंड्रायड मोबाइल व एक केटीएम बाइक के साथ पकड़ी गई। इस संबंध में केस दर्ज कर तीनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

गायब किशोर दिल्ली में मिला

फरेंदा, हिन्दुस्तान संवाद। फरेंदा से बीते 4 जून को कोचिंग के लिए निकला एक किशोर गायब हो गया था। इसे पुलिस ने दिल्ली से बरामद कर परिजनों के हवाले कर दिया है।

आनंदनगर के चौरहिया गोला वार्ड नं. 4 निवासी राजेश वर्मा का 17 वर्षीय पुत्र सत्यम वर्मा चार जून को कोचिंग जाने को घर से निकला था। लेकिन वापस नहीं आया। परिजनों ने काफी खोजबीन की और पुलिस को तहरीर दी। तहरीर पर अपहरण का केस दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुटी थी। सीडीआर लोकेशन ट्रेस करने के साथ ही अन्य तंत्रों का सहारा लेकर पुलिस उसे दिल्ली से बरामद किया। शुक्रवार को किशोर को उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

संदिग्ध हालात में महिला की मौत, तीन पर केस

कार्रवाई

- पनियरा के बेनीगंज के सरैया टोले का मामला
- पिता ने दहेज हत्या का आरोप लगा दी तहरीर

पनियरा, हिन्दुस्तान संवाद। पनियरा के ग्राम बेनीगंज के सरैया टोले पर एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। महिला की शादी दो साल पहले ही हुई थी। उसकी छह माह की एक बेटी भी है। मृतका के पिता ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मृतका के पति, सास व ससुर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

गोरखपुर जनपद के कैम्पियरगंज क्षेत्र के हरखोरी निवासी तारकेश्वर सिंह ने अपनी बेटी अन्नू की शादी बेनीगंज निवासी महाराणा प्रताप सिंह के साथ जुलाई-20 में की थी। तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी बेटी को ससुराली दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। गुरुवार की रात उसकी दहेज हत्या कर दी गई। शव फंदे से लटकता मिला। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची। तब तक परिजन शव को नीचे उतार लिए थे। मृतका के पिता की तहरीर पर उसके पति, सास व ससुर के खिलाफ नामजद केस दर्ज कर लिया गया है।

पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा तीन घंटे रोका शव, एसपी ने एसओ समेत चार को किया सस्पेंड

भूमि विवाद में एक की मौत, तीन पर केस

बवाल



संतोष सिंह (फाइल फोटो)।

- पनियरा के भवानीपुर के कुर्मी टोले पर हुई घटना
- मौके पर पुलिस फोर्स की तैनाती कर दी गई



सीओ सदर ने लोगों को समझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। ● हिन्दुस्तान

एसओ घुघली को मिला पनियरा की कमान

महराजगंज। पनियरा एसओ के निलंबन के बाद एसपी डॉ कौस्तुभ ने नए एसओ की तैनाती कर दी है। घुघली के एसओ सत्यप्रकाश सिंह को पनियरा का एसओ बनाया है। वहीं प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह को घुघली थाने की कमान सौंपी गई है।

पनियरा (महराजगंज), हिसं। पनियरा क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर के कुर्मी टोले पर शुक्रवार को बड़ी घटना हो गई। दो पट्टीदारों के बीच जमीनी विवाद को लेकर धक्का-मुक्की व मारपीट में एक 55 वर्षीय शख्स की मौत हो गई।

इस घटना के बाद आरोपी पक्ष घर से फरार हो गए। वहीं पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों ने तीन घंटे तक शव को रोके रखा। मौके पर पहुंचे सीओ सदर अजय सिंह चौहान ने समझा-बुझाकर कार्रवाई का भरोसा देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मौके पर पुलिस फोर्स की तैनाती कर दी गई। मृतक पक्ष की ओर से सूचना के बाद भी पुलिस के न पहुंचने के आरोप की जांच कराकर एसपी डॉ. कौस्तुभ ने एसओ समेत तीन पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। मामले में तीन पर हत्या का केस दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

भवानीपुर के कुर्मी टोले पर दो पट्टीदारों विजय सिंह व संतोष सिंह के बीच जमीनी विवाद था। शुक्रवार को एक पक्ष विवाद वाली जमीन पर निर्माण करा रहा था। दूसरे पक्ष के संतोष सिंह ने पहुंचकर निर्माण को रोकने की कोशिश की। इसी को लेकर वहां विवाद हो गया। धक्का-मुक्की शुरू हो गई। धक्का-मुक्की में गिरने और ईंट चलाए जाने से संतोष सिंह चोटिल हो गए। ईंट संतोष सिंह के चेहरे पर लगी। मृतक के परिजन पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने से रोक दिया। घुघली थाने की पुलिस बुला ली गई। सीओ अजय सिंह चौहान भी पहुंच गए। मृतक के भतीजे ने हत्या का आरोप लगाते पुलिस को तहरीर दी।

हत्या के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया

पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर विजय सिंह, अजीत सिंह व पृथ्वी सिंह के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया। मुख्य आरोपी विजय सिंह पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। जबकि अन्य की तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं।

चार संतान, किसी की नहीं हुई है शादी

मृतक संतोष सिंह के तीन पुत्र और एक पुत्री है। ऐसे में अभी किसी की भी शादी तक नहीं हुई है। इसके बाद से संतोष की पत्नी की सात साल पहले ही मौत हो चुकी है।

> पनियरा के भवानीपुर के कुर्मी टोले पर दो पट्टीदारों के बीच आपसी विवाद विवाद में एक पक्ष के संतोष सिंह की मौत हो गई। इस मामले में तीन के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर मुख्य आरोपी विजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। वादी पक्ष ने आरोप लगाया कि थाने में सूचना के बाद भी पुलिस नहीं पहुंची। सीओ सदर से जांच कराने के बाद एसओ संजय कुमार सिंह, एसआई इस्माइल खां, हेड कांस्टेबिल हरेराम सिंह व हेड कांस्टेबिल जनार्दन सिंह यादव को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। -डॉ. कौस्तुभ, एसपी

150 शीशी नेपाली शराब के साथ एक गिरफ्तार

महराजगंज: निपनिया निवासी रघुनाथ के पास से निचलौल पुलिस ने 150 शीशी नेपाली शराब बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। वहीं सोहगीबरवा पुलिस ने भोथहां गांव में एक खेत से 10 लीटर कच्ची बरामद की है।(जासं.)

14 बोरी यूरिया के साथ तीन धराए

महराजगंज: ठूठीबारी पुलिस ने बार्डर से तीन आरोपितों को पकड़ा। इनके पास से बाइक पर लदी 14 बोरी यूरिया मिली। थानाध्यक्ष संजय दुबे ने बताया कि इनके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।(जासं.)

यातायात नियमों के उल्लंघन में 154 वाहनों का चालान

महराजगंज: यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को 154 वाहनों का चालान किया। वहीं 23 वाहन चालकों से 34200 रुपये जुर्माना भी वसूल किया है। (जासं.)

कड़ी सुरक्षा के बीच मस्जिदों में पढ़ी गई जुमे की नमाज

कानपुर प्रकरण को देखते हुए पूरी तरह अलर्ट रहा जिला और पुलिस प्रशासन, सुरक्षा व्यवस्था के किए गए थे पुख्ता इंतजाम

जागरण संवाददाता, महराजगंज : शुक्रवार को शहर से लेकर गांव तक कड़ी सुरक्षा के बीच जुमे की नमाज पढ़ी गई। कानपुर में हुए बवाल व तनाव को देखते हुए पुलिस व प्रशासन के अधिकारी पूरी तरह अलर्ट रहे। डीएम-एसपी ने भी कई मस्जिदों पर पहुंचकर जायजा लिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पहले से तैयारी चल रही थी। शुक्रवार सुबह से ही नगर के साथ विभिन्न कस्बों की बड़ी मस्जिदों में नमाज अदा आने से पहले पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया। आसपास से गुजरने वालों पर नजर रखी जा रही थी। शांतिपूर्वक नमाज अदा होने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

राष्ट्रीय राजमार्ग व सक्सेना चौक के समीप स्थित नूरी मस्जिद व बस स्टैंड के पीछे वाली बड़ी मस्जिद में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सदर कोतवाल, उप निरीक्षक सहित दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी सुरक्षा में लगा दिया गया था। दोपहर बाद बड़ी संख्या में लोग नमाज पढ़ने के लिए पहुंचे। खुफिया विभाग के अधिकारी भी लगातार लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करने में जुटे रहे। नगर के साथ ही परतावल, श्यामदेउरवा, कोठीभार, निचलौल, ठूठीबारी, नौतनवा, आदि



महराजगंज सक्सेना चौराहे पर स्थित मस्जिद मे नमाज पढ़ते लोग। जागरण



मस्जिद के बाहर सुरक्षा मे तैनात पुलिसकर्मी। जागरण

कानपुर प्रकरण को देखते हुए जुमे की नमाज के लिए सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। इसके पूर्व पीस कमेटी की बैठकों में भी लोगों से शांति की अपील की गई थी। शुक्रवार को शांतिपूर्वक तरीके से नमाज पढ़ी गई। पूरे जिले में शांति है।

हाकोस्तुभ, एसपी

कस्बों के मस्जिदों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई थी। इंटरनेट मीडिया पर भी लगातार निगरानी की जा रही है। आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है। गुरुवार को पनियरा के रहने वाले एक व्यक्ति ने इंटरनेट मीडिया पर भड़काऊ वीडियो पोस्ट किया था। पुलिस ने गंभीरता गिरफ्तार चालान करा दिया।

जुमे की नमाज के दौरान संवेदनशील स्थानों पर सतर्क रही पुलिस

शांतिपूर्ण ढंग से मस्जिदों में पढ़ी गई नमाज, मिठौरा, नौतनवां में भी फोर्स की रही नजर



नगर के सक्सेना चौक पर स्थित मस्जिद में नमाज अदा करते लोग। संवाद



नौतनवां में शांति व्यवस्था बनाए रखने के तैनात पुलिस फोर्स। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। जिले में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से पढ़ी गई। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस सतर्क रही। मस्जिदों में निर्धारित समय पर नमा पढ़ी गई। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस नजर प्रत्येक हलचल पर बनी रही। शहर में पुलिस भ्रमण करती रही।

बस स्टेशन के पीछे, सक्सेना चौक समेत अन्य स्थानों पर शांतिपूर्ण ढंग से नमाज पढ़ी गई।

मिठौरा प्रतिनिधि के अनुसार सिंदुरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सिंदुरिया, परसामीर, परसाचक गोबरही, लेदवा, नरायनपुर, मोहनापुर, मिठौरा आदि मस्जिदों के बाहर पुलिस तैनात रही। थाना प्रभारी सिंदुरिया रामकृष्ण यादव ने कहा क्षेत्र में शांति पूर्ण ढंग से जुमे की नमाज अदा की गई।

नौतनवां प्रतिनिधि के अनुसार सीओ धीरेंद्र कुमार उपाध्याय एवं प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में सतर्क रहे। प्रत्येक चौराहों पर पुलिस तैनाती रही। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय, वरिष्ठ उपनिरीक्षक देवेंद्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

सोशल मीडिया पर वायरल हुई भड़काऊ पोस्ट

परतावल। पिछले सप्ताह शुक्रवार को कानपुर में हुई हिंसा के मद्देनजर स्थानीय प्रशासन भी अलर्ट रहा। इस बार शुक्रवार को जुमे की नमाज पर सभी मस्जिदों में पुलिस तैनात रही। नमाज अदा होने तक पुलिस अतिसंवेदनशील ग्राम सभाओं का भ्रमण करती रही। श्यामदेउरवां थानाक्षेत्र के एक युवक ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल कर दिया जिसमें 42 गांवों के लोगों को उकसाया जा रहा है। उक्त युवक द्वारा यह भी लिखा गया है कि नूपुर शर्मा की गिरफ्तारी के लिए जुलूस निकाला जाए ताकि भविष्य में कोई इस तरह का बयानबाजी न करें। वायरल पोस्ट को लेकर एक युवक ने ट्वीटर के माध्यम से पुलिस को सूचना दी। संवाद

संदिग्ध हाल में महिला की मौत, मुकदमा दर्ज

पनियरा। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेनीगंज के टोला सरैया में बृहस्पतिवार देर रात अन्नू (32) की संदिग्ध हाल में मौत हो गई। महिला की छह माह की एक बेटी भी है।

मृतका के पिता तारकेश्वर सिंह ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर पुलिस को दी। मामले में पुलिस ने पति, सास, ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गोरखपुर जनपद के कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के हरखोरी निवासी मृतका के पिता तारकेश्वर सिंह ने बताया कि पुत्री अन्नू की शादी बेनीगंज निवासी महाराणा प्रताप सिंह के साथ जुलाई 2020 में किया था। संवाद

लापता छात्र को पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द किया

फरेंदा। कस्बे के वार्ड नंबर चार निवासी स्वर्ण व्यवसायी राजेश वर्मा के पुत्र सत्यम वर्मा को शुक्रवार को पुलिस ने दिल्ली से बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। छात्र दिल्ली में अपने एक मित्र के साथ था जिसकी मोबाइल कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस ने छात्र का पता लगा लिया जिसको परिजनों की मदद से उसे दिल्ली लाया गया।

सीओ कोमल प्रसाद मिश्रा ने बताया कि कस्बे के वार्ड नंबर चार चौरहिया गोला निवासी छात्र सत्यम वर्मा 4 जून को दिन में 11 बजे घर से कोचिंग पढ़ने के लिए निकला था। कई घंटे बीतने के बाद घर नहीं लौटा तो परिजन परेशान हो उठे जिसकी तलाश में सभी रिश्तेदार व उनके मित्रों से जानकारी जुटाने की कोशिश की। परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी और पुलिस अपहरण का मुकदमा दर्ज कर छात्र की तलाश कर रही थी। पुलिस छात्र का लोकेशन ट्रेस कर रही थी। मोबाइल पर बातचीत के आधार पर पुलिस ने छात्र का पता लगा लिया। संवाद

BASTI POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-06-2022

आत्मदाह को पहुंची महिला पुलिस ने हिरासत में लिया

बस्ती। कलक्ट्रेट में शुक्रवार को आत्मदाह करने अपने बेटे के साथ पहुंची महिला को कोतवाली पुलिस ने हिरासत में ले लिया और कोतवाली ले आई। कप्तानगंज के हरदीखास की मंजू पत्नी शिव प्रसाद उपाध्याय ने समस्याओं का निस्तारण न होने पर 10 जून को आत्मदाह की चेतावनी दी थी।

आरोप है उनकी जमीन व मकान पर गांव केकुछ लोगों ने जबरिया कब्जा कर लिया है। एक माह तक सपरिवार डीएम कार्यालय व अमहट घाट पर धरना देकर न्याय की गुहार लगाई। कोई सुनवाई न होने पर आत्मदाह का निर्णय लेना पड़ा। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि आत्मदाह करने महिला अपने बेटे के साथ पहुंची थीं। हिरासत में लेकर कोतवाली लाया गया है।

नवागत जेल अधीक्षक ने संभाल लिया कार्यभार

बस्ती। जिला कारागार बस्ती में शुक्रवार को नवागत जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह ने कार्यभार संभाल लिया। पीलीभीत जिला जेल के अधीक्षक पद से स्थानांतरित होकर आए श्री सिंह ने शुक्रवार देर शाम अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया।

यहां तैनात रहे जेल अधीक्षक दिलीप कुमार पांडेय को बंदी की मौत में शासन ने निलंबित कर दिया था। नवागत जेल अधीक्षक ने जेल के शातिर अपराधियों और अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जेलर से जानकारी ली। कहा जेल में शासन के मंशानुसार कारागार की व्यवस्था संचालित की जाएगी।

सिपाही पर मुकदमा

बस्ती/ दुबौलिया। चौकीदार की नौकरी के नाम पर 45 हजार रुपया मांगने के आरोपी मुंशी आरक्षी अच्छेलाल सोनकर पर केस दर्ज कर लिया गया है। गुरुवार को एसपी आशीष श्रीवास्तव ने आरोपी आरक्षी को निलंबित कर दिया था। ऑडियो वायरल होने के बाद उच्चाधिकारियों के संज्ञान में यह मामला आया था। एसपी ने सीओ कलवारी विनय चौहान को जांच सौंपी थी। गुरुवार को मिली जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रथमदृष्ट्या आरोप सही पाए जाने पर एसपी ने मुंशी को निलंबित कर दिया था।

कट्टा व कारतूस के साथ दबोचा

बभनान। गौर थाने के टॉप टेन व पैकोलिया थाने से चोरी में वांछित अपराधी कट्टा व कारतूस संग शुक्रवार को दबोच लिया गया। चौकी प्रभारी बभनान जनार्दन प्रसाद ने बताया कि कस्बे से पकड़े गए आरोपी की पहचान गोपीचन्द्र गुप्ता निवासी वार्ड नं 11 चंद्रशेखर नगर, नगर पंचायत बभनान के रुप में हुई। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ।

आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। गौर, पैकोलिया और गोंडा जिले के छपिया थाना में उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत आधा दर्जन मुकदमें दर्ज हैं।

नवागत डीएम का किया स्वागत

बस्ती। विकास भवन कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिध मण्डल अध्यक्ष रामअधार पाल के नेतृत्व में नवागत डीएम प्रियंका निरजंन का स्वागत किया। कर्मचारियों ने डीएम से कर्मचारियों के समस्या समाधान की उम्मीद जताया। विकास भवन कर्मचारी संघ के महामंत्री ओमप्रकाश, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपमणि शुक्ल, ग्राम्य विकास मिनिस्टीयल के अध्यक्ष मुकेश सोनकर, मनोज कुमार रहे।

सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर एसोसिएशन अध्यक्ष जलालुद्दीन कुरैशी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल डीएम प्रियंका निरंजन से मिला। बस्ती में उनकी तैनाती पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारियों की तरफ से सामाजिक कार्यों में जिला प्रशासन का पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

जमीन के विवादों का निस्तारण करेगी एसआईटी

बस्ती, निज संवाददाता। डीएम प्रियंका निरंजन ने भूमि विवादों के स्थायी समाधान को जिला स्तर पर एसआईटी गठन का निर्देश दिया है। एसआईटी में एक डिप्टी कलेक्टर, एक तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो, कम से कम दो लेखपाल तथा सिपाही शामिल होंगे। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए टीम संबंधित थाने से आवश्यक फोर्स लेकर मौके पर जाएगी।

डीएम ने निर्देश दिया है एसआईटी शिकायती प्रकरण के अलावा भी गांव में भूमि विवादों की सुनवाई करेगी। यदि

- एसडीएम की अध्यक्षता में बनेगी एसआईटी
- लेखपाल देंगे अतिक्रमण न होने का प्रमाण पत्र

प्रकरण को लम्बित रखने में राजस्व कर्मी की भूमिका मिली तो कठोर कार्रवाई होगी। एसडीएम को निर्देशित किया है कि वे लेखपालों से उनके क्षेत्र में अवैध अतिक्रमणमुक्त होने का प्रमाण पत्र लें। अवैध अतिक्रमण हो तो लेखपाल सूची तैयार करेंगे व फोर्स ले जाकर अवैध अतिक्रमण हटाएंगे।

डीएम ने कलक्ट्रेट में की जनसुनवाई: डीएम प्रियंका निरंजन ने कार्यकाल पहले दिन लगभग ढाई घण्टे कलक्ट्रेट में जन सुनवाई करते हुए पाया कि कई तहसीलों में भूमि विवाद के गम्भीर प्रकरण अनिस्तारित पड़े हैं, जिससे कभी भी कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है। सुनवाई के दौरान आये भूमि विवाद के प्रकरणों में उन्होंने सीधे संबंधित उप जिलाधिकारी से वार्ता कर मौके पर जाने एवं विवाद का निस्तारण कराने का निर्देश दिया। एक प्रकरण में उन्होंने सीआरओ नीता यादव तथा दो-दो प्रकरण में डिप्टी कलेक्टर आनन्द श्रीनेत तथा डिप्टी कलेक्टर प्रोबेशनर सुधांशु को देते हुए जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

जनसुनवाई में होम लोन के लिए दो दिन से धरने पर बैठी उर्मिला के प्रकरण का भी निस्तारण किया। लीड बैंक मैनेजर अविनाश चन्द्रा को बुलाकर प्रपत्रों का परीक्षण कर नियमानुसार होम लोन दिलाने की कार्रवाई का निर्देश दिया। उर्मिला होम लोन के लिए पिछले छः माह से परेशान है।

आठ ब्लॉकों के जोड़ों का बस्ती शहर व छह ब्लॉकों के जोड़ों का छावनी में हुआ विवाह, जनप्रतिनिधियों व अफसरों ने दिया आशीर्वाद

222 ने भरी मांग, आठ ने कबूल किया निकाह

सामूहिक विवाह

बस्ती, निज संवाददाता। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के जिले में 230 जोड़ों का विवाह हुआ। दो स्थानों पर आयोजित समारोह में 222 ने वैदिक मंत्रों के बीच विवाह किया तो आठ ने निकाहनामा कबूल किया। इस मौके पर दुल्हन के खाते में 35 हजार रुपये भेजे गए मौके पर 10 हजार रुपये का उपहार दिया गया। शहर के विवाह मण्डप परिसर में बस्ती सदर, रुधौली व भानपुर तहसील के आठ ब्लॉक व विक्रमजोत के रामरेखा मंदिर अमोढ़ा परिसर में 75 जोड़ों ने विवाह किया।

गरीब-अमीर की बेड़ियां तोड़ने का काम कर रहा सामूहिक विवाह: शहर के विवाह मंडप में आयोजित बस्ती सदर, कुदरहा, बहादुरपुर, बनकटी, सांऊघाट, सल्टौआ, रामनगर और रुधौली ब्लॉक के साथ नगर पालिका परिषद बस्ती, नगर पंचायत बनकटी व रुधौली के 155 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इसमें 150 हिन्दू व 05 मुस्लिम परिवार के जोड़े थे। समारोह का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, डीएम प्रियंका निरंजन, एसपी आशीष श्रीवास्तव, सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा सामूहिक विवाह योजना गरीब-अमीर की बेड़ियां तोड़ रहा है। इस योजना में जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी कन्यादान करते हैं। इनका उप निबन्धक कार्यालय में इनका विवाह पंजीकरण कराया जाएगा।

ब्लॉक प्रमुख सदर राकेश श्रीवास्तव, रामनगर यशकांत सिंह, कुदरहा अनिल दूबे, सांऊघाट अभिषेक कुमार, एमएलसी प्रतिनिधि हरीश सिंह, समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पांडेय, बीडीओव एडीओ मौजूद रहे। विवाह पर सभी ने सामूहिक रूप से वर-वधू को आशीर्वाद दिया।

विक्रमजोत ब्लॉक के रामरेखा मंदिर परिसर में शुक्रवार को सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ। यहां पर 72 जोड़े हिन्दू व 03 जोड़े मुस्लिम समाज आए। मुख्य अतिथि अजय सिंह विधायक हरैया ने मां गायत्री के चित्र के समक्ष पर दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। गायत्री शक्ति पीठ विक्रमजोत के परिवाजक पं. सविता मिश्र ने गायत्री परिवार एक दर्जन परिव्राजकों ने 72 जोड़े हिन्दू समाज के नवदम्पतियों का विवाह कराते हुए सात फेरे कराए। तीन मुस्लिम नवदम्पतियों को उनके धर्मगुरुओं ने निकाह पढ़ाया।

विधायक अजय सिंह व विधायक अतुल चौधरी ने नवदम्पति जोड़ों को चांदी की पायल, बिछिया, साड़ी, पैंट, शर्ट, ट्राली बैग, बर्तन आदि समान उपहार में दिया। ब्लॉक प्रमुख विक्रमजोत केके सिंह, योगेन्द्र सिंह प्रमुख प्रतिनिधि हरैया, ध्रुव नरायन सिंह पूर्व चेयरमैन हरैया, जटाशंकर शुक्ल प्रमुख प्रतिनिधि गौर, भोला निषाद प्रमुख कप्तानगंज, बीडीओ विक्रमजोत अनिल यादव, ग्राम विकास अधिकारी शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी, सुरेन्द्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। रामनगर विकास खंड के वनवधिया गांव निवासी दीपक पांडेय का विवाह प्राची पांडेय के साथ हुआ। सामूहिक विवाह में शामिल होने के सवाल पर दीपक ने छूटते हुए कहा कि इससे फिजूलखर्ची बची है।



शुक्रवार को सामूहिक विवाह के बाद नवदंपतियों को आशीर्वाद देते जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी।



रामरेखा मंदिर में निकाह करता मुस्लिम जोड़ा। ● हिन्दुस्तान

गर्मी से रहे बेहाल

सामूहिक विवाह में गर्मी व उमस चरम पर थी। विवाह के पहले व बाद में घराती-बराती हाथ के पंखा, गत्ता व अंगोछे से दूल्हा-दुल्हन व स्वयं को हवा करते दिखे। कुछ लोगों की वेदी टिनशेड के नीचे तो अधिकांश की वेदी टेंट के नीचे बनी थी।

परिजन हुए खुश

विवाह मंडप परिसर में वैदिक मंत्रों के बीच परिजन काफी खुश नजर आए। बेटी दामाद का पुरोहितों के निर्देश संस्कार व तिलक किया। एक दूजे को वरमाला पहनाया गया। उसके बाद सात फेरे लेकर सात जन्म का साथ निभाने का वादा किया गया।

योजना से खुश हूं, बेटी का किया अच्छा विवाह

विकास खंड बनकटी के दीक्षापार के अजीत कुमार प्रजापति ने कहा सीएम योगी की यह योजना हम सभी के लिए वरदान है। बेटी का विवाह अच्छे से किया है। गरीब व्यक्ति का विवाह इस तरह के समारोह में हो सकता है।

कड़ी सुरक्षा में अदा हुई जुमे की नमाज

बस्ती, निज संवाददाता। जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। कानपुर में हुए उपद्रव के बाद से जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन की सक्रियता बढ़ गई है। शहर से लेकर गांव तक सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। चौराहों व प्रमुख धार्मिक स्थलों के पास पुलिस की मौजूदगी रही। पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने भ्रमण कर शांति व्यवस्था पर नजर बनाए रखी।

पुरानी बस्ती में प्रशासन ने किया मार्च: पुरानी बस्ती के दक्षिण दरवाजा क्षेत्र में कमिश्नर एनएस गोविंदराजू, आईजी रेंज राजेश मोदक, डीएम प्रियंका निरंजन और एसपी आशीष श्रीवास्तवके नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने मार्च किया। दक्षिण दरवाजा स्थित मस्जिद में शुक्रवार की नमाज के लिए इस दौरान लोगों के आने का सिलसिला जारी रहा। शांतिपूर्ण माहौल में लोगों ने नमाज अदा की और वापस घरों की ओर रवाना हो गए। डीएम ने मार्च के दौरान लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने, अतिक्रमण न करने व सफाई व्यवस्था बनाए रखने को कहा। एलआईयू इंस्पेक्टर आलोक कुमार सिंह, एसओ पुरानी बस्ती आलोक कुमार श्रीवास्तव, चौकी इंचार्ज राधारमण आदि मौजूद रहे।

नमाज अदा कर शांति की मांगी दुआ: हर्रैया कस्बे की मुख्य जामा मस्जिद सहित क्षेत्र की अन्य मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। भीषण गर्मी के बावजूद काफी संख्या में लोग नमाज अदा करने के लिए पहुंचे। लोगों ने शांतिपूर्ण माहौल में नमाज अदा कर देश में शांति व खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। रजवा बाजार मस्जिद में मौलाना अब्दुल समद हश्मती ने लोगों को अल्लाह का पैगाम सुनाया। बसगड़ी, जगदीशपुर, फरैदा, नाथुला, नगरा बदली, मेढाईया, मिलाए व 12 गांव में नमाज अदा की गई। अमारी बाजार, महूघाट में के नूरानी मसजिद में जुमे की नमाज अदा की गई।

जामा मस्जिद कादिरिया जमदाशाही में पढ़ी गई नमाज: वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के जमदाशाही की जामा मस्जिद अहले सुन्नत कादिरिया में जुमे की नमाज शांति व सद्भाव के बीच अदा की गई। इसके अलावा पुरैना, सिसवारी, बसडिलिया, मझौआमीर, पैड़ा खरहरा, पड़िया खास, परसालालशाही, गंधरिया फैज, पकरी चौबे, खम्हरिया, तेलियाडीह, तरेता, रसुलपुर, सिहारी, हड़िया, अमौली, पुर्सिया, गाऊखोर, रसनी सहित क्षेत्र की अन्य मस्जिदों में शान्तिपूर्व नमाज अदा की गई। नमाज के दौराम वाल्टरगंज थाने के थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह मुस्तैद रहे।



पुरानी बस्ती में नमाज के समय निकाले गए प्रशासन के मार्च में शामिल डीएम व एसपी।

धर्मगुरुओं ने की शांति व सौहार्द की अपील

लालगंज थाना क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में अकीदत व एहतराम के बीच जुमे की नमाज अदा की गई। धर्मगुरुओं ने नमाज के दौरान लोगों से शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की। नमाज के दौरान पुलिस भी मुस्तैद रही।

जामा मस्जिद जिभियांव में उमड़े नमाजी

रजा जामा मस्जिद जिभियांव में जुमे की नमाज में नमाजी उमड़े। लोगों ने आपसी भाईचारे में नमाज अदा की। मस्जिद के पास पुलिस फोर्स मुस्तैद रही। इमाम मौलाना मेराज अहमद ने नमाज पढ़ाई। लोगों को हक की राह पर चलने की ताकीद की।

कोतवाली के हरदिया बरगदवा के पास रात तीन बजे पुलिस ने की घेराबंदी, तीन बदमाशों को किया गिरफ्तार

ट्रैक्टर चोरों से मुठभेड़, एक को लगी गोली

कामयाबी

- बदमाशों की फायरिंग में सिपाही हुआ घायल, ट्रैक्टर-ट्राली बरामद
- गोरखपुर और महराजगंज जिले के रहने वाले हैं बदमाश

बस्ती, निज संवाददाता। जिले के कोतवाली व एंटी व्हीकल थेफ्ट की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ में अंतरजनपदीय ट्रैक्टर-ट्राली चोर गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार की भोर में कोतवाली क्षेत्र के हरदिया बरगदवा के पास टीम ने घेराबंदी की। पुलिस को देख चोरों ने फायर कर भागने की कोशिश की। गोली एक सिपाही शुभम चौबे के हाथ को छीलते गुजर गई। जवाबी फायरिंग में बदमाश देवेश उर्फ नारायण को दाहिने पैर में गोली लगी।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि घायल सिपाही व बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां दोनों खतरे से बाहर हैं। बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने चोरी का ट्रैक्टर, ट्राली, वारदात में प्रयुक्त बाइक के अलावा तमंचा-कारतूस आदि बरामद किया गया है। गिरफ्तार बदमाशों में देवेश उर्फ नारायण निवासी भलेंद्री नगमा थाना खजनी गोरखपुर, आत्मा साहनी निवासी जौहरी थाना सिकरीगंज गोरखपुर और कन्हैया उर्फ वकील निवासी ग्राम सिंगापुर अयोध्या थाना पुरंदरपुर महाराजगंज शामिल है। पुलिस टीम पर जानलेवा हमला व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। एसपी के अनुसार आरोपी देवेश उर्फ नारायण व आत्मा साहनी ने बताया कि वे चोरी की गाड़ियों को नेपाल बॉर्डर के आसपास महाराजगंज में बेच देते हैं। 26 मई 2022 की देर रात कोतवाली बड़ेवन हाईवे पर स्थित गिट्टी-बालू की दुकान से ट्रैक्टर-ट्राली हम लोगों ने अतुल उर्फ अवध के साथ मिलकर चुराया था। जिसे कन्हैया उर्फ वकील को 60 हजार रुपये में बेच दिए थे। इसमें से 30 हजार हम लोगों को मिल गया। आरोपी कन्हैया उर्फ वकील ने बताया कि उसने खरीदे हुए ट्रैक्टर को 80 हजार रुपये में अशोक निवासी ग्राम भगतापुरवा थाना बरगदवां महाराजगंज को बेचा था, जिसमें 30 हजार रुपया अभी नहीं मिला है। दूसरे ट्रैक्टर के सम्बन्ध में दोनों आरोपितों ने बताया कि कुसौरा बाजार थाना कलवारी से अतुल उर्फ अवध संग ट्रैक्टर चुरा कर छिपा दिया था। जिसे बेचने के लिए जाते समय पकड़ लिया गया। अतुल उर्फ अवध ट्रैक्टर चला रहा था जो ट्रैक्टर खड़ा कर भाग गया। जिसकी तलाश है। बड़ेवन से चोरी ट्रैक्टर अभी बरामद नहीं हो सका है, जबकि ट्राली बरामद हुई है।



शुक्रवार को जिला अस्पताल पहुंचे एसपी ने मुठभेड़ में घायल बदमाश से पूछताछ की।

गोरखपुर व बस्ती मंडल में दर्ज हैं 43 मुकदमे

एसपी ने बताया कि पकड़े दो शातिरों पर तीन दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें आरोपी देवेश उर्फ नारायण के खिलाफ गोरखपुर के गगहा, खोराबार, सहजनवा, कैंपियरगंज, शाहपुर, पीपीगंज, सहजनवा के अलावा संतकबीरनगर व बस्ती के कोतवाली लालगंज आदि थानों में चोरी, गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट आदि के कुल 18 मुकदमें दर्ज हैं। शातिर आत्मा साहनी उर्फ अमित पर गोरखपुर के झंगहा, खोराबार, शाहपुर, पीपीगंज के अलावा बस्ती व सिद्धार्थनगर के थानों में 22 और वकील उर्फ कन्हैया के खिलाफ कोतवाली बस्ती में तीन मुकदमे दर्ज हैं।

सीसीटीवी फुटेज से हाथ लगा था सुराग

कोतवाली क्षेत्र के बड़ेवन फ्लाईओवर के पास स्थित सागर ट्रेडर्स से 26 मई की रात चोरी हुई थी। ट्रैक्टर को ड्राइवर सागर ट्रेडर्स बड़ेवन थाना कोतवाली के सामने ट्रैक्टर ट्राली खड़ी करके घर चला गया था। दुकान का मुंशी दरवाजा बंद कर सो गया था। रात समय में करीब दो बजे अज्ञात चोरों ने ट्रैक्टर मय ट्राली चुरा लिया था। दुकान के सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना कैद हुई थी। छानबीन में कलवारी तक ट्रैक्टर-ट्राली का फुटेज हाथ लगा था। जिससे अहम सुराग मिले थे। दो जून को जितेन्द्र निवासी सुजावलपुर थाना कलवारी का ट्रैक्टर उनके घर के सामने से चोरी हो गया था। उनके घर के बगल में लगे सीसीटीवी में ट्रैक्टर चोरी कर ले जाने का फुटेज मिला था।

नवागत कारागार अधीक्षक ने संभाला कार्यभार

बस्ती: नवागत जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह ने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण किया। इसके पहले वह पीलीभीत जिला जेल अधीक्षक के पद पर रहे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद जेल अधीक्षक ने जेल के अपराधियों और अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जेलर से जानकारी ली।

जेल में सजा काट रही महिला कैदी की होगी रिहाई

जासं,बस्ती: छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों के साथ कारागार में रह रही सजायाफ्ता महिला कैदियों की रिहाई होगी। शासन ने ऐसी महिला कैदियों के समय पूर्व रिहाई का आदेश दिया है। जेल में एक ऐसी महिला बंदी है जो छह साल से कम उम्र के दो बच्चों के साथ सजा काट रही है। शासन को इस महिला कैदी का नाम रिहाई के लिए भेजा गया है। जेलर सतीश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि कारागार में निरुद्ध पूजा देवी निवासी चरथिया कथिक, थाना छावनी 16 अप्रैल 2018 को जेल भेजी गई थी। एडीजे फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 14 मई 2019 को उसे सात वर्ष की सजा सुनाई थी।

युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा

जासं, भानपुर, बस्ती: एक गांव में दिव्यांग युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। शुक्रवार को सीओ सिटी आलोक प्रसाद ने सोनहा थाने पर पहुंच कर घटना के संबंध में जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा गया है। थाना क्षेत्र की रहने वाली 19 वर्षीय दिव्यांग युवती स्नातक की छात्रा है। उसकी मां ने सोनहा पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि गुरुवार की रात करीब नौ बजे उनकी बेटी शौच के लिए खेत में गई थी। आरोप लगाया कि इसी दौरान गांव के रहने वाले तीन युवक पहुंचे और उनकी बेटी को जबरदस्ती उठाकर एक खेत में ले गए। वहां उसके मुंह में कपड़ा ठूंसकर बारी बारी से तीनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

निलंबित सिपाही पर दुबौलिया थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा

जागरण संवाददाता, बस्ती : दुबौलिया थाने के एक व्यक्ति से चौकीदार की नौकरी के नाम पर 45 हजार रुपये मांगने के आरोपित आरक्षी (मुंशी) अच्छेलाल सोनकर के खिलाफ गुरुवार को निलंबन की कार्रवाई के बाद पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

बुधवार को आरोपित आरक्षी का आडियो वायरल होने के बाद एसपी आशीष श्रीवास्तव ने इसे गंभीरता से लेते हुए प्रकरण की जांच सीओ कलवारी विनय चौहान को सौंपी थी। गुरुवार को मिली जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रथमदृष्टया आरोप सही पाए जाने पर एसपी ने आरक्षी को निलंबित कर दिया था। वहीं शिकायतकर्ता सूरज चंद्र निवासी सिसौनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पहले दुबौलिया और वर्तमान में नगर थाने पर तैनात सिपाही अच्छेलाल ने दुबौलिया थाने पर 21 जुलाई 2021 को उसे आवास पर बुलाया। कहा कि 45 हजार रुपये दे दो तुम्हें चौकीदार की नौकरी दिलवा दूंगा। आरक्षी की बातों में आकर उसने मांगी गई रकम दे दी। इसके बाद भी जब उसे चौकीदार की नौकरी नहीं मिली तो उसने सिपाही से संपर्क करना चाहा। इसी बीच पता चला कि उनका तबादला नगर थाने के लिए हो गया। जब उसने मुंशी से रुपये मांगा तो वह धमकी देने लगा। दुबौलिया पुलिस ने उस पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

चौकीदार की नौकरी के नाम पर 45 हजार मांगने का है आरोप, सीओ कलवारी की जांच के बाद गुरुवार को किए गए थे निलंबित

चीनी और बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

जासं, पैकोलिया, बस्ती : पैकोलिया पुलिस ने एक दुकान से चुराए गए 50 किलोग्राम चीनी के साथ आरोपित युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक बाइक भी बरामद की गई है, जो उसकी अपनी बताई गई है। आरोपित के विरुद्ध चोरी के माल बरामदगी की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

पैकोलिया थाने के गड़हा दलथम्हन गांव निवासी हनुमान शरण सिंह ने नौ जून को स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वह अपनी दुकान पर चीनी बेचने के लिए रखा था। किसी ने वहां से 50 किलोग्राम चीनी चोरी कर लिया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही थी। उप निरीक्षक सिद्धनाथ यादव और प्रेमशंकर शुक्ल की टीम ने शुक्रवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान पचपेड़वा चौराहे के पास एक संदिग्ध युवक को पकड़ा। पूछताछ के दौरान उसकी पहचान सलमान खान निवासी वार्ड न. 11 नगर पंचायत बभनान थाना गौर के रूप में हुई। बताया कि वह नशा करता है, छोटी-छोटी चोरियां कर अपनी जरूरत पूरी करता है।

शांतिपूर्ण तरीके से हुई जुमे की नमाज

जागरण संवाददाता, बस्ती : जिले में शुक्रवार को जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस दौरान पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक बस्ती आशीष श्रीवास्तव ने जुमे की नमाज के अवसर पर शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली व पुरानी बस्ती क्षेत्र में पैदल मार्च कर सभी को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

कानपुर हिंसा के बाद बस्ती पुलिस भी अलर्ट रही। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर शहर से लेकर कस्बों तक पुलिस सतर्क दिखी। शहरी क्षेत्र खासकर कोतवाली के गांधीनगर, दरिया खां, तुरकहिया, पुरानी बस्ती के दक्षिण दरवाजा, मंगलबाजार, पठान टोला आदि इलाकों में जुमे की नमाज को लेकर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस भ्रमणशील रही।



दरियाखां मोहल्ले में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेतीं डीएम प्रियंका निरंजन,एसपी आशीष श्रीवास्तव व अन्य ● जागरण

डीएम और एसपी ने पैदल मार्च कर धर्मगुरुओं, मस्जिदों के इमाम व मौलाना लोगों से मुलाकात कर वार्ता की। आमजन से संवाद स्थापित कर अफवाहों पर ध्यान न देते हुए आपस में प्रेम, सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई। इस दौरान सुरक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारी व कर्मचारी को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने व नमाज को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

भूमि विवाद के मामले लटकाने वाले नपेंगे, एसआइटी करेगी जांच

जासं, बस्ती : थाना समाधान दिवस और संपूर्ण समाधान दिवस के आयोजन के बाद भूमि विवाद की बढ़ती शिकायतों को लेकर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाया है। जन सुनवाई में आने वाले ऐसे मामलों की जांच के स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम यानी एसआइटी गठित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अध्यक्ष एसडीएम होंगे। टीम में तहसीलदार, कानूनगो, राजस्व कर्मी और पुलिस के जवान शामिल किए जाएंगे। यह टीम डीएम के निर्देश पर जांच को जाएगी। मामले का निस्तारण कराने के साथ ही स्थानीय स्तर पर प्रकरण में लेखपाल और कानूनगो की भूमिका के बारे में रिपोर्ट पेश करेगी। कहीं से दोषी पाए गए तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।

कार्यभार संभालने के बाद पहले जन सुनवाई में जिलाधिकारी के पास भूमि विवाद के कई मामले पहुंचे। महुआडाबर गांव के चकमार्ग पर कब्जे की शिकायत पहुंची तो वो नाराज हो गई। कार्यालय में मौजूद मुख्य राजस्व अधिकारी नीता यादव से कहा जो मामला थाना और तहसील का है, वह यहां तक कैसे पहुंचा। डीएम ने कहा जिले स्तर पर इसके लिए एसआइटी गठित करें। इससे क्रास चेकिंग के साथ ही बड़े मामलों की जांच भी कराई जाएगी। जांच में स्थानीय स्तर पर जिस राजस्वकर्मी की भूमिका संदिग्ध पाई जाए उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस कार्य में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

चकमार्ग पर कब्जे की शिकायत पहुंची तो नाराज हो गई डीएम दरअसल हर्रैया तहसील क्षेत्र के महुआडाबर गांव निवासी शैलेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह अधिवक्ता दिलशाद हसन खां के साथ पहुंचे। डीएम को बताया कि गांव के ही प्रदीप कुमार सिंह का चकमार्ग गाटा संख्या 196 पर तीस वर्षों से अवैध कब्जा है। वर्ष 2014 से वो इसकी शिकायत कर रहे हैं। जांच में शिकायत सही पाई गई लेकिन जब कार्रवाई की बारी आई तो मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

बेटे के अपहरण की धमकी देकर मांगा पांच लाख, मुकदमा दर्ज

जासं, बस्ती: कोतवाली क्षेत्र के दुधौरा सोनूपार चौराहा निवासी सतीश चंद्र उपाध्याय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि गुरुवार को दिन में उनके मोबाइल पर एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया। फोन करने वाले ने पांच लाख रुपये की मांग की।

धमकी दी कि अगर रूपये नहीं मिले तो उनके बेटे शिवांश उपाध्याय का अपहरण कर लेगा। कोतवाल संजय ने बताया कि अज्ञात पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

मुठभेड़ में बदमाश और सिपाही घायल

ट्रैक्टर चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, बदमाशों से चोरी का एक ट्रैक्टर बरामद



जिला चिकित्सालय में पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश से पूछताछ करते पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ● जागरण



बस्ती बांसी मार्ग हरदिया निकट बरगदवा गांव के पास पुलिस मुठभेड़ के दौरान बरामद चोरी का ट्रैक्टर ● सी.पुलिस विभाग

जागरण संवाददाता, बस्ती : कोतवाली पुलिस व एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम की संयुक्त टीम के साथ कोतवाली क्षेत्र के हरदिया बरगदवा के पास शुक्रवार की भोर में ट्रैक्टर-ट्राली चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस को देख चोरों ने फायर कर दिया। उनकी फायरिंग में एक गोली सिपाही शुभम चौबे के हाथ को छीलते निकल गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश देवेश उर्फ नारायण के पैर में गोली लगी है। घायल बदमाश व सिपाही को जिला अस्पताल भेजा गया है। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायल बदमाश से पूछताछ की।

गिरफ्तार बदमाशों में घायल देवेश उर्फ नारायण निवासी भलेंड्री नगमा थाना खजनी जनपद गोरखपुर के अलावा आत्मा साहनी निवासी जौहरी थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर और कन्हैया उर्फ वकील निवासी ग्राम सिंगापुर अयोध्या थाना पुरंदरपुर जनपद महाराजगंज शामिल है। बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने चोरी के एक ट्रैक्टर, तमंचा, कारतूस बरामद किया है। पूछताछ में देवेश उर्फ नारायण व आत्मा साहनी ने बताया कि 10-12 दिन पहले उन्होंने बड़ेवन हाईवे पर स्थित गिट्टी-बालू मोरंग की दुकान से नई ट्रैक्टर-ट्राली, अतुल उर्फ अवध के साथ मिलकर चुराया था। उसे कन्हैया उर्फ वकील को 60 हजार रुपये में बेच दिए थे। कन्हैया उर्फ वकील ने बताया कि खरीदे हुए ट्रैक्टर को उसने 80 हजार रुपये में अशोक यादव निवासी ग्राम भगतापुरवा थाना बरगदवा जनपद महाराजगंज को बेच दिया। देवेश उर्फ नारायण व आत्मा साहनी ने बताया कि कुसौरा बाजार थाना कलवारी से अतुल उर्फ अवध के साथ मिलकर चोरी किया था। इसे बेचने के लिए जाते समय पकड़ लिया गया। अतुल उर्फ अवध ट्रैक्टर चला रहा था जो ट्रैक्टर खड़ा करके भाग गया। जिसकी पुलिस को तलाश है। बताया कि चोरी की हुई गाड़ियों को नेपाल बार्डर के आसपास जनपद महाराजगंज में बेचता था।

आरोपितों का आपराधिक इतिहास: देवेश उर्फ नारायण के विरुद्ध गोरखपुर के गगहा, खोराबार, सहजनवा, कैंपियरगंज, शाहपुर, पीपीगंज, सहजनवा के अलावा संतकबीरनगर व बस्ती जिले के कोतवाली, लालगंज थाने में चोरी, गैंगस्टर, आदि के 18 मुकदमें दर्ज हैं। आत्मा साहनी उर्फ अमित के विरुद्ध झंगहा, खोराबार, शाहपुर, पीपीगंज के अलावा बस्ती व सिद्धार्थनगर के थानों में 22 और वकील उर्फ कन्हैया पर बस्ती में तीन मुकदमे दर्ज हैं।

गिरफ्तार करने वाली टीम: कोतवाल संजय कुमार, प्रभारी एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम गजेन्द्र सिंह, प्रभारी चौकी बड़ेवन मुनींद्र त्रिपाठी, प्रभारी चौकी गांधी नगर मनीष जायसवाल, हेड कांस्टेबल राकेश यादव, अजय दुबे, राम सुरेश यादव, देवेन्द्र निषाद, शुभम चौबे, पंकज कुमार, हरी प्रकाश, जनार्दन प्रजापति, हिन्दे आजाद, दीपक शामिल रहे।

इन घटनाओं का हुआ पर्दाफाश

31 मई को रामनैन चौधरी निवासी महवा नगर थाना कोतवाली ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें बताया गया था कि 26 मई की रात उनके ट्रैक्टर का चालक रात में सागर ट्रेडर्स बड़ेवन थाना कोतवाली के सामने ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी करके घर चला गया था। दुकान का मुंशी दरवाजा बंद करके सो गया था। रात में करीब दो बजे चोरों ने ट्रैक्टर मय ट्राली चुरा लिया। सीसीटीवी फुटेज में कलवारी तक ट्रैक्टर-ट्राली ले जाते चोर दिख रहे थे। इसी प्रकार जितेंद्र कुमार निवासी सुजावलपुर थाना कलवारी ने कलवारी थाने पर प्रार्थना पत्र दिया कि मेरा मकान कलवारी बस्ती मार्ग पर बना है। जहां रोजाना की तरह दो जून को अपना ट्रैक्टर घर के द्वार पर खड़ा किया था। जब सुबह जगा तो ट्रैक्टर गायब था। जिसकी काफी खोजबीन करने के बाद बगल में लगे सीसीटीवी में देखा तो पाया की करीब 1.26 बजे दो लोग ट्रैक्टर को लेकर घर के दक्षिण दिशा में जा रहे हैं।

चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे पुलिसकर्मी

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने भ्रमण कर लिया कानून व्यवस्था का जायजा



शहर में भ्रमण करतीं डीएम और एसपी। संवाद



जुमे की नामाज के लिए तैनात पुलिस। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। जिले भर में चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मी तैनात रहे।

उधर, नवागत डीएम प्रियंका निरंजन और एसपी आशीष श्रीवास्तव ने गांधीनगर, दरियाखां, दक्षिण दरवाजा तथा अन्य मोहल्लों में भ्रमण कानून-व्यवस्था का जायजा लिया। यहां पर पहले से ही एडीएम अभय कुमार मिश्र, एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी, सीओ आलोक प्रसाद, एलआईयू इंस्पेक्टर आलोक कुमार मौजूद रहे। डीएम व एसपी दरियाखां मस्जिद गए तथा मौलवी से चर्चा की। दोनों अधिकारी फोर्स के साथ दक्षिण दरवाजा पुलिस चौकी से मंगल बाजार होते हुए रेलवे स्टेशन तक गए। उन्होंने लोगों से वार्ता की।

बैंक व वित्तीय संस्थानों की हुई जांच

नगर बाजार। नगर थाने की पुलिस ने थानाक्षेत्र में स्थित बैंक, ग्राहक सेवा केंद्र व एटीएम की जांच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। चेकिंग के दौरान बैंक और परिसर के आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की गई। संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग की गई। बैंक परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से लगे सीसीटीवी, अग्निशमन यंत्र, सायरन, आपातकाल में बैंक से निकलने के लिए पर्याप्त मार्ग आदि का निरीक्षण किया गया। बैंक कर्मचारियों तथा गार्ड को सुरक्षा संबन्धित दिशा-निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी नगर धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि बैंक में किसी भी तरह की धोखाधड़ी न हो, इसलिए अनावश्यक रूप से बैंक तथा बैंक के बाहर घूम रहे लोगों से पूछताछ कर कड़ी चेतावनी दी जा रही है। संवाद

निलंबित सिपाही के खिलाफ केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

नौकरी दिलाने के लिए रुपये मांगने का वायरल हुआ था ऑडियो

दुबौलिया। चौकीदार की नौकरी दिलाने के लिए 45 हजार रुपये लेने के आरोप में निलंबित सिपाही अच्छेलाल सोनकर के खिलाफ सिसौनी निवासी शिकायतकर्ता सूरज चंद की तहरीर पर दुबौलिया थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

संबंधित ऑडियो वायरल होने के बाद उच्चाधिकारियों के संज्ञान में यह मामला आया था। एसपी ने सीओ कलवारी विनय चौहान को जांच सौंपी थी। जांच रिपोर्ट के आधार पर उसे निलंबित कर दिया गया है।

दुबौलिया थानाक्षेत्र के सिसौनी गांव के सूरज चंद का आरोप है कि दुबौलिया थाने पर तैनाती के दौरान मुंशी आरक्षी अच्छेलाल सोनकर ने 21 जुलाई 2021 को उसे अपने क्वार्टर पर बुलाया। कहा कि 35 हजार रुपये देने पर तुम्हें चौकीदार की नौकरी दिलवा दूंगा। उसका कहना है कि मुंशी की बातों में आकर उसने रकम दे दिया। एक साल बीतने के बावजूद नौकरी नहीं मिली।

बाद में पता चला कि उनका तबादला नगर थाने में हो गया है। जब उसने मुंशी से रुपये मांगे तो वह धमकाने लगा। वायरल ऑडियो में कहा जा रहा है कि उसने जगह-जगह रुपये देकर फाइल ऊपर तक पहुंचा दिया है। इस बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद एसपी ने संज्ञान लिया था।

एसआईटी गठित करने के निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

डीएम बोलीं- भूमि विवाद का स्थायी समाधान करेगी एसआईटी

बस्ती। भूमि विवादों के स्थायी समाधान के लिए जिले स्तर पर एसआईटी गठित की जाएगी। इसमें एक डिप्टी कलेक्टर, एक तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो, कम से कम दो लेखपाल तथा सिपाही शामिल होंगे। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए टीम संबंधित थाने से आवश्यक फोर्स लेकर मौके पर जाएगी।

एसआईटी शिकायती प्रकरण के अलावा गांव में अन्य भूमि विवादों की सुनवाई करेगी तथा उसका निस्तारण करेगी। यदि प्रकरण को लंबित रखने में राजस्वकर्मी की भूमिका पाई जाएगी तो कठोर कार्रवाई होगी। एसआईटी इसकी भी रिपोर्ट देगी। यह निर्देश नवागत डीएम प्रियंका निरंजन ने दिए हैं। वह कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ जनसुनवाई कर रही थीं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम अपने-अपने लेखपालों से उनके क्षेत्र में अतिक्रमण मुक्ति का प्रमाणपत्र प्राप्त करेंगे। यदि कहीं भी अतिक्रमण हो तो लेखपाल उसकी सूची तैयार करेंगे। समीक्षा में पाया कि कई तहसीलों में भूमि विवाद के गंभीर प्रकरण अनिस्तारित हैं। इससे कभी भी कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है। सुनवाई के दौरान आए भूमि विवाद के प्रकरणों में उन्होंने सीधे संबंधित एसडीएम से वार्ता कर मौके पर जाने एवं विवाद का निस्तारण कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने होम लोन के लिए दो दिन से धरने पर बैठी उर्मिला के प्रकरण का भी निस्तारण किया। इस मौके पर उप संचालक चकबन्दी उमेश गिरी, बंदोबश्त अधिकारी चकबंदी अनिल कुमार राय मौजूद रहे।

ट्रैक्टर चोरों से हुई पुलिस की मुठभेड़, तीन गुर्गे गिरफ्तार

एक बदमाश व एक सिपाही को लगी गोली, जिला अस्पताल में भर्ती

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। कोतवाली पुलिस व एंटी व्हिकल थेफ्ट टीम की कोतवाली क्षेत्र के हरदिया बरगदवा के पास शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे अंतरजनपदीय ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करने वाले गिरोह से मुठभेड़ हो गई। गिरोह के तीन गुर्गे गिरफ्तार कर लिए गए। चोरों की फायरिंग में एक गोली सिपाही के हाथ को छीलते हुए निकल गई। जवाबी फायरिंग में बदमाश देवेश के पैर में गोली लगी। चोरों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की ट्रैक्टर-ट्रॉली, तमंचा कारतूस व खोखा बरामद किया।

गिरफ्तार बदमाशों में देवेश उर्फ नारायण निवासी भलेंद्री नगमा थाना खजनी जनपद गोरखपुर, आत्मा साहनी निवासी जौहरी थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर और कन्हैया उर्फ वकील निवासी ग्राम सिंगापुर अयोध्या थाना पुरंदरपुर जनपद महाराजगंज शामिल हैं।

पूछताछ में देवेश उर्फ नारायण व आत्मा साहनी ने बताया कि 10-12 दिन पहले बड़ेवन हाईवे पर स्थित गिट्टी-बालू की दुकान से ट्रैक्टर-ट्रॉली अतुल उर्फ अवध के साथ मिलकर चोरी की थी। उसे कन्हैया उर्फ वकील को 60 हजार रुपये में बेच दिया था। कन्हैया उर्फ वकील ने बताया कि खरीदे हुए ट्रैक्टर को उसने 80 हजार रुपये में महराजगंज के थाना बरगदवा के ग्राम भगतापुरवा अशोक यादव को बेच दिया, लेकिन 30 हजार रुपये नहीं मिले हैं। दूसरे ट्रैक्टर के संबंध में देवेश उर्फ नारायण व आत्मा साहनी ने बताया कि कुसौरा बाजार थाना कलवारी से अतुल उर्फ अवध के साथ मिलकर चुरा कर छिपा रखा था। उसे बेचने जा रहे थे। अतुल उर्फ अवध ट्रैक्टर चला रहा था, जो भाग गया। उसने बताया कि चोरी की हुई गाड़ियों को नेपाल बॉर्डर के आसपास जनपद महाराजगंज में बेचता है।



जिला अस्पताल में घायल बदमाश से जानकारी लेते एसपी। संवाद

इन घटनाओं का पर्दाफाश

31 मई को रामनैन चौधरी निवासी मड़वा नगर थाना कोतवाली ने मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने कहा था कि 26 मई की रात उनके ट्रैक्टर का चालक रात में बड़ेवन में ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी कर घर चला गया था। दुकान का मुंशी दरवाजा बंद करसो गया। रात करीब दो बजे अज्ञात चोरों ने ट्रैक्टर- ट्रॉली चुरा लिया। सीसीटीवी फुटेज में कलवारी तक ट्रैक्टर-ट्राली ले जाते चोर दिख रहे थे। इसी प्रकार जितेंद्र कुमार निवासी सुजावलपुर थाना कलवारी ने थाने में प्रार्थनापत्र दिया था कि उनका मकान कलवारी-बस्ती मार्ग पर है। दो जून को ट्रैक्टर घर के दरवाजे पर खड़ा किया था। सुबह ट्रैक्टर नहीं था। बगल में लगे सीसीटीवी में देखा तो पाया की समय करीब 01:26 बजे दो लोग ट्रैक्टर को लेकर दक्षिण की तरफ जा रहे थे।

आरोपियों पर दर्ज हैं कई मुकदमे

आरोपी देवेश उर्फ नारायण के विरुद्घ गोरखपुर के गगहा, खोराबार, सहजनवां, कैंपियरगंज, शाहपुर, पीपीगंज के अलावा संतकबीरनगर व बस्ती जिले के कोतवाली लालगंज आदि थानों में चोरी, गैंगस्टर, आर्म्स एक्ट आदि के 18 मुकदमे दर्ज हैं। आत्मा साहनी उर्फ अमित के विरुद्घ झंगहा, खोराबार, शाहपुर, पीपीगंज के अलावा बस्ती व सिद्घार्थनगर के थानों में 22 और वकील उर्फ कन्हैया के विरुद्घ कोतवाली बस्ती में तीन मुकदमे दर्ज हैं।

इन्हें मिली सफलता

बदमाशों को पकड़ने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली संजय कुमार, प्रभारी एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम गजेंद्र सिंह, प्रभारी चौकी बड़ेवन मुनींद्र त्रिपाठी, प्रभारी चौकी गांधीनगर मनीष जायसवाल, हेड कांस्टेबल राकेश यादव, अजय दुबे, राम सुरेश यादव, देवेंद्र निषाद, शुभम चौबे, पंकज कुमार, हरी प्रकाश, जनार्दन प्रजापति, हिंदे आजाद, दीपक शामिल रहे।

SIDDHARTH NAGAR POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-06-2022

मोहम्मद साहब के खिलाफ टिप्पणी को लेकर सौंपा ज्ञापन

डुमरियागंज(एसएनबी)। डुमरियागंज नगर पंचायत के एक युवक द्वारा पैगंबर- ए- इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के शान में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर एक ज्ञापन राज्यपाल को संबोधित उप जिलाधिकारी डुमरियागंज प्रदीप कुमार यादव को देते हुए युवक के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। दारुल उलूम अहले सुन्नत गरीब नवाज बैदौला चौराहा के तत्वाधान में लोगो ने शुक्रवार को जुमा नमाज से पहले एसडीएम कार्यालय में पहुंच कर ज्ञापन देते हुए कहा कि भारत देश में सभी धर्मो का सम्मान किया जाता है ऐसे में डुमरियागंज नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 हबीबुल्ला नगर निवासी राजकुमार पुत्र प्रहलाद द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उनकी आपत्तिजनक तस्वीर लगाकर इस्लाम धर्म के मानने वाले लोगों के आस्था को ठेस पहुंचाया है और माहौल खराब करने की कोशिश की गई है। जिसको लेकर बृहस्पतिवार को शिकायती पत्र देते हुए स्थानीय थाने में कार्रवाई की मांग की गई जिसमें पुलिस द्वारा युवक को गिरफ्तार कर हल्की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है जो काफी नही है। जिस प्रकार की हरकत युवक द्वारा की गई है उसमें कठोर सजा दी जानी चाहिए। लोगो ने ज्ञापन में त्वरित कठोर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में अरबाब फारुकी, कैफी रिजवी, अजीम फारूकी, अब्दुल्लाह, काजी आमिर, मो अफजान, गुलाम मुस्तफा, इरफान मिर्जा, साबिर, फैजान अहमद, एहसान अली, मोहम्मद नाहिद, अजहर, शमशाद आदि लोग शामिल रहे।

जुमा नमाज को लेकर अलर्ट पर रहा पुलिस प्रशासन

डुमरियागंज (एसएनबी)। पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ की गई टिप्पणी के बाद कानपुर में हुए घटना के बाद उत्तर प्रदेश सरकार जुमा नमाज को लेकर अलर्ट जारी कर दिया था ताकि किसी भी प्रकार का कोई प्रदर्शन या गतिविधि न होने पाए साथ ही जुमा नमाज भी सकुशल संपन्न हो सके। इसके अलावा डुमरियागंज नगर पंचायत के एक युवक द्वारा भी पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ टिप्पणी की गई थी जिसको लेकर नगर पंचायत व आसपास के जगह पर शांति व सौहार्द बनाने को लेकर पुलिस पूरी तरह गंभीर दिखाई दी। आज शुक्रवार को जुमा नमाज से पहले स्थानीय तहसील क्षेत्र के प्रमुख मस्जिदों व ईहो के बाहर पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही थी जगह-जगह पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई थी। डुमरियागंज टाउन स्थित सुन्नी अकबरी मस्जिद के बाहर दर्जनभर से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती नायब दरोगा दद्दन राय की उपस्थिति में की गई थी। इसके अलावा पुरानी बाजार स्थित जामा मस्जिद के बाहर भी पुलिस बल तैनात किए गए थे। टाउन के विभिन्न मस्जिदों सहित ग्रामीण क्षेत्रों के कुछ प्रमुख मस्जिदों में भी पुलिसकर्मी लगातार निगरानी रख रहे थे। जुमा नमाज संपन्न होने के बाद कहीं से भी कोई विरोध प्रदर्शन या घटनाक्रम नहीं हुआ। वही जुमा नमाज में मस्जिदों में उलेमाओं द्वारा अमन व शांति के लिए भी दुआ की गई। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज अजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि उच्च अधिकारियों के आदेश पर जुमा नमाज को लेकर पूरी तरह से सतर्कता बरती जा रही थी।

किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार की शिकायत नहीं आनी चाहिए : नितिन

चित्र-

सिद्धार्थनगर (एसएनबी)। योगी सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने अम्बेडकर सभागार में जनपद की कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों का समीक्षा किया।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने बैठक में उपस्थित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा मुख्यमंत्री का निर्देश है कि प्रदेश सरकार की योजनाओं को बढ़ावा देना है, जिससे प्रदेश की जीडीपी में वृद्धि होगी और हमारा उत्तर प्रदेश प्रगति में आगे बढ़ेगा, इसके साथ ही साथ यह भी सुनिश्चित किया जाय कि किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। जनपद में कानून व्यवस्था को और जितना भी बेहतर कार्य हो सके उसे सुनिश्चित किया जाय। श्री अग्रवाल ने कहा कि हमने विकास कार्यो के प्रगति की समीक्षा करते हुए यह पाया कि जनपद सिद्धार्थनगर की प्रगति अन्य जनपदों की तुलना में अच्छा कार्य हो रहा है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जल ही जीवन है, इस योजना पर बेहतर कार्य किये जाने की आवश्यक्ता है। ग्रामीण क्षेत्रों में जलाशयों का निर्माण कराकर जल स्तर को बेहतर किये जाने की आवश्यक्ता है। उन्होंने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलायी गयी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाया जाय।

समीक्षा के दौरान जनपद की कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि अन्य जनपदो की तुलना में इस जनपद में डकैती व अपराध के प्रकरण कम है। पुलिस अधीक्षक ने राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आबकारी एवं मद्य निषेध व सांसद तथा विधायकगण को जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों की शिकायतों पर मेरे तथा जिलाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से गांवो में पहुँचकर समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है। पीड़ित परिवारों को संयुक्त टीम बनाकर उचित न्याय दिलाया जा रहा है। मंत्री जी ने पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया कि शिकायतों को संज्ञान में लेकर उस पर कार्यवाही की जाये एवं उसमें पूरी पारदर्शिता रखें। जनपद में प्राथमिक स्तर पर अपराधों पर अंकुश लगाया जाये। जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी जन प्रतिनिधियों को समय-समय पर अपने क्षेत्रों की समस्याओं की जानकारी देने पर उसको संज्ञान में लेकर त्वरित निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये और जनप्रतिनिधियों के पत्रों का संज्ञान लिया जाये एवं उसके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। कोई भी व्यक्ति कितना भी प्रभावशाली हो यदि उसके द्वारा जनता के प्रति अन्याय किया जाता है, तो उसे अवश्य ही सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, सामूहिक विवाह योजना, पेंशन, छात्रवृत्ति, आवास, शौचालय, श्रमिक पंजीयन, विद्युत, किसान सम्मन निधि, मनरेगा, जल जीवन मिशन, गौशाला, बाढ़ की तैयारी, सड़क आदि की समीक्षा किया गया। अधिकारियों को निर्देश दिया कि जन शिकायतों के निस्तारण, तहसील समाधान दिवस में प्राप्त लम्बित प्रकरणों के निस्तारण, आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की कार्यवाही त्वरित गति से किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जो भी विकास कार्यो से सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता/प्रोजेक्ट मैनेजर बैठक में उपस्थित है सभी अधिकारी यह सुनिश्चित कर ले कि विकास कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से कराया जाना सुनिश्चित करें।

> आबकारी मंत्री ने किया विकास कार्यो व कानून व्यवस्था की समीक्षा

बैठक के अन्त में सांसद जगदम्बिका पाल ने राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आबकारी एवं मद्य निषेध नितिन अग्रवाल को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जनपद सिद्धार्थनगर में आप द्वारा जो समीक्षा बैठक ली गयी है, उसमें आपको महसूस हुआ होगा कि जनपद सिद्धार्थनगर नीति आयोग की सूची में आकांक्षा जनपद की श्रेणी में है, किन्तु यहां के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों के प्रयास से यह जनपद प्रगति के पथ पर अग्रसर है। हम आपका इस जनपद में पधारने पर समस्त जनपद वासियों के तरफ से आभार प्रकट करते हैं। बैठक में बांसी के विधायक ज्ञय प्रताप सिंह,सदर विधायक श्याम धनी राही, शोहरतगढ़ के विधायक विनय वर्मा, जिलाधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह, अपर जिलाधिकारी उमाशंकर, अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत, समस्त उपजिलाधिकारी, प्राचार्य मेडिकल कालेज डा. सलिल श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अनिल कुमार चौधरी, जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, समस्त निर्माण एजेंसी के अधिशाषी अभियंता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

शिकायतों को गंभीरता से ले प्रशासन

बोले मंत्री

- विकास कार्यों के मामले में सिद्धार्थनगर अन्य जिलों से बेहतर
- जनप्रतिनिधियों के पत्र पर त्वरित कार्रवाई में शिथिलता अक्षम्य

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। प्रदेश के आबकारी एवं मद्य निषेध मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने जिलाधिकारी से कहा कि जन प्रतिनिधियों की ओर से समय-समय पर अपने क्षेत्रों की समस्याओं की जानकारी देने पर गंभीरता से संज्ञान में लेकर त्वरित निस्तारण की कार्रवाई किया जाए। उनके पत्रों पर त्वरित कार्रवाई हो।

प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल शुक्रवार को आंबेडकर सभागार में जनपद की कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। कहा कि विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए पाया कि सिद्धार्थनगर की प्रगति अन्य जनपदों की तुलना में अच्छा है। निर्देश दिया कि जल ही जीवन है, इस योजना पर बेहतर कार्य किये जाने की आवश्यक्ता है। अंत में जिला प्रशासन की तरफ से मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्ग ने काफी टेबल बुक एवं काला नमक चावल का प्रसाद भेंट किया। सांसद जगदंबिका पाल, विधायक श्यामधनी राही, जय प्रताप सिंह और विनय वर्मा, डीएम संजीव रंजन भी मौजूद थे।

गोशाला, अमृत सरोवर का निरीक्षण : राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आबकारी एवं मद्य निषेध नितिन अग्रवाल ने जोगिया ब्लाक स्थित आदर्श गौशाला सिरसिया का निरीक्षण किया। सर्व प्रथम गोमाता को माला पहना कर उनका पूजन किया, तत्पश्चात गुड़ और केला खिलाया गया। बाद में विकास खंड उस्का बाजार के ग्राम लक्षनपुर में निर्माणाधीन अमृत सरोवर का भी निरीक्षण किया।

अपराध पर नियंत्रण रखें पुलिस

कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में एसपी डॉ. यशवीर सिंह ने बताया कि जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों की शिकायतों पर संयुक्त रूप से गांवों में पहुंचकर समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है। पीड़ित परिवारों को संयुक्त टीम बनाकर उचित न्याय दिलाया जा रहा है। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने कहा कि छोटी-छोटी समस्याओं पर पुलिस कार्रवाई की जाये एवं उसमें पूरी पारदर्शिता रखें। जनपद में प्राथमिक स्तर पर अपराधों पर अंकुश लगाया जाए।

शिकायतों के निस्तारण में कोताही न हो

राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आबकारी एवं मद्य निषेध ने सभी अधिकारियों को जन शिकायतों के निस्तारण, तहसील समाधान दिवस में प्राप्त लम्बित प्रकरणों के निस्तारण, आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की कार्रवाई त्वरित गति से किये जाने के निर्देश दिया। एडीएम उमाशंकर, एएसपी सुरेश चन्द्र रावत, मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव, सीएमओ डॉ. अनिल चौधरी, डीडीओशेषमणि सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय भी उपस्थित थे।

मोहम्मद साहब पर टिप्पणी को लेकर शोहरतगढ़, डुमरियागंज में नमाज के बाद प्रदर्शन, मुस्तैद रही पुलिस

जुमे की नमाज के बाद कई जगह प्रदर्शन

- भाजपा की पूर्व प्रवक्ता व डुमरियागंज के युवक पर कार्रवाई की मांग
- नमाज को लेकर प्रशासन रहा अलर्ट, बाकी जगह बनी रही शांति



पैगंबर-ए इस्लाम पर विवादित टिप्पणी को लेकर डुमरियागंज क्षेत्र के हल्लौर स्थित जामा मस्जिद के बाहर जुमे की नमाज के बाद प्रदर्शन करते लोग।

सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान टीम। जुमा की नमाज के बाद मस्जिद से बाहर निकले नमाजियों ने डुमरियागंज व शोहरतगढ़ में मोहम्मद साहब पर टिप्पणी करने वाली भाजपा से निष्कासित प्रवक्त नुपूर शर्मा की गिरफ्तारी व डुमरियागंज के युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। जिले के बाकी हिस्सों में जुमा की नमाज अमन के माहौल में अदा की गई और देश व दुनिया की सलामती के लिए दुआ मांगी गई।

शुक्रवार को जुमा की नमाज को लेकर 'हिन्दुस्तान' ने जिले की पांच मस्जिदों की पड़ताल कराई। इस दौरान डुमरियागंज के हल्लौर व शोहरतगढ़ कस्बा की जामा मस्जिद पर पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी को लेकर प्रदर्शन किया गया। कई स्थानों पर ज्ञापन देकर ऐसे लोगों पर कार्रवाई की मांग की गई। बाकी मस्जिदों में आम जुमा की तरह लोग नमाज पढ़ कर घरों को वापस चले गए।

शहर की शेखनगर मस्जिद में जुमा में मांगी गई अमन की दुआ: शहर की शेखनगर जामा मस्जिद में जुमा की नमाज में नमाजियों की भारी भीड़ पूर्व की तरह मौजूद रही। इमाम मौलाना इकबाल अहमद कादरी ने नमाज पढ़ाई। नमाज के पूर्व उन्होंने खुतबा से पहले खिताब करते हुए इस्लाम क्या है बताते हुए अल्लाह की इबादत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अल्लाह व उसके रसूल हजरत मोहम्मद मुस्तफा सलल्लल्लाहो अलैह वसल्लम के बताए रास्तों पर सभी को चलना चाहिए। नमाज के बाद अमन की दुआ मांगी गई।

बेलसड़ में आम जुमा की तरह अदा की गई अमन के साथ नमाज: बेलसड़ मस्जिद में आम जुमा की तरह नमाजियों ने अमन के माहोल में नमाज अदा की। मस्जिद में भीड़ तो काफी थी लेकिन वहां पर ज्ञानवापी हो या फिर मोहम्मद साहब पर टिप्पणी को लेकर किसी प्रकार की चर्चा तक नहीं थी। लोग नमाज पढ़ कर घर वापस चले गए। कारी हाफिज इस्लामुद्दीन ने जुमा की नमाज से पहले खिताब करते हुए कहा कि हम सब को फर्ज को निभाना होगा। अल्लाह ने हर मुसलामन पर रोजा, नमाज, हज व जकात फर्ज किया है इसपर अमल करना चाहिए।

बदर मस्जिद में भारी संख्या में पहुंची नमाजी: शहर की बदर मस्जिद में हर जुमा की तरह भारी संख्या में नमाजी पहुंचे थे। इमाम ने खुतबा के पहले खिताब किया। उन्होंने कहा कि अल्लाह व उसके रसूल के बताए रास्तों पर ही चल कर जिंदगी संवारी जा सकती है। इस्लाम बुराइयों से बचने का संदेश देता है। जब लोग नमाज पढ़ेंगे तब बुराइयां उनके करीब नहीं आएगी। खिताब के बाद उन्होंने खुतबा पढ़ा। खुतबा के बाद नमाज अदा कर अमन के लिए दुआएं की गईं।

शोहरतगढ़ की जामा मस्जिद के बाहर प्रदर्शन

शोहरतगढ़ कस्बा की जामा मस्जिद दारुलउलूम अहले सुन्नत नूरुललतीफ के बाहर जुमा की नमाज के बाद नमाजियों ने हाथ में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। वह लोग पूर्व भाजपा प्रवक्ता नुपूर शर्मा जिन्होंने मोहम्मद साहब पर टिप्पणी की थी उनकी गिरफ्तारी व सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने जामा मस्जिद के इमाम मौलाना रफीउल्लाह व सदर अल्ताफ हुसैन के नेतृत्व में नायब तहसीलदार गौरव कुमार को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

डुमरियागंज के हल्लौर में नमाज के बाद विरोध

मोहम्मद साहब पर भाजपा नेत्री नुपूर शर्मा द्वारा विवादित टिप्पणी पर लोग उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। इस बीच गुरुवार को डुमरियागंज नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 हबीबुल्लाह नगर निवासी राजकुमार नाम के युवक द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब पर विवादित टिप्पणी की गई थी हालांकि उसकी गिरफ्तारी भी हो चुकी है। हल्लौर स्थित शिया जामा मस्जिद के बाहर शुक्रवार को मस्जिद के इमाम मौलाना महफूज हुज्जत की अगुवाई में नमाजियों ने प्रदर्शन किया।

शांति के लिए पुलिस ने किया पैदल मार्च

बांसी। जुमे की नमाज को लेकर बांसी कोतवाली पुलिस ने क्षेत्राधिकारी देवी गुलाम सिंह और प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र के नेतृत्व में बांसी नगर में पैदल मार्च किया।

इस दौरान मंगल बाजार, राप्ती पुल, मेन मार्केट, कोतवाली रोड आदि स्थानों पर गश्त के दौरान अवैध कब्जा भी हटाया गया। सीओ ने कहा कि सड़क की पटरियों पर अवैध कब्जा करने वाले किसी भी दशा में बख्शे नहीं जाएंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कानपुर में जुमे की नमाज के बाद जो घटना घटी है वह बेहद चिंताजनक है। बांसी कोतवाली पुलिस पूरी तरह तत्पर है।

संदिग्ध हालात में चौकीदार की मिली लाश, जांच शुरू

- इटवा थाने में था चौकीदार, परिवार का रो-रोकर बुरा हाल
- इटवा थाना क्षेत्र के पचउध स्थित नहर के पास मिली लाश

भनवापुर, हिन्दुस्तान संवाद। इटवा थानाक्षेत्र के पचउध नहर पर शुक्रवार की सुबह डेंगहाजो कस्तूरीब गांव के हरीराम (40) पुत्र ब्रह्मादीन की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली। मृतक इटवा थाने के चौकीदार था। पुलिस ने ग्रामीणों की सूचना पर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरीराम की मौत की सूचना मिलने पर परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है।

ग्रामीणों के अनुसार शुक्रवार की सुबह पचउध नहर पर शौच करने के लिए जा रहे थे तभी लोगों ने नहर की पटरी पर एक लाश पड़ी देखी। देखते ही देखते वहां भीड़ इकट्ठा हो गई। मौजूद लोगों ने इटवा पुलिस को खबर दी। सूचना पर इटवा पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके उपरांत लाश की शिनाख्त डेंगहाजोत के हरीराम के रूप में हुई। मृतक इटवा थाने में चौकीदार पद पर तैनात था। हरिराम के तीन बेटे और एक बेटी है। इटवा थाना प्रभारी बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मौत के कारणों की खोजबीन जारी है।

पुलिस ने अभियान चला कर जांची बैंकों की सुरक्षा

- बैंकों के अंदर खड़े लोगों से की गई पूछताछ, एटीएम पर भी नजर
- बढ़या, गौरडीह, मिटौवा, बेलवा स्थित बैंक में हुई पुलिस की चेकिंग

मिश्रौलिया,हिन्दुस्तान संवाद। बैंकों की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए मिश्रौलिया पुलिस द्वारा शुक्रवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बैकों के अंदर, बाहर व एटीएम घरों पर खडे. लोगों की आईडी आदि भी चेक करने के साथ जरूरी पूछताछ भी की गई। पुलिस के इस सर्च आपरेशन से बैंक पर ग्राहक कुछ पल के लिए सहमे भी रहे।

हमराही जवानों के साथ गुरूवार को मिश्रौलिया थाने से बैंक चेकिंग पर निकले एसएचओ घनश्याम सिंह ने सबसे पहले मिठौवा व चेतिया स्थित बड़ौदा यूपी बैंक पर संदिग्धों की तालश में बैंक के अंदर व बाहर खडे.लोगों को जांचा।

इसके बाद स्टेट बैंक की शाखा गौरडीह व बढ़या में भी चेकिंग अभियान चलाकर बैंक व एटीएम घरों पर खडे. में मिले लोगों से पूछताछ कर आईडी आदि चेक किया और बैंक पर आने का कारण भी जाना। इस दौरान एसएचओ ने बैंक के मैनेजरों से कहा कि बैंक में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे किसी भी हालत में बंद न होने दें क्योंकि यह कैमरे सभी लोगों को पर अपनी नजर रखे हुए हैं।

बैंक के बाहर खड़े दो पहिया वाहनों को भी पुलिस के जवानों ने चेक किया और ग्राहकों को चेतावानी दी कि बगैर लॉक के वाहन को लावारिस हालत में कत्तई न छोड़ें।



शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

विकसित किए जाएंगे गार्डन

सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को जिला गंगा समिति, जिला वृक्षारोपण एवं पर्यावरण समिति की बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने सभी अधिकारियों को राजकीय भवनों में व्यक्तिगत रूप से गार्डन विकसित करने का निर्देश दिया। डीएम ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत को रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली विकसित करने के लिए निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना : जिला मुख्यालय पर बीएसए ग्राउंड बना 229 गरीब कन्याओं के पाणिग्रहण का साक्षी

198 बेटियों के हाथ पीले हुए, 29 का निकाह

सिद्धार्थनगर, निज संवाददता। जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को बीएसए ग्राउंड 227 गरीब कन्याओं के पाणिग्रहण का साक्षी बना। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 198 हिंदू जोड़ों का सनातनी रीति रिवाजों से और 29 मुस्लिम युगल का इस्लामिक परंपराओं के मुताबिक विवाह कराया गया। इस मौके पर प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, सांसद जगदंबिका पाल, विधायक विनय वर्मा, डीएम संजीव रंजन, एसपी डॉ. यशवीर सिंह, सीडीओ पुलकित गर्ग भी मौजूद रहे।

शुक्रवार को शहर के अशोक मार्ग पर बीएसए गाउंड में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 227 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। इनमें 29 मुस्लिम परिवार के जोड़े शामिल थे। पिछड़ा वर्ग के 84, अनुसूचित जाति के 112, सामान्य वर्ग के दो जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामा। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वैवाहिक कार्यक्रम को पंडित कृष्णानंद त्रिपाठी ने संपन्न कराया। इस मौके पर प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अब तक के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी तादाद में गरीब परिवारों को लाभान्वित कराने वाली योजना बनी है। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि जीवन में सबसे बड़ा दान कन्यादान माना जाता है। प्रदेश सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना की वजह से इन नवविवाहित जोड़ों को सभी आशीर्वाद देने आए हैं। विधायक विनय वर्मा ने कहा कि आने वाले दिनों में किसी गरीब की बेटी का हाथ पीला होने से वंचित नहीं रहेगा और न ही कोई व्यक्ति बेटी पैदा होने पर ग्लानि महसूस करेगा। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. राहुल कुमार गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत प्रत्येक जोड़े को 35 हजार की धनराशि उनके खाते में भेजी जा रही है और 10 हजार से गृहस्थी से संबंधित सामान दिए जा रहे हैं। जबकि छह हजार रूपये टेंटज और खानपान पर खर्च किया गया है। इस मौके पर एसपी डॉ. यशवीर सिहं, सीडीओ पुलकित गर्ग, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट जग प्रवेश, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी एजाज अहमद, बीएसए देवेंद्र कुमार भी मौजूद थे। संचालन नितेश पांडेय ने किया।



शुक्रवार को वर-वधू को आशीर्वाद देते आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल व सांसद।



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में निकाह पढ़ाते मौलाना।

सांसद ने हर कन्या को एक साड़ी दी: कार्यक्रम में सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाओं के अतिरिक्त सांसद जगदंबिका पाल ने प्रत्येक कन्या को एक-एक साड़ी उपलब्ध कराया।

सभासद ने निभाई भूमिका

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में बांसी नगर पालिका के ईशानगर सभासद शाकिर अली ने वार्ड के ही स्व. सोमन के लड़के अरमान की शादी में अभिभावक की भूमिका में नजर आए। शाकिर ने बताया कि अरमान के परिवार में जिम्मेदार न होने से फर्ज निभाया।

दृष्टिबाधित ने लिए फेरे

बीएसए ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में एक ऐसा भी युवक मिला, जिसने दृष्टिबाधित एक युवती से शादी कर जीवन भर साथ निभाने के लिए कदम बढ़ाया। धोबहा निवासी विष्णु एक आंख से दृष्टिबाधित था और बांसी कस्बे की रहने वाली निशा युवती, जो दोनों आंखों से दृष्टिबाधित थी। दोनों ने एक-दूसरे का दामन थामते हुए साथ फेरे लिए।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना निश्चय ही एक गरीब परिवार के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की अगुवाई में विवाह की राशि बढ़ाया जाना स्वागत योग्य कदम है।
शाह मोहम्मद

मुख्यमंत्री सामूहिक योजना से असहाय और निर्धन परिवारों के लिए काफी मुफीद साबित हुआ है। इस योजना का लाभ मिलने से बड़ी राहत मिली है। वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न होने के बाद सुकून मिला है।
फूलमती

पौधारोपण के लिए जागरूक करेंगे स्कूली बच्चे

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : जिलाधिकारी संजीव रंजन ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा व पर्यावरण समिति और पौधारोपण अभियान की समीक्षा बैठक की। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अभियान संचालित करने की रूपरेखा तैयार की। स्कूली बच्चों को इससे जोड़ने के लिए निर्देशित किया।

डीएम ने कहा पौधारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। छात्र व छात्राएं जागरूकता अभियान में सहभागिता करें, जिससे लोगों को इससे होने वाले लाभ की जानकारी हो सके।

सभी राजकीय भवनों में बाग-बगीचा लगाया जाए। अधिशासी अधिकारी नगरीय निकाय अपने क्षेत्र में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली विकसित करें। ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर बनाया जा रहा है। यहीं पर अमृत महोत्सव उद्यान स्थापना के लिए स्थान चिन्हित किया जाएगा। इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संचालन डीएफओ चंदेश्वर सिंह ने किया।

पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह, एडीएम उमाशंकर, उप कमांडेंट एसएसबी डा. एमपी सिंह आदि मौजूद रहे।, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी आदि उपस्थित रहे।



प्राथमिक विद्यालय बेलवालगुन्ही में छात्राओं को जागरूक करती महिला आरक्षी ● जागरण

मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर शनिदेव मंदिर की मांगी सुरक्षा

जासं, शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर : तहसील रोड पर स्थित जय शनि देव हनुमान मंदिर को ध्वस्त कर उसके पीछे की कीमती जमीन को कुछ लोग बेचने की फिराक में हैं। मंदिर के सेवक फूलचन्द गुप्ता ने मुख्यमंत्री सहित उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।उन्होंने बताया कि मंदिर को ध्वस्त करने की साजिश की जा रही है। अधिकारियों से तथ्यों को छुपाकर जमीन का कृषि कार्य के लिए पट्टा करा लिया गया।

छात्राओं को पढ़ाया गया सुरक्षा का पाठ

जागरण संवाददाता, बांसी, सिद्धार्थनगर : नारी शक्ति मिशन के तहत खेसरहा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बेलवालगुनही तथा प्राथमिक विद्यालय औसानगाढ़ा में छात्राओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। खेसरहा थाना प्रभारी के नेतृत्व में महिला आरक्षी श्रियंका सिंह, अर्चना मिश्रा तथा अंशू शर्मा ने छात्राओं को नारी सुरक्षा, स्वावलम्बन व सम्मान के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। महिला आरक्षियों ने छात्राओं से कहा कि किसी भी विषम परिस्थिति में महिला हेल्प लाइन 1090 पर फोन करके अपनी समस्या पुलिस तक पहुंचा सकती हैं। महिला आरक्षी श्रियंका सिंह ने सभी छात्राओं को आत्मरक्षा के कुछ गुर भी सिखाए। साथ कि कहा कि आज के परिवेश में लड़कियां लड़कों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। महिला आरक्षियों ने सभी छात्राओं को अपना मोबाइल नंबर देते हुए कहा कि किसी भी समय सहायता या किसी प्रकार की समस्या आने पर छात्राएं काल कर सकती हैं।

महिला आरक्षी अर्चना मिश्रा ने कहा कि छात्राएं संकोची न बने अपनी समस्याओं को अपने परिवार व अध्यापकों से जरूर कहें। इस अवसर पर उपनिरीक्षक संजीत कुमार सिंह, पप्पू गुप्ता, आरक्षी जयसिंह चौरसिया, रंजीत यादव आदि मौजूद रहे।

मनरेगा के पोखरे की खोदाई जेसीबी से, शिकायत पर पहुंची पुलिस

जागरण संवाददाता, बर्डपुर, सिद्धार्थनगर : विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर तीन के महुलानी में गुरुवार रात दो बजे जेसीबी मशीन से पोखरे की खोदाई की जा रही थी। रात में ही ग्रामीणों ने 112 नंबर पर फोन करके पुलिस को बुला लिया। पुलिस को देखकर काम कराने में जुटे लोग भाग खड़े हुए। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत बीडीओ से की है।

मनरेगा योजना की धज्जियां बर्डपुर नंबर तीन के प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी उड़ा रहे हैं। पोखरे की खोदाई की आइडी मनरेगा योजना से निकली गयी है। जिसकी लागत करीब छह लाख बताई जा रही है। इस कार्य को कार्डधारक मजदूरों से करवाना है, लेकिन पैसा बचाने के चक्कर में मशीन से खोदाई करके भुगतान कराने में जिम्मेदार लगे हुए हैं। ग्रामीणों ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि चार दिनों से कुछ मजदूर पोखरे की खोदाई कर रहे थे। रात में मशीन चल रही थी। बीडीओ नीरज जायसवाल ने बताया कि शिकायत के बाद स्वयं मौके पर जाकर जांच किए हैं। मामला सही पाया गया है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जुमे की नमाज को लेकर चौकन्ना रहा प्रशासन

कानपुर की घटना के बाद सुरक्षा के कड़े किए गए इंतजाम, पुलिसकर्मियों ने किया पैदल मार्च



डुमरियागंज के अकबरी मस्जिद के सामने तैनात पुलिसकर्मी ● जागरण

जागरण टीम, सिद्धार्थनगर : पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ हुई टिप्पणी और कानपुर की घटना को देखते हुए जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन सतर्क रहा। मस्जिदों के बाहर पुलिसकर्मी तैनात रहे। प्रदर्शन अथवा जुलूस निकलने की मनाही थी। शोहरतगढ़ स्थित जामा मस्जिद चौराहे पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाजपा के पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा के खिलाफ प्रदर्शन किया। नायब तहसीलदार गौरव कुमार को ज्ञापन सौंपकर गिरफ्तारी की मांग की गयी। डुमरियागंज नगर पंचायत में एक युवक ने पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ टिप्पणी की है। जिसको लेकर शांति व्यवस्था के मद्देनजर शुक्रवार को पुलिस पूरी तरह मुस्तैद दिखी। नमाज से पहले क्षेत्र के प्रमुख मस्जिदों व ईदगाहों के बाहर पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष निगरानी रखी गई। जगह-जगह पुलिस कर्मियों की तैनाती रही। सुन्नी अकबरी मस्जिद के बाहर दर्जनभर से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती एसआइ दद्दन राय के नेतृत्व में की गयी थी। पुरानी बाजार स्थित जामा मस्जिद के बाहर भी पुलिस के जवान तैनात रहे। ग्रामीण क्षेत्र की कुछ प्रमुख मस्जिदों के बाहर भी पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगायी गयी थी। एसडीएम प्रदीप कुमार यादव कोतवाल सूर्यभान सिंह क्षेत्र का भ्रमण कर हालात का जायजा लेते रहे। शोहरतगढ़ स्थित जामा मस्जिद प्रबंधक नवाब खान ने कहा नूपुर शर्मा ने पैगंबर ए इस्लाम जनाब ए मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की शान में गुस्ताखी करने व अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। इनका समर्थन करने वालों से मुसलमानों की आस्था को आघात पहुंचा है। देश की छवि धूमिल हुई है। हम लोग प्रशासन से यह मांग करते हैं कि इन लोगों पर सख्त कार्यवाई की जाए। अल्ताफ हुसैन, एजाज अहमद, अब्दुल्लाह कुरेशी, अख्तर, वली खान, अरमान अंसारी, नौशाद अहमद, नियाज अहमद आदि मौजूद रहे।

आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में सौंपा ज्ञापन



डुमरियागंज में नमाज के बाद एसडीएम को ज्ञापन देते मुस्लिम समुदाय के लोग ● जागरण

जागरण संवाददाता, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर : नगर पंचायत के एक युवक द्वारा पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ की गई टिप्पणी को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम डुमरियागंज को सौंपा गया। दारुल उलूम अहले सुन्नत गरीब नवाज के तत्वावधान में लोगों ने शुक्रवार को जुमे की नमाज से पहले एसडीएम कार्यालय में पहुंच कर ज्ञापन दिया। कहा कि देश में सभी धर्मों का सम्मान किया जाता है ऐसे में डुमरियागंज नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 हबीबुल्ला नगर निवासी राजकुमार पुत्र प्रहलाद द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उनकी आपत्तिजनक तस्वीर लगाकर इस्लाम को मानने वाले लोगों की आस्था को ठेस पहुंचाया है, और माहौल खराब करने की कोशिश की है। जिसमें पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर हल्की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है जो काफी नहीं है। ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ अगर कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो हम सभी सड़क पर आकर आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएंगे। अरबाब फारुकी, कैफी रिजवी,अजीम फारूकी, अब्दुल्लाह, काजी आमिर, मो अफजान,गुलाम मुस्तफा, इरफान मिर्जा, साबिर, फैजान अहमद आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में हल्लौर में शिया जामा मस्जिद के बाहर नमाज के बाद लोगों ने प्रदर्शन कर भाईचारगी का माहौल बिगाड़ने वाले दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग उठाई। साथ ही डुमरियागंज निवासी एक युवक द्वारा इसी तरह के बयान पर भी ऐतराज जताते हुए पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की। इमाम मौलाना महफूज हुज्जत, तशबीब हसन, कैफी रिजवी, इंतेजार हैदर, राहिब रिजवी , वजीर हैदर,कायनात सज्जाद अहमद, काजिम रजा आदि मौजूद रहे।

शराब के साथ एक गिरफ्तार

जासं,कपिलवस्तु : कोतवाली पुलिस ने 22 शीशी नेपाली शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम प्रहलाद निवासी महदेवा कुर्मी है। बरामदगी टीम में एसआई सुग्रीव चंद्रा, कुलभास्कर शामिल रहे।

मुस्लिम समुदाय के लोगों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

पैगंबर हजरत मोहम्मद के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी पर जताई नाराजगी, आरोपियों पर कार्रवाई की मांग



डुमरियागंज में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते मुस्लिम समाज के लोग। संवाद



हल्लौर में प्रदर्शन करते शिया समुदाय के लोग। संवाद



नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते मुस्लिम समुदाय के लोग। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब पर विवादित टिप्पणी के विरोध में शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने डुमरियागंज के हल्लौर में प्रदर्शन किया।

वहीं डुमरियागंज एवं शोहरतगढ़ कस्बे के मुस्लिम समाज के लोगों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर इस मामले में कठोर कार्रवाई की मांग की। वहीं, जुमे की नमाज के दौरान मस्जिदों के आसपास पुलिस मुस्तैद रही।

डुमरियागंज प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के कस्बा हल्लौर में शिया जामा मस्जिद के बाहर शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद लोगों ने प्रदर्शन कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही डुमरियागंज निवासी एक युवक के इसी तरह के बयान पर भी ऐतराज जताते हुए पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की। शिया जामा मस्जिद हल्लौर के बाहर मस्जिद के इमाम मौलाना महफूज हुज्जत की अगुवाई में नमाजियों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान वजीहउल हसन, वजीर हैदर, तशबीब हसन, इंतेजार हैदर, मंजर मास्टर, मोहम्मद मेहंदी रिजवी, आरजू मेहंदी, राहिब रिजवी, वजीर हैदर ,कायनात, सज्जाद अहमद, काजिम रजा, मोहम्मद हैदर,संजू, जानशीन किसान, सैयद मेहंदी, जमाल हैदर, कामियाब, हैदर, शमशाद, अब्बास, शमशाद हैदर, नेहाल मौलाना, अली कदर फरमान अल्वी, कैफी, पप्पू अंकल, आलम, कामयाब बबलू आदि मौजूद रहे।

पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

डुमरियागंज। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के विरुद्ध आपत्तिजनक एवं विवादित टिप्पणी करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। डुमरियागंज नगर के वार्ड नंबर 13 हबीबुल्लाह नगर निवासी राजकुमार ने पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब पर विवादित टिप्पणी की थी। इस मामले में पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी। डुमरियागंज थानाध्यक्ष सूर्यभान सिंह ने बताया कि आरोपी को पकड़कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। संवाद

शोहरतगढ़ प्रतिनिधि के अनुसार जामा मस्जिद चौराहे पर जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भाजपा के पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। लोगों ने नवाब खान व अल्ताफ हुसैन के नेतृत्व में नायब तहसीलदार गौरव कुमार को ज्ञापन सौंपकर नूपुर शर्मा की गिरफ्तारी की मांग की।

जामा मस्जिद प्रबंधक नवाब खान ने कहा कि पूर्व भाजपा प्रवक्ता नुपुर शर्मा के द्वारा पैगंबर मोहम्मद पर की गई टिप्पणी से मुसलमानों की आस्था को आघात पहुंचा है। इस मामले में सख्त कार्यवाही करते हुए मुकदमा दर्ज करके इन्हें सजा दी जानी चाहिए। इस अवसर पर अल्ताफ हुसैन, एजाज अहमद, अब्दुल्लाह कुरैशी, अख्तर, वली खा, अरमान अंसारी, नौशाद अहमद, नियाज अहमद, सलमान कुरैशी, मोहम्मद शहजाद, समीर, नसीम अहमद मौजूद रहे।

नहीं आनी चाहिए भ्रष्टाचार की शिकायत : नितिन

संवाद न्यूज एजेंसी

आबकारी एवं मद्य निषेध राज्यमंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा

सिद्धार्थनगर। प्रदेश सरकार की योजनाओं को बढ़ावा देने से प्रदेश की जीडीपी में वृद्धि होगी और हमारा उत्तर प्रदेश प्रगति की ओर बढ़ेगा। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाय कि किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार की शिकायत नहीं आनी चाहिए और जनपद में कानून व्यवस्था बेहतर बनाना सुनिश्चित करें।

ये बातें आबकारी एवं मद्य निषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने अंबेडकर सभागार में कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है इस योजना पर बेहतर कार्य किये जाने की आवश्यकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में जलाशयों का निर्माण कराकर जल स्तर को बेहतर किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों से कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलायी गयी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाया जाये। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, सामूहिक विवाह योजना, पेंशन, छात्रवृत्ति, आवास, शौचालय, श्रमिक पंजीयन, विद्युत, किसान सम्मन निधि, मनरेगा, जल जीवन मिशन, गौशाला, बाढ़ की तैयारी, सड़क आदि की समीक्षा की।

जन शिकायतों के निस्तारण, तहसील समाधान दिवस में प्राप्त लंबित प्रकरणों के निस्तारण की कार्रवाई त्वरित गति से किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में सांसद जगदंबिका पाल, विधायक श्यामधनी राही, जय प्रताप सिंह, विनय वर्मा, डीएम संजीव रंजन, एसपी डॉ. यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी पुलकित गर्ग ने संबोधित किया। एडीएम उमाशंकर, एएसपी सुरेश चंद्र रावत, प्राचार्य मेडिकल कालेज डॉ. सलिल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

SANT KABEER NAGAR POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-06-2022

त्योहार के मद्देनजर पुलिस रही चुस्त

सेमरियावां(एसएनबी)। शुक्रवार को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र के प्रमुख चौराहों पर थानाध्यक्ष की अगुवाई में पुलिस चौकस दिखी। थानाध्यक्ष सर्वेश राय की अगुवाई में निर्जला एकादशी और शुक्रवार को देखते हुए पुलिस अमला क्षेत्र के प्रमुख चौराहा सेमरियावां, बाघनगर, लोहरौली बाजार, दुधारा, पचपोखरी आदि चौराहों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह डटा रहा। थानाध्यक्ष सर्वेश राय ने कहा कि यह क्षेत्र अमन पसंद है। फिर भी किसी भी पुलिस सतर्क दृष्टि बनाए हुए है। उन्होंने सोशल मीडिया पर बिना किसी पुष्टि के कोई पोस्ट न करने की अपील की। इस दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

फलदान चढ़ाने आये लोगों पर फेंके गए ईंट-पत्थर, केस दर्ज

धर्मसिंहवा (एसएनबी)। गुरूवार कर रात्रि करीब 9.00 बजे गोरखपुर ज़नपद से धर्मसिंहवा राजू पाण्डेय पुत्र जय प्रकाश पाण्डेय के घर फलदान कार्यक्रम करने आये थे मेहमानों को घर के सामने पीपल के पेड़ के नीचे चारपाई बैठाया गया था। ऐसी स्थिति में मेहमानों के ऊपर पीपल के पूरब की तरफ से ईट पत्थर फेंक कर विवाद पैदा किया गया। मामला दो सम्प्रदायों से जुड़े होने के कारण गांव में काफी तनाव की स्थित। रात में ही घटना स्थल पर फोर्स तैनात कर दी गई थी।

धर्मसिंहवा स्थानीय कस्बा निवासी राजू पांडेय ने थाने पर दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि उनका बरक्षा कार्यक्रम गुरुवार की रात में होना सुनिश्चित था। उनके रिश्तेदार घर पर आ गये थे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा था कि तभी उनके घर के पूरब स्थित अमीरूद्दीन के घर लोग उनके दरवाजे पर ईंट पत्थर फेंकने लगे जब इनके परिवार द्वारा विरोध किया गया तो उनके घर पर लाठी डण्डे और छूरी सब्बल के साथ घर पर चढ़ गये और मारपीट पर उतारू हो गए। परिवार और रिश्तेदारों ने किसी तरह भागकर जान बचाई और किसी ने इसकी सूचना थाना पर दी। रात में ही घटनां स्थलं पर फोर्स तैनात कर दी गई। मामला दो सम्प्रदायों सें जुड़े होने के कारण काफी तनावपूर्ण है लेकिन स्थिति सामान्य है। इस संबंध में थाना प्रभारी भगवान दास ने बताया कि इस मामले में तहरीर मिली है। उन्होंने बताया कि मामला दो सम्प्रदायों से जुड़ा है ऐसी स्थिति पर नजर रखी जा रही है शांति व्यवस्था कायम है। उन्होंने बतायां कि उक्त मामले में अमीरूद्दीन अंसारी, जमील, साबिर, समसुद्दीन सहित आदि दो दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 147, 336, 352, 504 दर्ज किया गया है।

नायब तहसीलदार के सामने भिड़े दो पक्ष की मारपीट, मुकदमा दर्ज

मेंहदावल (एसएनबी)। कस्बे के एक अल्ट्रासाउंड सेंटर के विरुद्ध शिकायत दर्ज करानां शिकायतकर्ता को भारी पड़ गया। शिकायत की जांच करने पहुंचे नायब तहसीलदार के सामने ही दोनो पक्ष भिड़ गए और मौके पर ही मारपीट शुरू हो गयी। दोनो पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने अभियोग दर्ज कर मामलें की जांच में जुटी है। थाना पीपीगंज निवासी हरिकेश ने सीएससी के समीप संचालित अल्ट्रासाउंड केन्द्र के विरुद्ध शिकायत दर्ज करायी थी। गुरुवार को नायब तहसीलदार अल्ट्रासाउंड केन्द्र की जांच करने पहुंचे। इसी दौरान शिकायकर्ता भी अल्ट्रासाउंड केन्द्र पर पहुंच गया। जिस पर केन्द्र संचालक ने आपत्ति दर्ज कराई। दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। नायब तहसीलदार के सामने ही दोनों पक्ष भिड़ गये और जमकर मारपीट हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने लाई। जहां शिकायतकर्ता ने अल्ट्रासाउंड केन्द्र के संचालक समेत अन्य कर्मियों के विरुद्ध तहरीर दिया। अल्ट्रासाउंड केन्द्र संचालक हिमालय पाण्डेय ने शिकायतकर्ता के विरुद्ध छेड़खानी व केन्द्र में तोड़फोड़ की तहरीर दी। दोनो पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया है।

अराजकता फैलाने वाले तत्वों पर होगी कार्रवाई : एसपी

संतकबीरनगर/बखिरा/मगहर (एसएनबी)। कानपुर के प्रकरण को लेकर जुमें की नमाज के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने मयफोर्स थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र कस्बा मगहर व थाना बखिरा क्षेत्र में पैदल गश्त कर कानून एवं शांति व्यवस्था का जायजा लिया गया। उन्होंने आमजनमानस से संवाद स्थापित कर आपस में प्रेम व सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा गया कि जनपद में असामाजिक व अराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी यदि आपके संज्ञान में ऐसा कोई मामला आता है तो तुरंत संबंधित थाना पुलिस को अवगत कराएं जिससे कि कोई अप्रिय घटना घटित ना होने पाय। सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है जो भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, भ्रामक व अफवाह पोस्ट करेगा उसके विरुद्ध कठोरतम विधिक कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में संतकबीरनगर जिले में समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी मय पुलिस बल द्वारा अपने-अपने थाना/चौकी क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए पैदल गश्त किया गया। पैदल गश्त के दौरान चौराहों, मार्केट, भीड़-भाड़ वाली जगहों आदि पर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों/वस्तुओं की गहनता से चेकिंग की गई तथा मिशन शक्ति अभियान, यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में लोगों को जागरूक किया। गस्त के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्रा, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल अम्बरीश सिंह भदौरिया, क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन्स राजीव कुमार यादव सहित पुलिस के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समस्त प्रभारी निरीक्षकों/थानाध्यक्षों/चौकी प्रभारियों द्वारा साप्ताहिक जुमे की नमाज के दृष्टिगत सुरक्षा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु भ्रमणशील रहकर वहां के धर्मगुरूओं, मस्जिदों के ईमाम व मौलाना से मुलाकात कर वार्ता की ।

135 वाहनों का पुलिस ने किया चालान

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने सभी थाना क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया। वाहनों की जांच के साथ ही बैंकों की भी चेकिंग की गई। सभी थाना प्रभारियों के साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाया। इसमें 135 वाहनों का चालान करते हुए 1 लाख 84 हजार 500 रुपए का सम्मन शुल्क वसूल किया। इसके अलावा नियमों का पालन न करने वालों को कड़ी चेतावनी दिया।

16 घण्टे के अंदर ही नाबालिग को खोजा

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद। ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुरुवार की देर शाम 14 वर्षीय गायब बालिका को महुली पुलिस की सक्रियता के चलते महज 16 घण्टे में ही सकुशल बरामद कर लिया है। बालिका को परिजनों को सौप दिया गया है।

महुली थाना क्षेत्र के एक गांव से गुरुवार देर शाम 14 वर्षीय बालिका संदिग्ध परिस्थियों में गायब पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महुली पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत अभियान चलाया। शुक्रवार को पुलिस की त्वरिता का असर दिखा। सकुशल बालिका को बरामद कर परिजनों को सौप दिया। बालिका बरामदगी में एसएसआई दयानाथ राम, हेड कांस्टेबल अशोक कुमार सिंह, उमेश यादव का प्रयास सराहनीय रहा।

मनमुटाव भुलाकर एक हुए पति-पत्नी

संतकबीरनगर। 'साथ-साथ' कार्यक्रम (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल) के क्रम में एक दंपत्ति अपना विवाद भुला एक हुए। शुक्रवार को प्रभारी चौकी रिपोर्टिंग थाना धनघटा उप निरीक्षक गौरी शुक्ला के प्रयास से लम्बे समय से चल रह रहे विवाद को सफलता पूर्वक निस्तारित करते हुए सुलह समझौता कराया गया।

श्वेता पाण्डेय पत्नी दिलीप पाण्डेय निवासी अशरफपुर थाना धनघटा व द्वितीय पक्ष दिलीप पाण्डेय पुत्र आद्या पाण्डेय निवासी अशरफपुर के बीच आपसी विवाद था । श्वेता द्वारा दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र के आधार प्रभारी रिपोर्टिंग चौकी ने दोनों पक्षों को चौकी पर बुलाकर दोनों पक्षों के मध्य व्याप्त मनमुटाव को दूर कराते हुए सुलह समझौता कराया। आवेदिका व उसके पति तथा अन्य ससुराल के सदस्य अपने घर को रवाना हुए।

मजिस्ट्रेट संग तैनात रही भारी पुलिस फोर्स, सभी थाना क्षेत्रों में रखी गई नजर, नमाज के बाद सीधे घर गए लोग

कड़ी सुरक्षा के बीच अदा की जुमे की नमाज

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। कानपुर हिंसा और ज्ञानव्यापी प्रकरण को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट है। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पहले से ही सर्तकता बरती गई थी। सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस फोर्स के साथ ही मजिस्ट्रेट तैनात रहे।

सख्ती के बीच जनपद में जुमे की नमाज पढ़ी गई। एसपी सोनम कुमार के साथ ही सभी अधिकारी सभ्रांत लोगों से मिलकर उनसे शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी करते रहे। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में सबसे अधिक सर्तकता देखने को मिली।

शहर में हर जगह तैनात रही फोर्सः खलीलाबाद शहर की नूर मस्जिद, ईदगाह, विधियानी मस्जिद सहित सभी नमाज स्थलों पर पुलिस फोर्स तैनात रही। एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी, सीओ अंशुमान मिश्र के साथ ही कोतवाली पुलिस लगातार भ्रमण करती रही। दोपहर 12 बजे से दो बजे के बीच सभी जगह फोर्स और मजिस्ट्रेट मुस्तैद रहे। नमाज अदा होने के बाद जब लोग अपने घर चले गए तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस लिया।



शुक्रवार को सेमरियावां की जामा मस्जिद मे जुमे की नमाज अदा करते लोग।

मगहर में मस्जिद पर फोर्स की तैनाती देख कयास लगाते रहे लोगः नगर के विभिन्न मस्जिदों की सुरक्षा के लिए भारी फोर्स तैनात रही। वहरहाल हर जुमे की भांति लोगों ने नमाज अदाकर देश-दुनिया में अमन शांति के लिए दुआयें मांगी। इस दौरान कस्बे की शाही जामा मस्जिद, शीशा मस्जिद, मदीना मस्जिद, नूरी मस्जिद, अंजान शहीद, करम कबीर, धोबी टोला काजीपुर की मस्जिद नमाजियों से भरी रही।



शुक्रवार को महुली क्षेत्र में जुमे की नमाज को लेकर मुस्तैद पुलिस।

मेंहदावल में सतर्क रही फोर्स

मेंहदावल कस्बे के जामा मस्जिद, नई बाजार, बहबोलिया आदि जगहों पर स्थित मस्जिदों के बाहर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई थी। इस दौरान एसडीएम योगेश्वर सिंह, सीओ अम्बरीष सिंह भदौरिया तथा प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह मुश्तैद रहे।

बखिरा के चौक चौराहों पर तैनात रही पुलिस

बखिरा कस्बे में उपजिलाधिकारी मेंहदावल योगेश्वर सिंह सीओ मेंहदावल अम्बरीश भदौरिया, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह फोर्स के साथ बखिरा,लेदुआ-महुआ,अमरडोभा आदि मस्जिदों और चौराहों पर गश्त कर शांति व्यवस्था कायम रखने का संदेश देते रहे। उपजिलाधिकारी ने बताया कि शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों से प्रशासन सख्ती से निपटेगा।

महुली क्षेत्र में गश्त करते रहे जवान


महुली क्षेत्र में पुलिस और प्रशासनिक टीम अलर्ट मोड में दिखी। थाना क्षेत्र के विभिन्न कस्बों और बाजारों में पुलिस टीम ने गश्त किया तथा मस्जिदों की निगरानी में लगी रही। नायब तहसीलदार ,एडीओ पंचायत तथा इंस्पेक्टर रविन्द्र कुमार सिंह जुमा की नमाज के दौरान मस्जिदों की निगरानी तथा कस्बा और बाजारों का भ्रमण करते रहे। मुख्य चौराहे से लेकर गांवों तक पुलिस व प्रशासनिक टीमों की सक्रियता से हर कोई हैरान रहा।

शांतिभंग में छह गिरफ्तार

संतकबीरनगर। अराजक तत्वों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को छह लोगों को शांति भंग में गिरफ्तार करते हुए पाबंद किया गया। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने तीन और धनघटा पुलिस ने तीन को गिरफ्तार किया।



पौली में ड्रोन कैमरे की निगरानी में अदा की गई जुमे की नमाज ● जागरण



सेमरियावां में जुमे की नमाज के दौरान फ्लैग मार्च करती पुलिस ● जागरण

कड़ी सुरक्षा के बीच अदा की गई जुमे की नमाज

जागरण टीम, संतकबीर नगर: जनपद के सभी स्थानों पर शुक्रवार को जुमे की नमाज कड़ी सुरक्षा के बीच अदा की गई। हर जगह पुलिस कर्मी सक्रिय रहे, जबकि अधिकारी भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहे। जनपद के कई क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाती रही। शांतिपूर्ण माहौल में लोगों ने नमाज अदा की।



अमरडोभा में पैदल मार्च करते एसडीएम मेंहदावल योगेश्वर सिंह, थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ● जागरण



लेदुआ-महुआ चौराहे पर पसरा सन्नाटा ● 'जागरण

- क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से होती रही निगरानी
- सक्रिय रहे पुलिस कर्मी, जायजा लेते रहे अधिकारी

धनघटा के थानाध्यक्ष केडी सिंह की निगरानी में शुक्रवार को पुलिस कर्मी दुल्हापार,हैंसर बाजार,उमरिया नावन आदि स्थानों पर लगातार भ्रमण करती रही। पुलिस की सक्रियता के बीच लोगों ने शांतिपूर्ण माहौल में जुमे की नमाज अदा की। सेमरियावां कस्बे में पुलिस कर्मियों ने पैदल मार्च करके लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। दुधारा के थानाध्यक्ष सर्वेश राय ने कहा कि अशांति पैदा करने वाले लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बखिरा थाने की पुलिस भी जुमे की नमाज को लेकर काफी सक्रिय रही। मेंहदावल के एसडीएम योगेश्वर सिंह, सीओ अम्बरीश भदौरिया के अलावा थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, बखिरा पुलिस चौकी के प्रभारी हरेन्द्र पाठक,प्रमोद यादव ,आदित्य सिंह आदि ने नंदौर, लेदुआ-महुआ, अमरडोभा, हरदी, नौरो, ढोढया, तरकुलवा में पैदल मार्च करके शांति पूर्वक नमाज अदा करने की अपील की। यही हाल मेंहदावल, खलीलाबाद, दुधारा, मगहर आदि में भी रहा।

फलदान कार्यक्रम के दौरान पथराव, मुकदमा

जासं, धर्मसिंहवा, संतकबीर नगर: धर्मसिंहवा में फलदान (बरछा) कार्यक्रम के दौरान एक संप्रदाय विशेष के लोगों द्वारा पथराव करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर चार नामजद सहित 24 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

राजू पांडे पुत्र जयप्रकाश पांडे का शुक्रवार को फलदान कार्यक्रम आयोजित था। राजू के आवास के सामने खाली पड़ी भूमि के पास कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान कुछ उपद्रवी तत्वों ने कार्यक्रम पर पत्थर फेंक दिया। कुछ समय के लिए मौके पर भगदड़ की स्थिति मच गई। मामले की सूचना धर्मसिंहवा पुलिस को दी गई। पुलिस पहुंचकर विवाद को शांत कराया। इस मामले में राजू पांडे की तहरीर पर पुलिस ने अमीरुद्दीन अंसारी, जमील, शमसुद्दीन, साबिर सहित 24 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस चौकी के बगल से जेवरात लूट ले गए बदमाश

जागरण संवाददाता,पौली,संतकबीर नगर : पौली चौकी के बगल में स्थित एक सर्राफा व्यवसायी की दुकान से शुक्रवार की शाम को बदमाश जेवरात लूटकर फरार हो गए। जब तक पीड़ित कुछ समझ पाता। आरोपित बाइक से फरार हो गए। लूट की जानकारी होने पर लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया। लोगों ने कहा कि धनघटा पुलिस सुरक्षा देने मे नाकाम साबित हो रही है, इसका उदाहरण है कि पुलिस चौकी के नाक के नीचे से लूटेरे जेवर उठा ले गए।



धनघटा क्षेत्र के पौली पुलिस चौकी के बगल में स्थित बैजनाथ ज्वेलर्स गोविंदगंज वाले नाम से संदीप वर्मा की सोने-चांदी की दुकान है। शुक्रवार की शाम करीब छह बजे दो युवक दुकान के अंदर पहुंचे और संदीप से सोने के आभूषण लूट लिए। वह अभी कुछ समझ पाते कि लुटेरे बाहर निकले और बाइक से फरार हो गए। बाद में संदीप दुकान से बाहर निकलकर चीख-पुकार मचाया लेकिन तब तक लुटेरे वहां से जा चुके थे। इस घटना से व्यापारियों में भय व्याप्त है। उनका कहना है कि पुलिस चौकी पौली भले बन गई लेकिन व्यापारी सुरक्षित नहीं हैं। यह लूट की दूसरी घटना है। थानाध्यक्ष केडी सिंह ने कहा कि लूट की जानकारी मिली है। पुलिस जल्द ही आरोपितों को पकड़ लेगी।

चौकी इंचार्ज ने हादसे में घायल लोगों को भिजवाया अस्पताल

संवाद न्यूज एजेंसी

मगहर। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पटना पुल के उत्तरी छोर पर गोरखपुर जिले की सीमा में शुक्रवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर मगहर चौकी इंचार्ज ने घायलों को एंबुलेंस से गोरखपुर भिजवाया। इसके साथ ही घायलों के परिजनों को सूचना दी।

चौकी इंचार्ज बलराम पांडेय शुक्रवार को सहयोगी दीवान मिथलेश मिश्र के साथ चौकी क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। उसी दौरान पटना पुल पर दुर्घटना होने की सूचना उन्हें मिली। वैसे घटना स्थल क्षेत्र गोरखपुर जनपद की सीमा में था। चौकी इंचार्ज तत्काल दुर्गा मंदिर से घघसरा जाने वाले मार्ग पर स्थित पटना पुल के उत्तरी छोर पर पहुंच गए।

एक ही बाइक पर सवार हरिराम गौड़ पुत्र गब्बू गौड़ निवासी ग्राम इटार पांडेय थाना सहजनवां, मोहरत पुत्र सुदामा निवासी ग्राम पनिका थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर व उसकी पत्नी मगहर से अपने घर की तरफ जा रहे थे। अभी वह पटना पुल के दक्षिणी छोर गोरखपुर सीमा में पहुंचे ही थे। उसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आकर तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चौकी इंचार्ज ने तीनों के परिजनों को सूचना देने के बाद उन्हें एंबुलेंस से इलाज के लिए गोरखपुर भेज दिया गया। चौकी इंचार्ज की पहल की लोगों ने सराहना की।

शिकायतकर्ता पर छेड़खानी, अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालक पर एससीएसटी एक्ट का केस दर्ज

मेंहदावल। क्षेत्र के एक अल्ट्रासाउंड केंद्र पर जांच के दौरान शिकायतकर्ता और केंद्र संचालक पक्ष के लोग बृहस्पतिवार को भिड़ गए थे। दोनों पक्ष ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप मढ़ा। पुलिस ने शिकायतकर्ता पर छेड़खानी और तोड़फोड़ आदि का केस दर्ज किया। जबकि अल्ट्रासाउंड केंद्र के संचालित समेत अन्य पर मारपीट एवं एससीएसटी एक्ट का केस दर्ज किया।

गोरखपुर जिले के पीपीगंज क्षेत्र के रहने वाले एक शख्स ने मेंहदावल में संचालित एक अल्ट्रासाउंड सेंटर की शिकायत की थी। बृहस्पतिवार को नायब तहसीलदार अल्ट्रासाउंड केंद्र

दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाया आरोप-प्रत्यारोप

की जांच करने पहुंच गए। उसी दौरान शिकायकर्ता भी अल्ट्रासाउंड केंद्र पर पहुंच गया। जिस पर केंद्र संचालक ने आपत्ति दर्ज कराई। दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। नायब तहसीलदार के सामने ही दोनों पक्ष भिड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई। जहां शिकायतकर्ता ने अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालक समेत अन्य कर्मियों के विरुद्ध तहरीर दिया। वहीं दूसरी तरफ अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालक ने शिकायतकर्ता के विरुद्ध छेड़खानी व केंद्र में तोड़फोड़ की तहरीर दी। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया है। एसओ जयवर्धन सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत किया गया है।

अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालक की तहरीर पर शिकायतकर्ता के विरुद्ध छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है। जबकि शिकायतकर्ता की तहरीर पर अल्ट्रासाउंड केंद्र के संचालक समेत दो नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ मारपीट एवं एससी/एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया। संवाद

एसडीएम के नेतृत्व में पुलिस ने किया पैदल मार्च

संवाद न्यूज एजेंसी

बेलहर। एसडीएम मेंहदावल योगेश्वर सिंह के नेतृत्व में बेलहर पुलिस ने शुक्रवार को क्षेत्र में पैदल मार्च किया।

इस दौरान बेलवा सेंगर, पिपरा प्रथम, कैथवलिया, राजघाट, बभनी, बेलहर खुर्द, बेलहर कलां, जंगल बेलहर, मंझरिया पाठन, लोहरसान, करनजोत, गनवरिया, साथां, मोतीपुर, गोइठहा, बनेथू आदि चौराहों पर पैदल मार्च निकालते हुए नागरिकों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर सीओ अंबरीष कुमार भदौरिया, तहसीलदार निशा श्रीवास्तव, एसओ संतोष कुमार मिश्र, अभिषेक सिंह, प्रमोद कुमार नायक, धर्मनाथ यादव, पुनीत पाठक, विनय कुमार, राजेश कुमार चौरसिया, दिलीप कुमार, बहादुर सिंह, सुरेंद्र कुमार, राजाराम गुप्ता, सुशील कुमार यादव आदि मौजूद थे।

GONDA POLICE

सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-06-2022

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। करनैलगंज पुलिस ने दुष्कर्म व लूटपाट करने के आरोपी मन्ना पुत्र कैसरअली निवासी नयेपुरवा मौजा जहांगीरवा को गिरफ्तार कर लिया है। एक महिला को चाकू दिखाकर दुष्कर्म किया था।

मारपीट में दर्जन भर लोग घायल

उमरीबेगमगंज। पूरेडाल में शुक्रवार को नाली विवाद में दो पक्ष भिड़ गए जिसमें दर्जन भर लोग घायल हो गए। एक पक्ष के राम केवल शर्मा की ओर से दी गई तहरीर में छह लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी छह लोगों के विरुद्ध केस दर्ज हुआ। एसओ ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज की गई है।

शांति भंग में चार लोगों का चालान

गोण्डा। थाना तरबगंज क्षेत्र अंतर्गत शांति भंग को लेकर पुलिस ने राघवराम निवासी अहिरनपुरवा गौहानी, पवन कुमार, छांगुर निवासी डीडीसियाकला और संदीप तिवारी निवासी सिरसा गडरियनपुरवा को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान किया है। थाना प्रभारी मनोज पाठक ने बताया कि क्षेत्र में अपराधियों पर नजर रखी जा रही है।

चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

इटियाथोक। पुलिस ने दो चोरी के संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल करुणाकर पांडेय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चोरी की योजना बना रहे दो अभियुक्तों को अवैध तमंचा मय कारतूस समेत पकड़ा गया है।

आरोपियों के पास से एक अदद चाभी का गुच्छा, एक लोहे की राड, पंद्रह हजार रुपये और एक मोटर साइकिल बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत कर जेल रवाना कर दिया। कोतवाल ने बताया कि इरशाद अली पुत्र शमशाद अली, सलमान पुत्र इस्लाम निवासी तकिया परना बगुलहा को जेल भेजा गया है।

धमकी देने के मामले में रिपोर्ट

परसपुर। ग्राम डेहरास के सुज्जा पुरवा में गुरुवार देर रात को चुनावी रंजिश के चलते एक व्यक्ति पर अपशब्द कहने सहित धमकी दिए जाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने पीड़ित के तहरीर पर एक व्यक्ति पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

उदयभान सिंह ने थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह भोजन ग्रहण करने के बाद अपने दरवाजे पर विश्राम कर रहा था। आरोप है इसी दौरान गांव के अखिलेन्द्र सिंह उनके घर के पास आए और अपशब्द कहते हुए उन्हें और उनके पुत्र को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

चार बाल श्रमिकों को मुक्त कराया

करनैलगंज। विशेष किशोर पुलिस इकाई के साथ चाइल्ड लाइन की टीम ने शुक्रवार को जिले में अभियान चलाकर चार बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार, चाइल्ड लाइन प्रभारी आशीष मिश्रा, कांस्टेबल बबीता सिंह, महिला आरक्षी सरिता, इमरान अली की टीम ने कस्बे के कई प्रतिष्ठानों में छापेमारी कर बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। यूनिट प्रभारी ने बताया कि मुक्त कराए गए श्रमिकों के परिजनों की तलाश चल रही है।

दामाद समेत चार आरोपियों पर केस

धानेपुर, संवाददाता। पति-पत्नी के बीच विवाद को सुलझाने दामाद के घर फर्रासपुरवा पहुंची महिला के साथ बेटी के ससुरालीजनों ने मारपीट की है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने दामाद समेत चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र के कस्बा इटियाथोक की रहने वाली शहनाज बानो के मुताबिक उन्होंने अपनी बेटी शबीना की शादी डेढ़ साल पहले धानेपुर थाना क्षेत्र के ही फर्राश पुरवा के रहने वाले फैयाज के साथ किया था। रिपोर्ट के मुताबिक शादी के बाद से ही उसकी लड़की के ससुराल वाले उसे कम दहेज को लेकर के प्रताड़ित कर रहे थे। इस पर वह बीते एक जून को अपने दामाद के घर आए दिन हो रहे झगड़े को लेकर समझाने गई थी। बताया कि इस पर उसका दमाद दामाद फैयाज, दमाद का बड़ा भाई अय्याथ, समधी महमूद व समधन नफीसा बेगम ने मिलकर उनके साथ मारपीट की जिससे उन्हें काफी चोटें आई है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि चारों आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

अवैध तमंचे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

मोतीगंज। शुक्रवार को भटनिया गांव निवासी एक व्यक्ति को पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभियुक्त रामकरन वर्मा पुत्र राम लाल वर्मा निवासी गढ़ी (भटीनिया) मोतीगंज को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर मय एक अदद मिस कारतूस बरामद किया गया। थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ जिले में अदा की गई जुमे की नमाज, चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस

शांतिपूर्ण हुई नमाज, पुलिस रही अलर्ट

चौकसी

- शहर में ड्रोन कैमरे से निगरानी करती रही पुलिस
- एसपी के साथ अन्य पुलिस अफसर पूरे दिन रहे मुस्तैद

गोण्डा, संवाददाता। जिले में शांतिपूर्ण ढंग से जुमें की नमाज अदा की गई। मुस्लिम समाज के लोगो ने गंगा जमुनी तहजीब का परिचय दिया। सभी ने जिले के विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा की। हालांकि जुमे को लेकर शहर से ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। शहर के एकता चौक, वीर अब्दुल हमीद चौक, उतरौला रोड सहित शहर की मस्जिदों के पास पुलिस टीम तैनात रही। इस दौरान एसपी संतोष कुमार मिश्रा भ्रमण कर पुलिस कर्मियों को निर्देशित करते रहे।

जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन रहा अलर्ट: कानपुर में बवाल की घटना के बाद जिले में भी अलर्ट है। शुक्रवार को जुमे की नमाज से एक दिन पहले पुलिस के अधिकारी मुस्तैद दिखाई दिए। सुरक्षा को लेकर शहर के संवेदनशील इलाकों में पुलिस की तैनाती है। वहीं अधिकारी भी भ्रमण पर रहे।

पूरे दिन ड्रोन कैमरे से होती रही निगरानी: जुमे पर कही कोई विवाद की स्थिति न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन एक दिन पहले से ही सतर्क था। वही शुक्रवार को ड्रोन से चौक बाजार, इमामबाड़ा, मेवातियांन, राजा मोहल्ला, उतरौला रोड समेत अन्य संवेदनशील क्षेत्र में नजर रखी गई।

इन जगहों पर पुलिस रही मुस्तैद: उतरौला रोड की डिप्टी साहब मस्जिद, मनिहारान मस्जिद, चौक की मस्जिद, खजूर वाली मस्जिद समेत कई जगह पुलिस बल तैनात रहा। सभी लोगों से शांति की अपील की गई।

बंदी की अफवाह को लेकर दिनभर अलर्ट: जिले में जुमे के दिन बंदी को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म रहा। जिसको लेकर पुलिस व शहर के जिम्मेदार लोगों ने स्थिति संभाली जिससे कहीं कोई समस्या नहीं हुई। सभी लोग आराम से नमाज पढ़कर घरों व दुकानों पर गए। बाजार भी पूरी तरह से खुले रहे। हालांकि अफवाह फैलाने वालों पर साइबर व मीडिया सेल इंटरनेट मीडिया पर भी नजर रखे है।



शहर में निगरानी के लिए ड्रोन उड़ाने की कवायद में जुटी पुलिस। ● हिन्दुस्तान

वजीरगंज संवाद के अनुसार थाना क्षेत्र की 29 मस्जिदों में शुक्रवार को शांतिपूर्वक नमाज अदा की गई। इस दौरान पुलिस तैनात रही। सभी मस्जिदों और ईदगाहों पर पुलिस बल एलर्ट रही।

छपिया संवाद के अनुसार मसकनवा कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को जुमे की नमाज शान्ति पूर्वक अदा की गई। शान्ति व्यवस्था को बनाये रखने के लिए के प्रशासन की ओर से कड़ी व्यवस्था की गई थी। क्षेत्र में मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस टीम भ्रमणशील रही। मजिस्ट्रेट ड्यूटी पर तैनात जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव स्वर्णकार, प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने मसकनवा, हथियागढ़, छपिया, फुटहिया, चांदनी चौक, उजागरपुर, इटैला, नरायनपुर, पतिजिया सहित विभिन्न मस्जिदों का दौरा कर जायजा लिया। इस मौके पर चौकी प्रभारी सुनील तिवारी, सुरेश मणि मिश्रा, अरूण गौतम, प्रेमानंद रहे।

करनैलगंज संवाद के अनुसार कानपुर की पत्थर बाजी को देखते हुए क्षेत्र में जुमे की नमाज के दौरान भारी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए थे। लगातार एसडीएम,सीओ, तहसीलदार एवं कोतवाल सहित पुलिस अधिकारी व कर्मचारी क्षेत्र भ्रमण पर रहे।

अलावल देवरिया संवाद के अनुसार अलावल देवरिया के बग्गी रोड पर पुलिस दिनभर हलकान रही। सीओ मनकापुर ने धानेपुर एसओ के साथ कस्बे में पैदल मार्च किया। शुक्रवार को कुछ नवयुवक आसपास की दूसरे समुदाय के लोगों की दुकानें बंद कराने लगे। इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची ने डंडा फटकारा तो सभी भाग खड़े हुए।

दस बीघा जमीन के लिए किशोर को मारी गोली

बुलेट छोड़कर भाग निकले आरोपित, मां की तहरीर पर तीन के खिलाफ मुकदमा



मुजेहना गांव में घायल सुमित की मां कुसुम सिंह से जानकारी लेते पुलिसकर्मी ● जागरण

संवादसूत्र, धानेपुर (गोंडा) : दस बीघा जमीन के लिए दबंगों ने किशोर को गोली मार दी। इसके बाद दबंग बुलेट छोड़कर फरार हो गए। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत को नाजुक बताते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

दी गई तहरीर में कहा कि लालीपोखरा मुजेहना निवासी सुमित सिंह साइकिल खड़ा कर रहा था। इसी दौरान हमलावरों ने उस पर गोली चला दी। गोली सुमित के पेट व हाथ में जा लगी। गोली की आवाज सुनकर स्वजन निकले तब तक हमलावर बुलेट छोड़कर भाग निकले। सुमित की मां कुसुम सिंह ने कहा कि उसका बेटा साइकिल से खेत गया था। वहां से वह लौटकर घर आया था। उसका दबंग खेत से पीछा कर रहे थे। कहा कि गांव के समीप लगभग दस बीघा जमीन का वसीयत अपनी सास से कराया था। इसी जमीन को दबंग हथियाना चाहते हैं। इसे लेकर आए दिन कहासुनी होती रहती थी। थानाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने कहा हमलावरों के गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है। सरिता सिंह, शुभम सिंह व राजन सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

मुलाकात करने के लिए करनी पड़ती है मिन्नत

जागरण पड़ताल



जेल गेट के सामने बंदी से मुलाकात करने के लिए इंतजार करते लोग ● जागरण

गोंडा : मंडलीय कारागार में अपनों से मिलने के लिए मुलाकातियों को परेशानी से जूझना पड़ रहा है। उन्हें आवेदन करने के साथ पहरेदारों की मिन्नत करनी पड़ती है। घंटों धूप में खड़े रहना पड़ता है। जेल कर्मियों के मनमाने रवैये से बंदियों के स्वजन बिना मिले लौट रहे हैं। कोरोना वैक्सीन का प्रमाण पत्र का बहाना करके लौटा दिया जाता है। शीतल पेयजल की व्यवस्था नहीं है। एक हैंडपंप चालू है जो गंदगी में लगा है। शौचालय में ताला लटकता है। ऐसे में यहां आने वाले मुलाकाती खुले में शौच जाने को विवश हैं। यही नहीं, कर्मचारियों के आवास निष्प्रयोज्य है। जेल के मुख्यद्वार के बगल फल व झोलाछाप गुटखा की बिक्री होती है। गाड़ियां भी बेतरतीब ढंग मुख्यद्वार के सामने खड़ी की जाती हैं। इन पर अंकुश लगाने की जहमत नहीं उठाई जा रही है। जेल में एक हजार बंदी है। इनसे मिलने प्रतिदिन 100 मुलाकाती आते हैं। जिन्हें ऐसी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रस्तुत है जागरण संवाददाता की रिपोर्ट

दृश्य एक : 11.35 बजे। पारा 42 डिग्री सेल्सियस। उमस व गर्मी से मुलाकाती पसीने से तर बतर थे। प्रतीक्षालय खचाखच भरा हुआ था। अपनों से मुलाकात के लिए दो सत्रों में सुबह सात से नौ व नौ से 11 बजे आवेदन किया गया था। इसके बाद मिलाई 11 से 11.40 बजे तक व 12 से 12.40 बजे के बीच कराई जा रही थी। कोरोना वैक्सीन का प्रमाण पत्र न लाने वाले मुलाकातियों को बैरंग वापस कर दिया गया। शीला ने कहा कि वह अपने भाई से मिलने के लिए आई थी लेकिन, उसे नहीं मिलने दिया गया। यहां सब जुगाड़ से काम होता है। उसके पास पैसे नहीं हैं अन्यथा वह भी मुलाकात कर लेती।



शौचालय में लटक रहा ताला ● जागरण

दृश्य दो : 12.00 बजे। मंडलीय कारागार के मुख्यद्वार पर मुलाकाती अपनों से मिलने के लिए मोहर लगवा रहे थे। झोले में खाने का सामान था तो कोई कपड़ा लिए था। तलाशी के दौरान एक व्यक्ति के पास चाकू बरामद हुआ। उसने फल व सब्जी काटने के लिए चाकू अपने भाई को देने की बात कही। गनीमत रही कि चाकू पर आरक्षियों की नजर पड़ गई। यहां शीतल पेयजल के इंतजाम नहीं दिखे। गर्मी में लोग गर्म पानी पीते हुए दिखे।

दृश्य तीन : यहां करीब 100 से अधिक मुलाकाती आए थे। जो बाहर बैठे थे। इनमें करीब 30 से 35 महिलाएं थी। इन्हें शौच के लिए खुले में जाना पड़ रहा था। पूछने पर राजू निवासी मंगुरा ने कहा कि वह अपने भाई से मुलाकात करने आया था लेकिन, अंदर एक व्यक्ति को ही जाने दिया जा रहा था। इसलिए वह बाहर बैठा है। शौचालय में ताला लटक रहा है। कर्मियों के आवासीय भवन कंडम हो चुके हैं। बावजूद इसके कर्मियों ने उसे ही अपना ठिकाना बनाया हुआ है। इंडिया मार्का हैंडपंप खराब हैं।

प्रभारी जेल अधीक्षक दीपांकर भारती ने कहा कि शौचालय गंदा होने की दशा में ताला बंद कर दिया जाता है। साफ कराने के बाद खोला जाता है। पेयजल के लिए नल लगा है। फल व अन्य सामग्री बेचने वाले कभी-कभार आ जाते हैं। उनको बाहर किया जाता है। कर्मियों के आवास के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

चला अभियान, 341 वाहनों का हुआ चालान

खबर का असर

संसू, गोंडा: जिले भर में पुलिस ने अभियान चलाकर 341 वाहनों का चालान कर चार लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना किया। दैनिक जागरण ने शुक्रवार के अंक में यातायात नियमों को लेकर अभियान, जागरूकता धड़ाम शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने निर्देश पर जिले भर में वाहनों की चेकिंग के लिए अभियान चलाया गया। साथ ही पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट के बाइक में तेल भराने पहुंचे लोगों पर भी कार्रवाई की गई।

यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। यातायात निरीक्षक अभिनव प्रताप सिंह ने कहा कि बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों, एक बाइक पर तीन सवारी करने सहित बिना सीट बेल्ट लगाए चारपहिया चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। साथ ही बिना पंजीकरण व लाइसेंस के वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई।

मुस्तैद रहे एसपी, ड्रोन कैमरे से होती रही रही निगरानी

वाहन चालकों की हुई चेकिंग, गश्त करती रही पुलिस की टीमें, धर्मगुरुओं से मुलाकात कर भाईचारे की अपील



चौक बाजार में पुलिस कर्मियों को निर्देश देते एसपी संतोष कुमार मिश्र बाएं ● जागरण

संसू, गोंडा: शुक्रवार (जुमे) की नमाज को लेकर जिले भर में अलर्ट जारी रहा। धार्मिक व सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस टीमें मुस्तैद रहीं। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र सुबह से टीम के साथ पैदल मार्च कर लोगों से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाते रहे। वहीं ड्रोन कैमरे से चप्पे-चप्पे की निगरानी होती रही। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ के साथ वाहन चालकों की चेकिंग भी की गई। दंगाइयों से निपटने के लिए पुलिस लाइंस में पुलिस कर्मियों ने पूर्वाभ्यास भी किया।

सुबह 11 बजे से ही एसपी टीम के साथ शहर की सड़कों पर गश्त शुरू कर दी। इस दौरान शहर स्थित मस्जिद पहुंच कर वहां की सुरक्षा का जायजा लिया। पुलिस कर्मियों को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए। चौक बाजार सहित शहर के अन्य स्थानों तक पैदल मार्च कर लोगों से बात की। धर्मगुरुओं से मुलाकात कर भाई चार बनाए रखने की अपील की। साथ ही उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। एसपी का यह दौर तीसरे पहर तक चलता रहा। वहीं इंटरनेट मीडिया की निगरानी के लिए लगाई गई टीमें भी काम करती रहीं। इंटरनेट मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में नगर कोतवाली पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है । इसी तरह पूरे जिले में शुक्रवार की नमाज को लेकर पुलिस की टीमें मुस्तैद रहीं। गांव- कस्बा में गश्त करतीं रहीं। पुलिस व पीएसी की अतिरिक्त टीमें लगाई गईं थीं। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम टीम के साथ भ्रमण कर सुरक्षा का जायजा लेते रहे। दूसरी तरफ बिना हेलमेट के बाइक चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की गई है।

पत्नी की अस्थियां विसर्जित कर लौटे पति की हुई मौत

संसू, आर्यनगर (गोंडा) : कौड़िया के बनगाई गांव निवासी फूल बरन की मौत हो गई। बताया जाता है कि उसकी पत्नी रामराजी की जहरीले सर्प के काटने से चार जून को निधन हो गया था। उनकी अस्थियां गंगा में विसर्जित करके फूलबरन आया था। अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। परिवारजन का रो-रोकर हाल बेहाल है।

संदिग्ध हालात में किसान की मौत, मुकदमा दर्ज न करने का आरोप

संसू, गोंडा: नगर कोतवाली के जानकी नगर के करियापुर निवासी किसान राम आशीष की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक के स्वजन ने पुलिस पर आरोपितों पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। समझौता करने का दबाव बनाने की बात भी कह रहे हैं।

आरोपित युवक के घरवालों व उनके सहयोगियों के खिलाफ मुकदमा न दर्ज होने तक दाह संस्कार नहीं किए जाने की चेतावनी दी है। सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम ने कहा कि अभी कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मृतक राम आशीष के बेटे महेश ने कहा कि उसकी बहन का गांव के ही कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया था। इस मामले में नगर कोतवाली में आरोपितों के विरुद्ध तहरीर दी लेकिन, कोई सुनवाई नहीं हुई। उसकी बहन पांचवें दिन मिल गई लेकिन, आरोपितों पर पुलिस कोई कार्रवाई नहीं की।

पुलिस आरोपितों से मिलकर समझौता करने का दबाव बनाने लगे। नगर कोतवाल पंकज सिंह ने कहा कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा लिखा जा रहा है।

चोरी की वारदात से सहमे आमजन, पुलिस की गश्त पर सवाल

संसू, हलधरमऊ (गोंडा) : चोरी की बढ़ती वारदातों ने आमजन की नींद गायब कर दी है। बीते छह दिनों में सात चोरी की वारदातों ने पुलिस की कार्यशैली को उजागर कर दिया है। पीड़ित रतजगा कर अपने सामानों की सुरक्षा करने को विवश हैं। पुलिस कुछ मामलों को सीमा विवाद में उलझा रही है तो कुछ की जांच करने की बात कहकर पीड़ितों को टरका रही है। बुधवार की रात बालपुर बाजार पुलिस चौकी से चंद कदम दूरी पर स्थित दो प्राइमरी स्कूलों का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सामान उठा ले गए। अन्य सामानों को तोड़फोड़ करके फेंक दिया। ग्राम प्रधान धर्मपाल सिंह व प्रधानाध्यापक राहुल कुमार सिंह ने बालपुर चौकी में तहरीर दी है। इसके पूर्व छह दिनों में लाखों के जेवरात व नकदी की चोरी हो चुकी है। यहां तक की दुकानों के ताले भी सुरक्षित नहीं रह गए हैं। इससे पुलिस की गश्त पर भी सवाल उठ खड़ा हुआ है।

स्कूल की जमीन पर कब्जा

मोतीगंज : बनकटा दिनारा गांव निवासी राम रूप तिवारी ने जिलाधिकारी से की गई शिकायत में कहा कि सरकारी स्कूल की जमीन पर गांव के दबंगों ने कब्जा कर शौचालय का निर्माण करवा लिया है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। प्रधान प्रतिनिधि सालिक वर्मा ने कहा कि स्कूल के पास शौचालय बना है लेकिन, पैमाइश के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। (संसू)

असलहे के साथ गिरफ्तार

मोतीगंज : अवैध असलहे के संग सेल्फी लेने का वीडियो वायरल होने के मामले में पुलिस ने गढ़ी के भटिनिया गांव निवासी रामकरन वर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि आरोपित ने घर पर अवैध असलहे संग सेल्फी ली। किसी ने उसका वीडियो वायरल कर दिया। थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने कहा कि राम करन वर्मा के पास से तमंचा बरामद हुआ है। (संसू)

दो पक्षों में मारपीट आठ पर केस

परसपुर (गोंडा)। पैसे के लेनदेन व भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों की दो महिलाओं सहित आठ लोगों को चोटें आई हैं। एक महिला सहित आठ के खिलाफ थाना परसपुर में क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। घटना परसपुर के बेलईपार का है। यहां के निवासी महबूब खान ने बताया कि पैसे के लेनदेन के विवाद को लेकर आरोपी परसपुर के नौशहरा निवासी नूरआलम, रिहान, राजबाबू व रगी शुक्रवार दोपहर उसके घर चढ़ कर पिटाई करने लगे। बचाने में उसकी मां सबरा, पत्नी बेबी, पुत्र नौशाद व महबूब बचाने आये तो आरोपियों ने मारापीटा। महबूब ने नूरआलम, रिहान, राजबाबू व रगी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। दूसरी तरफ नौशहरा निवासी रगी ने आरोप लगाया। कहा कि भूमि की पैमाइश हो रही थी। महबूब, आरिफ, अरबाज व बेबी ने अभद्रता कर मारपीट शुरू कर दी। शोर करने पर नूरआलम व रेहान आए तो सभी ने उसे भी पीटा। रगी की तहरीर पर महबूब, आरिफ, अरबाज व बेबी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। (संवाद)

बदमाशों ने बना लिया था स्कूल को आशियाना

संवाद न्यूज एजेंसी

पुलिस चौकी से तीन सौ मीटर पर है स्कूल, नहीं लगी भनक

बालपुर (गोंडा)। चोरी की छानबीन करने पहुंची पुलिस टीम को एक किशोर का शव मिला। लेकिन घटना के 24 घंटे बाद भी गुत्थी सुलझती नहीं दिखाई दे रही है। पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के इंतजार में हाथ पर हाथ रखकर बैठी है। किशोर मोहित जिनके यहां रहता था वह लोग मोबाइल बंद करके फरार हैं। जबकि, पुलिस ने एक महिला को हाउस अरेस्ट कर रखा है।

प्राथमिक विद्यालय बालपुर प्रथम के सहायक अध्यापक बृजेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि स्कूल में गर्मी की छुट्टी चल रही है। चोरों ने स्कूल का ताला तोड़कर अपना ताला लगा लिया था। मालूम होता है कि स्कूल को चोर कई दिनों से आशियाना बनाए थे। स्कूल के कमरों में गंदगी व शराब की शीशी मिली है। स्कूल से दो बड़ी बैटरी, पांच पंखा तथा प्रोजेक्टर गायब है। मोहित का शव लटका था, उसी के बगल कमरे में टूटा प्रोजेक्टर व मोहित का चप्पल मिला है।

रिटायर्ड प्रधानाध्यपिका कृष्णा सिंह का भतीजा रिंकू सिंह भी घटना के बाद से मोबाइल बंद करके फरार है। उनकी पत्नी कविता सिंह को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर रखा है। घटना पर लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं। यदि मोहित को स्कूल में चोरी करने वाले बदमाशों ने मारा तो फिर परिवार के लोग क्यों भागे हैं। रिंकू सिंह ही अपने गांव मिहींपुरवा बहराइच से सात साल पहले मोहित को साथ लेकर आया था। रिंकू सिंह की बुआ कृष्णा सिंह चिल्लाकर कह रही हैं कि किसी ने मारकर लटकाया है।

गैंगस्टर को दो वर्ष सश्रम कारावास की सजा

गोंडा। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट ने एक अभियुक्त को दो वर्ष का सश्रम कारावास व पांच हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट उदय प्रताप वर्मा व दान बहादुर सिंह ने बताया कि वर्ष 2020 में थाना कटरा बाजार की पुलिस ने थाना तरबगंज क्षेत्र के रगड़गंज बाजार निवासी देवा उर्फ देवशरन के विरुद्ध उप्र गिरोहबंद और समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर विवेचना की और न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। पुख्ता सबूत मिलने पर आरोपी को दोष सिद्ध किया गया।

गुरुवार को अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश (गिरोहबंद अधिनियम) राजबहादुर रामदेव यादव ने अभियुक्त देवा उर्फ देवशरन को दो साल के सश्रम कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न अदा करने पर अभियुक्त को तीन माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। (संवाद)

आरोपी गिरफ्तार

तरबगंज (गोंडा)। महिलाओं को देखकर अश्लील गाना गाने और टिप्पणी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुरदील पुरवा बेलसर निवासी अमरनाथ को एंटी रोमियो अभियान के तहत क्षेत्र नरायनपुर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया है। संवाद

गुंडा एक्ट में आरोपी को जिलाबदर किया

गोंडा। आपराधिक कृत्य में शामिल तरबगंज थाना क्षेत्र के एक अपराधी को अपर जिला मजिस्ट्रेट ने गुंडा एक्ट के तहत जिला बदर किया है। सहायक अभियोजन अधिकारी सुभाष कुमार के अनुसार प्रभारी निरीक्षक थाना तरबगंज ने नानबाबू निवासी बेलसर थाना तरबगंज के विरुद्ध 20 मार्च 2019 को पुलिस अधीक्षक को रिपोर्ट भेजी। अनुमोदन के बाद आरोपी के विरुद्ध गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू की गई। अपर जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार सोनी ने नानबाबू को छह माह के लिए जिलाबदर किया है। (संवाद)

शांतिपूर्ण माहौल में हुई जुमे की नमाज

ड्रोन कैमरे से निगरानी, तीन घंटे तक अधिकारियों ने किया भ्रमण

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। शुक्रवार को जिले में जुमे की नमाज कड़ी सुरक्षा के बीच अदा की गई। प्रशासन व पुलिस ने जुमे की नमाज को लेकर पहले से ही तैयारी की थी। ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। करीब तीन घंटे तक अधिकारी भ्रमणशील रहे।

कानपुर में हुई घटना के बाद अधिकारियों ने सबक लिया। शुक्रवार को पुलिस ने कस्बों व बाजारों में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस लाइन में अधिकारियों को कर्मचारियों की ब्रीफिंग की गई। कड़ी चौकसी के बीच जुमे की नमाज पढ़ी गई। शहर में लगभग सभी स्थानों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई।

करनैलगंज क्षेत्र में जुमे की नमाज के



गोंडा के एकता चौक पर ड्रोन कैमरा उड़ाता पुलिसकर्मी। -संवाद

दौरान सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए थे। धार्मिक स्थलों के आसपास सादी वर्दी में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। दिन में 12 बजे से शाम तीन बजे तक लगातार पुलिस और प्रशासन के अधिकारी नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के धार्मिक स्थलों के आसपास भ्रमण करते रहे। एसडीएम हीरालाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी मुन्ना उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह लगे रहे। इटियाथोक क्षेत्र में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। मस्जिदों की निगरानी के लिए पुलिस तैनात की गई थी।

थाना क्षेत्र के परसिया बहोरीपुर, इटियाथोक बाजार, पारासराय, निर्वाहन जोत, पन्ना बगुलहा, खरिहा, बेलभरिया, पूरे बसालत, लखनीपुर, सरकांड, महराजगंज, बैजपुर में नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। परसपुर में जुमे की नमाज को देखते हुए पुलिस सतर्क व अलर्ट मोड में नजर आई। जुमे का नमाज शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह के नेतृत्व में पुलिस गश्त करती नजर आई।

तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार

मोतीगंज (गोंडा)। शुक्रवार को पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि शुक्रवार की सुबह सूचना मिली कि मोतीगंज गढ़ी मार्ग पर एक युवक खड़ा है। पुलिस टीम को देख युवक भागने की कोशिश करने लगा, जिसे दौड़ा कर पकड़ लिया गया। तलाशी में तमंचा बरामद हुआ। उसने अपना नाम रामकरण वर्मा निवासी भटनिया गढ़ी थाना मोतीगंज बताया। (संवाद)

BALRAMPUR POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-06-2022

हिन्दु

अवैध असलहे संग हिस्ट्रीशीटर पकड़ा

बलरामपुर। श्रीदत्तगंज थाना की पुलिस ने जिले के टॉप टेन हिस्ट्रीशीटर अपराधी को देसी तमंचा, दो जीवित कारतूस व आधा किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया है। मुखबिर से सूचना मिली कि जिले का टॉप टेन अपराधी पुरैना वाजिद सौतनडीह निवासी अफसर अली उर्फ भूरें पुत्र अनवर अहमद पुरैना कानूनगो के निकट मौजूद है। पुलिस ने उसे घेर कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास 12 बोर तमंचा व दो जीवित कारतूस पाए गए। प्रभारी निरीक्षक विपुल कुमार पांडे ने बताया कि उस पर कई मुकदमे दर्ज हैं।

हिन्दु

गैड़ास बुजुर्ग में दो शातिर चोर धरे गए

बलरामपुर। थाना गैड़ास बुजुर्ग पुलिस टीम ने दो शातिर चोरों को चोरी के सामान, अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर गौरव सिंह तोमर ने बताया कि गुरुवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि तुलसीपुर क्षेत्र में चोरी की घटना में शामिल दो लोग रामपुर मुरार पुलिया के निकट मौजूद हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। उन्होंने अपना नाम पता गोरखनाथ पथरकट, ओड़ाझार कला थाना तुलसीपुर व रमजान पुत्र इस्लाम अली देवरिया मुबारकपुर थाना कोतवाली देहात बताया।

एसपी ने सुनीं शिकायतें, किया निस्तारण

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय में आधा दर्जन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया। डेढ़ दर्जन लोगों ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर समस्या बताई। एसपी ने प्रभारी निरीक्षकों को फोन कर आधा दर्जन समस्याओं का निस्तारण करवा दिया। अन्य के निस्तारण को प्रभारी निरीक्षकों को निर्देश दिया।

जुमे को लेकर सतर्क रहा प्रशासन

जासं, बलरामपुर : भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नुपुर शर्मा व नवीन जिंदल की टिप्पणी को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में उपजे आक्रोश को देखते पर शुक्रवार को स्थानीय जिला प्रशासन काफी सतर्क नजर आया। जिलाधिकारी श्रुति व पुलिस अधीक्षक राजेश सक्सेना ने संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

बीते दिनों सभी थानों में पीस कमेटी की बैठक के साथ-साथ डीएम व एसपी ने सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक कर धर्मगुरुओं से जिले में शांति व आपसी भाईचारा कायम रखने की अपील की थी। इसी के तहत जिले के सभी 16 थानों के प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सतर्क रहकर संवेदनशील स्थलों और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया गया था। दोपहर में सभी ईबादतगाहों व संवेदनशील स्थलों पर विशेष नजर रखी गई। नगर के बीबी बांदी साहिबा मस्जिद के पास नमाज के बाद कुछ लोगों ने नुपुर शर्मा व नवीन जिंदल की गिरफ्तारी को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। इसी बीच नगर कोतवाल संजय दूबे व उनकी टीम को देखते ही नारेबाजी करने वाले लोग मौके से फरार हो गए। डीएम व एसपी के अलावा एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव, एडीएम राम अभिलाष, सभी एसडीएम, सीओ, प्रभारी निरीक्षक भ्रमणशील रहकर लोगों से शांति व आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील कर रहे थे। इसी क्रम में नगर में एक संप्रदाय की कई दुकानें बंद रहीं। नमाज के बाद अधिकांश दुकानें फिर खुल गईं।

चरस व तमंचे के साथ एक को दबोचा

बलरामपुर। श्रीदत्तगंज थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जिले के टॉप-10 अपराधी को धर दबोचा है। अपराधी के पास से 500 ग्राम चरस व देसी तमंचा बरामद किया गया है। पकड़े गए अपराधी को जेल भेज दिया गया है। एसपी राजेश कुमार सक्सेना, एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव व सीओ उतरौला उदयराज सिंह के निर्देशन में श्रीदत्तगंज थाने की पुलिस ने टॉप-10 अपराधी को धर दबोचा है। थानाध्यक्ष विपुल कुमार पांडेय ने शुक्रवार को बताया कि एसआई राजकुमार यादव की टीम ने पुरैना कानूनगो पुरैनावाजिद चौराहे के आगे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान पुरैनावाजिद सौतनडीह निवासी अफसर अली उर्फ भुर्रे के रूप में हुई है। अभियुक्त के पास से 500 ग्राम चरस व एक देसी तमंचा बरामद किया गया है। अभियुक्त के खिलाफ चार मुकदमें दर्ज हैं। (संवाद)

BAHRAICH POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-06-2022

जुमे की नमाज पर शहर व ग्रामीणांचल के कस्बों व बाजारों में चप्पे-चप्पे पर रही सुरक्षा बलों की पैनी निगाहें

एक घंटे तक दिखे कर्फ्यू जैसे हालात

सतर्कता

बहराइच, संवाददाता। बहराइच में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान एक घंटे के लिए शहर ठहर सा गया, लॉकडाउन सरीखे हालात दिखे। कानपुर में पिछले जुमा को हुए बवाल के बाद पूरा जिला हाई अलर्ट पर रहा। गुरुवार को ही प्रशासनिक अमले ने कड़ी सुरक्षा के संकेत दे दिए थे। शहर व ग्रामीणांचल के कस्बों व बाजारों में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बलों की पैनी निगाहें लगी रहीं।

शांति व पुख्ता कानून व्यवस्था के लिए डीएम डॉ.दिनेश चंद्र, एसएसपी केशव कुमार चौधरी व सभी प्रशासनिक अफसरों संग भ्रमण करते रहे। एक समुदाय की दुकाने बन्द होने की वजह से शहरी इलाके में दोपहर में कुछ देर के लिए ऐसा सन्नाटा पसरा कि लॉकडाउन की याद ताजा हो आई। शहर, महसी, कैसरगंज, नानपारा, जरवल, नवाबगंज, पयागपुर, मटेरा, हुजूरपुर, फखरपुर, मिहींपुरवा, विशेश्वरगंज सहित सभी इलाकों में शुक्रवार को दोपहर में शांतिपूर्ण ढंग से नमाज के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली, जबकि सतर्कता अब भी बरकरार है।

नमाज के समय शहर में पसर गया सन्नाटा : बहराइच। जुमा की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए शहर में हर तरफ शुक्रवार को पुलिस की पुख्ता व्यवस्था दिखी। पुलिस टीमें रूट मार्च कर सुरक्षा का अहसास कराती दिखीं। सुबह से ही हर चौक चौराहों पर सुरक्षा कड़ी थी। दो वर्ष पूर्व सीएए के विरोध के दौरान घंटाघर चौक व दरगाह इलाके में पुलिस टीम पर पथराव हो गया था। इससे सबक लेते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई चूक न होने देने के लिए पहले ही तैयार कर ली थी।

एसएसपी ने जरवलरोड का दौरा किया : जरवल/जरवलरोड। जुमे की नमाज के लिए जरवल व जरवलरोड में पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जरवल कस्बे में पुलिस व पीएसी के जवानों ने एक साथ रूट मार्च किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए हैं। इस मौके पर उनके साथ सीओ क़मलेश कुमार सिंह, एसएचओ राजेश कुमार सिंह, चौकी प्रभारी जरवल अनिल कुमार भ्रमणशील रहे।

नवाबगंज में मस्जिदों के बाहर रहा पुलिस का पहरा : नवाबगंज। नवाबगंज कस्बे व आसपास के इलाकों में भी नमाज के दौरान प्रशासन काफी सतर्क रहा।

सीओ डॉ. जंग बहादुर यादव इलाके में भ्रमणशील रहकर पल-पल की खबर लेते रहे। मस्जिदों के आस-पास व कस्बे में पुलिस सख्त पहरा रहा। नवाबगंज, नौबस्ता, बनकसही, बक्शी गांव, सतीजोर, मिर्जाफांटा, भटपुरवा चनैनी गांव आदि स्थानों पर जहां मस्जिदों के बाहर पुलिस मुस्तैद रही, वहीं इलाके में गश्त तेज कर दी गई। कस्बा नवाबगंज की हज्जिन मस्जिद, जामा मस्जिद, बाजार वाली मस्जिद के सामने पुलिस की ड्यूटी लगी रही। थाना प्रभारी राम समुझ प्रभाकर ने बताया कि सभी मस्जिदों में लोगों ने शांति पूर्वक नमाज अदा की।



शहर के घंटाघर इलाके मुस्तैद सुरक्षा कर्मी,बंद दुकानें।

नानपारा में कुछ लोगों ने बंद रखीं दुकानें

नानपारा कस्बे व अन्य इलाकों में शुक्रवार को नमाज के मद्देनजर प्रशासन काफी सतर्क रहा। नानपारा में कुछ दुकानें बंद रहीं। एक समुदाय की ओर से गुरुवार को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार नानपारा को दिया गया। चप्पे- चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। सुबह से ही एसडीएम नानपारा अजीत परेश, एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार, सीओ डॉ. जंग बहादुर यादव, पीएसी व पुलिस बल के साथ नगर में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर रूट मार्च किया गया। जामा मस्जिद व अन्य मस्जिदों के सामने पुलिस की तैनाती रही। दुकानें बन्द होने की जिम्मेदारी समुदाय के लोगों ने नहीं ली।

विवादित धार्मिक टिप्पणी पर नेपालगंज में प्रदर्शन

रुपईडीहा, संवाददाता। नेपालगंज निवासी राजेश जालान पर विवादित बयान देने का आरोप लगाते हुए एक समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया है। शुक्रवार की नमाज के बाद लोग प्रदर्शन करते हुए डीएम बांके को ज्ञापन दिया। अपने ऊपर लगाए गये आरोप का राजेश जालान ने खण्डन किया है।

मानवाधिकार कर्मी साहिल अंसारी का आरोप हैं कि राजेश जालान ने अपने फेसबुक स्टेटस पर निलम्बित भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा के समर्थन में विवादस्पद टिप्पणी लिखी है। जिसके विरोध में सैकड़ों की संख्या में लोग नारे लगाते हुए नेपालगंज की प्रमुख सड़कों से निकले। यह हुजूम डीएम कार्यालय बांके पहुंचा। यहां बांके जिलाधिकारी सूर्य बहादुर खत्री को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें विवादास्पद टिप्पणी देने वाले राजेश जालान पर कार्रवाई करने की मांग की गई है। जालान को अविलम्ब गिरफ्तार करने व बांके जिले में हिंसा व घृणा न फैले इसके लिए सदभाव समिति की बैठक करने की मांग की गई। भारतीय कस्बे रुपईडीहा में पुलिस की मौजूदगी में शांति पूर्ण तरीके से नमाज अदा की गई।

फेसबुक हैक कर फंसाने का षड्यंत्र: राजेश जालान : रुपईडीहा। आरोपी करार दिए जा रहे राजेश जालान ने कहा है कि उनके बारे में एक पोर्टल पर एक सुनियोजित षड़यत्र किया गया है। दो माह से बांके जिले की नरैनापुर के प्रधान पर अपनी बकाया रकम वापसी के लिए उन्होंने नेपालगंज स्थित बांके जिला अदालत में एक वाद दायर किया है। उनसे मुकदमा वापस लेने की धमकी दी जा रही है। ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दी है। वे फेसबुक नहीं चलाते, उनकी आईडी हैक कर फंसाने का षड़यंत्र रचा गया है।

राजस्व निरीक्षक सनाउल्लाह खां के नेतृत्व में राजस्व टीम क्षेत्र का भ्रमण करती रही।

विशेश्वरगंज में अफवाह पर ध्यान न देने की अपील : विशेश्वरगंज। विशेश्वरगंज इलाके के मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से लोगों ने नमाज अदा की। उधरना ठकुराइन, गंगवल बाजार, नाऊ पुरवा, गेंधरिया, पुरैना, जोगी, खानपुर मल्लोह, महादेव परसिया में सुरक्षा बल मुस्तैद रहा। नाऊपुरवा की मस्जिद के मोलवी हजरतअली जुमे की नमाज के दौरान सभी लोगों से किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील करते देखे गए। दर्जनों मस्जिदों पर शांतिपूर्वक जुमे की नमाज पढ़ी गई।

इस दौरान पुलिस बल को टुकड़ियां हर जगह शांति व्यवस्था में लगाई गई थी। थानाध्यक्ष श्याम देव चौधरी मोबाइल टीम के साथ सभी जगहों पर पैनी नजर गड़ाए रहे। सीओ पयागपुर राज कुमार सिसौदिया पल-पल की खबरें लेते रहे।

185 बंदियों ने कलम-किताब से नाता जोड़ा

खून से सने हाथों ने पकड़ी कलम, लिख रहे जिंदगी में बदलाव की इबारत, अपराधी होने के लिबास को बदलने में दिन रात जुटे बंदी

■ प्रदीप तिवारी

बहराइच। शिक्षा बोध से ही अपराध पर अंकुश संभव है। सरकार ने इसे समझा और जेल में निरुद्ध हत्या समेत जघन्य अपराधों में संलिप्त अपराधियों की मानसिकता बदलने के लिए इसे ही हथियार बनाया है।

अब सलाखों में गुनाहों की सजा काट रहे 182 बंदियों के खून से सने हाथों ने कलम पकड़ ली है। निरक्षर होकर सलाखों में आए बंदी सिर्फ साक्षर नहीं बल्कि शिक्षित होने की डिग्री लेकर बाहर निकलने की ठानी है।

मटेरा के फैयाज श्रावस्ती के करिया व 56 वर्षीय अली अकबर। यह वे नाम हैं, जिनके सिर पर हत्या समेत कई आरोप है। पिछले कई सालों से जेल में गुनाहों की सजा काट रहे हैं। हालातों ने भले ही इनके हाथ खून से रंग दिए हों, लेकिन अब इन्हें प्रतिशोध पर पछतावा हो रहा है। वजह अब हथियार वाले हाथों ने कलम व किताब पकड़ ली है।

ऐसा नहीं कि सिर्फ यहीं बंदी, बल्कि अपराध बोध होने पर 182 बंदियों ने तालीम हासिल करने के लिए स्कूलों में दाखिला लिया है। इनमें बंदी करिया कक्षा नौ, फैयाज छह, श्रीराम तीन, संदीप दो व दीपक कक्षा तीन में पढ़ रहे हैं।

ये सजायाफ्ता कैदी पढ़ाई में जुटे हुए हैं। यह जेल अधीक्षक आनंद कुमार शुक्ल, डिप्टी जेलर शरेंदु त्रिपाठी के खास प्रयास से संभव हो पाया है। दोनों अधिकारियों ने लगन व प्रेरणा के जरिए बंदियों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारा।

दुर्दांत अपराधियों के अंधेरी जिंदगी में रोशनी लाने के लिए साहित्य, कला व रचना से नाता जोड़कर जीवनदशा बदलने की उम्मीद बंधा रहे हैं। जेल अधीक्षक कहते हैं कि जब यह जेल से निकलें तो जिंदगी की नई पारी शुरू करने के लिए हाथों में प्रमाणपत्र रहे।

जेल में नियमित चलती हैं कक्षाएं: बहराइच। बंदियों के नियमित पढाई के लिए बेसिक स्कूल के दो शिक्षकों को नामित किया गया है। यह शिक्षक जेल में बंदियों को पढ़ाते हैं। हर सप्ताह जेल अधीक्षक बंदियों के पढ़ाई का मूल्यांकन भी करते हैं।



जिला कारागार में बंदियों को पढ़ाते बेसिक स्कूल के शिक्षक।

वो आदमी नहीं, मुकम्मल बयान हैं

बहराइच। वो आदमी नहीं मुकम्मल बयान हैं। माथे पर उसके चोट का गहरा निशान हैं। दुष्यंत कुमार की पंक्तियों को पढ़कर डिप्टी जेलर शरेंदु कुमार कहते हैं कि अपराधी के अंदर भी इंसानियत होती है। इंसानियत मरती है, तभी अपराध की ओर कदम बढ़ते हैं। इन्हीं कदमों को सही राह दिखाने के लिए वे लगातार काम कर रहे हैं।

> सामूहिक प्रयास से ही बंदियों की जीवनदशा में बदलाव संभव हो रहा है। 185 बंदी विभिन्न कक्षाओं में पढ़ रहे हैं। हर तरह से उनकी जिंदगी को बदलने का प्रयास किया जा रहा है।
>
> **आनंद कुमार शुक्ल,** जेल अधीक्षक, बहराइच

सजायाफता बंदियों की शिक्षा पर एक नजर

कक्षा	बंदी की संख्या
एक	37
दो	51
तीन	32
चार	22
पांच	18
छह	14
सत	01
आठ	08
नौ	03

कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट में दोषसिद्ध को सुनाई सजा

अदालत से

- पांच हजार का जुर्माना, अदा न करने पर दो माह की अतिरिक्त सजा
- पूर्व में चोरी व जान से मारने के आरोप में दर्ज है केस

बहराइच, संवाददाता। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्याधीश, गैंगस्टर एक्ट के जज नितिन पांडेय ने दस वर्ष पुराने गैंगस्टर एक्ट के मामले में जेल में बिताई गई अवधि चार वर्ष, तीन माह, पांच दिन की सजा सुनाकर मामले का निस्तारण तेजी से किया है। दोषसिद्ध अपराधी पर पांच हजार का जुर्माना भी लगाया है। जिसे अदा न करने पर दो माह की सजा काटनी होगी।

हुजूरपुर थाने की पुलिस ने गोंडा जिले के कटरा बाजार थाने के मोहम्मदपुर के फूल बेहड़ा निवासी गंगाराम पुत्र राम मिलन पर 2012 में गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाई की थी। लोक अभियोजक श्रीनिवास तिवारी ने बताया कि इससे पूर्व इस पर चोरी व जान से मारने की कोशिश का केस दर्ज था। मामले में दो अन्य आरोपी को इस पत्रावली से अलग कर दिया था।

पुराने लंबित प्रकरणों को तेजी से निस्तारण की प्रक्रिया में जज नितिन पांडेय ने शुक्रवार को बचाव पक्ष व अभियोजन से लोक अभियोजक श्री निवास तिवारी व सुरेन्द्र सिंह के तर्कों को सुना। जज ने जिला कारागार के रिकार्ड के मुताबिक आरोपी गंगा राम की ओर से जेल में बिताई गई चार वर्ष, तीन माह, पांच दिन की सजा और पांच हजार के जुर्माने की सजा सुनाई है।

हत्या मामले में आरोपी की जमानत याचिका खारिज

कलीम हत्याकांड

बहराइच, संवाददाता। न्यायालय चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश, ईसी एक्ट के जज वरुण मोहित निगम ने बहुचर्चित कलीम हत्याकांड में जिला कारागार में निरुद्ध आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी है।

एडीजीसी क्रिमिनल सुनील कुमार जायसवाल ने बताया कि रुपईडीहा थाने के अंटहवा निवासी कलीम की लाश 23 मार्च का आम्बा पोखर नाले में मिली थी। वह 15 मार्च से लापता चल रहा था। इस मामले में मृतक के भाई वारिस खां पुत्र ननकन्ने की तहरीर पर हत्या, साक्ष्य छिपाने व षड़यंत्र की धाराओं में केस दर्ज किया गया था। इस मामले में नानपारा कोतवाली के विश्वनाथ गांव के मजरे आलापुरवा निवासी कलाम पुत्र पुत्ती उर्फ अनवर खां को नामजद किया गया था। कलाम को पुलिस ने 25 मार्च को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

आरोपी के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट में जमानत याचिका दायर की गई थी। जज ने बचाव पक्ष व अभियोजन पक्ष से एडीजीसी क्रिमिनल सुनील कुमार जायसवाल के तर्कों को सुना और जमानत याचिका खारिज कर दी है।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

संसू, फखरपुर(बहराइच) : तीन दिन पहले नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा ने बताया कि पीड़ित किशोरी के पिता की तहरीर पर मदन कोठी गांव निवासी सुल्तान के खिलाफ दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही थी।

शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपित मदन कोठी चौराहा पर मौजूद है। इस पर आरक्षी बृजेश यादव, विकास कुमार के साथ पहुंचकर गिरफ्तार कर लिया गया। उसे न्यायालय भेज दिया गया है।

शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने में करें सहयोग



बाँडी थाना परिसर में शांति समिति बैठक को संबोधित करते सीओ जेपी त्रिपाठी (बाएं से दूसरे) ● जागरण

संसू, बाँडी/खैराबाजार/रिसियामोड़ (बहराइच) : शांति समिति की बैठक में बकरीद त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने में सहयोग की अपील की गई। बाँडी में बैठक की अध्यक्षता सीओ महसी जेपी त्रिपाठी व संचालन थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद ने की।

सीओ ने कहा कि बकरीद त्योहार आने वाला है। त्योहार के दौरान एक-दूसरे को खुशियां बांटे। एसआई गोपाल तिवारी, अयोध्या सिंह, विकास वर्मा, सुधांशु सिंह, दिग्विजयनाथ दुबे, राम आशीष यादव मौजूद रहे। रामगांव थाने के गंभीरवाबाजार पुलिस चौकी में एसओ संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। एसओ ने कहा कि किसी भी धर्म के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने से माहौल खराब होता है, ऐसा करने से बचे। चौकी इंचार्ज अमितेंद्र सिंह, विपिन यादव, शमशेर अहमद, हाफिज शानेआलम, कारी नियाज अहमद आदि मौजूद रहे।

गैंगेस्टर एक्ट में दोषी को चार वर्ष की सजा

जागरण संवाददाता, बहराइच : अपर सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट नितिन पांडेय ने उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम में एक अभियुक्त को दोषी ठहराते हुए चार वर्ष की सजा सुनाई है। दोषी पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न अदा करने पर उसे दो माह अतिरिक्त जेल में रहना पड़ेगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक गैंगेस्टर एक्ट सुरेंद्र सिंह व श्रीनिवास तिवारी ने मामले की पैरवी करते हुए बताया कि हुजूरपुर पुलिस ने 19 दिसंबर 2012 को गोंडा जिले के कटरा बाजार थाने के फूलबेहड़ा निवासी गंगाराम को उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप करने पर गिरफ्तार कर गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी।

- **पांच हजार रुपये का जुर्माना न अदा करने पर उसे दो माह अतिरिक्त जेल में रहना होगा**

पुलिस ने विवेचना के दौरान गैंगेस्टर कोर्ट पर चार्जशीट दाखिल की। शुक्रवार को सुनवाई के बाद अदालत ने अभियुक्त गंगाराम को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

हत्यारोपित की जमानत खारिज : प्रभारी अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ विशेष ईसी एक्ट वरुण मोहित निगम ने शुक्रवार को एक हत्यारोपित की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए खारिज कर दी। अपर शासकीय अधिवक्ता अपराध सुनील कुमार जायसवाल ने बताया कि नानपारा कोतवाली के आलापुरवा विशुननाथ गांव के रहने वाले कलाम ने शबनम के साथ मिलकर 15 मार्च 2022 को अपहरण कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अदालत ने सुनवाई के बाद अपराध को गंभीर मानते हुए जमानत अर्जी खारिज कर दी।

नाबालिग से दुष्कर्म में जमानत खारिज : अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पाक्सो एक्ट वरुण मोहित निगम ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपित की जमानत अर्जी खारिज कर दी। विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता पाक्सो संतप्रताप सिंह व विशेष लोक अभियोजक संतोष सिंह ने मामले की पैरवी करते हुए बताया कि आरोपित चंद्रपाल चौहान, जो मटेरा थाना के मलुआ भकुरहा का रहने वाला है, उसने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया और फोटो खींचकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। अदालत ने ऐसे अपराध को गंभीर मानते हुए आरोपित की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

प्रधान व पूर्व प्रधान के अवैध निर्माण पर बुलडोजर

सिंचाई विभाग की जमीन पर किया गया था अतिक्रमण शिकायतकर्ता का भी अवैध निर्माण में आया नाम

संसू, कतरा (बहराइच): केवलापुर गांव स्थित माइनर की जमीन पर ग्राम प्रधान और पूर्व ग्राम प्रधान के अवैध कब्जा को प्रशासन ने बुलडोजर चलवा कर हटा दिया। इसके साथ ही पुनः कब्जा करने पर मुकदमा दर्ज कराने की चेतावनी दी।

सरयू नहर खंड प्रथम नानपारा की लगभग पांच किलोमीटर की नहर नवाबगंज से केवलपुर की तरफ जाती है। लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर एक हेक्टेयर जमीन पर केवलपुर के पूर्व प्रधान प्रतिनिधि जाकिर खान, ग्राम प्रधान शाकिर खान के एक रिश्तेदार ने कब्जा कर मकान बनवा लिया था विभाग ने कई बार नोटिस दी, लेकिन कब्जा नहीं हटाया। इसकी शिकायत गांव निवासी अल्ताफ खां ने आइजीआरएस पोर्टल पर की। शिकायत को संज्ञान में लेकर जल्द से जल्द कब्जा हटाने के निर्देश जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने दिए थे। सरयू नहर खंड प्रथम के अधीक्षण अभियंता अनिल कुमार गुप्त ने बताया कि उप जिलाधिकारी नानपारा अजीत परेश के मार्ग दर्शन में टीम गठित की गई। नायब तहसीलदार मनीष वर्मा के निर्देशन में टीम मौके पर पहुंची तो शिकायतकर्ता अल्ताफ खां के कब्जे में भी नहर की जमीन निकली। उप जिलाधिकारी अजीत परेश ने बताया कि नहर किनारे सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाई गई चहारदीवारी पर बुलडोजर चलवा ढहा दिया गया।



केवलपुर में सिंचाई विभाग की जमीन अवैध निर्माण हटाती जेसीबी ● जागरण

सिंचाई विभाग की कालोनियों पर भी अवैध कब्जा

नानपारा मिहींपुरवा में भी सिंचाई विभाग की कालोनियां बनी हुई हैं। इस कालोनियों में दर्जन भर से अधिक अवैध कब्जेदार हैं। सिंचाई विभाग ने सभी को नोटिस दी है। अधीक्षण अभियंता अनिल कुमार गुप्त ने बताया कि सिंचाई विभाग की भूमि पर अवैध रूप से काबिज लोगों को हटाने की प्रकिया अमल में लाई जा रही है। अन्य कब्जेदारों को जिलेदार प्रमेश जायसवाल की ओर से नोटिस दी गई है।

प्रधान पर कार्रवाई के लिए पंचायत सदस्य पहुंचे हाईकोर्ट

- **छह सदस्यों ने बिना बैठक कराए लाखों के गबन का लगाया आरोप**
- **04 माह बीतने के बाद भी डीपीआरओ ने नहीं की कोई कार्रवाई**

संसू, मरौवा (बहराइच) : ब्लाक फखरपुर के ससना गांव के छह ग्राम पंचायत सदस्यों ने ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्रवाई के लिए उच्च न्यायालय की शरण ली है। सभी ने बिना बैठक कराए लाखों रुपये निकाल कर गबन करने का आरोप लगाया है।

गांव निवासी देवनरायण पांडेय ने हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा कि ग्राम पंचायत सदस्य आशीष पांडेय, सूरज कुमार, करीमा, राजू मौर्य, छेदन, अमीना ने शपथ देकर खुली बैठक में विकास प्रस्ताव नहीं पास कराए जाने का शपथ पत्र दिया है। कहा है कि मनरेगा के काम बिना कराए ही लाखों रुपये निकाल लिए जाते हैं। देवनरायन का कहना है कि हाईकोर्ट में याचिका दायर करने पर जिला प्रशासन को जांच कराकर कार्रवाई के आदेश दिए गए थे। चार माह का समय बीतने के बाद भी कोई कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने डीएम को पत्र देकर टीम गठित कर कार्रवाई की मांग की है।

यह और जिले की अन्य खबरें www.jagran.com पर पढ़ें

प्रशासन अलर्ट : अमन के साथ जुमे की नमाज अदा की गई





नानपारा में पुलिसकर्मियों संग गस्त करते एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार (बाएं से दूसरे), निगरानी कर ड्रोन कैमरे की समीक्षा करते सीओ नगर विनय द्विवेदी (मध्य में) ● जागरण

जासं, वहराइच : कानपुर में हुए उपद्रव को देखते हुए जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन अलर्ट रहा। शहर सुरक्षा की बंदिशों में जकड़ी रही। जगह-जगह किए गए बैरीकेडिंग पर पुलिस व पीएससी के जवान मुस्तैद रहे। एसपी व डीएम पूरे जिले का पल-पल का हालचाल लेते रहे।

कानपुर में विरोध की आड़ में हुए उपद्रव को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। घंटाघर पुलिस चौकी पर एसपी शहर, सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सुरक्षा की कमान संभाले रहे। जुमे की नमाज के बाद जब लोग अपने-अपने घरों को वापस चले गए, तब जाकर प्रशासन ने राहत की सांस ली। इस दौरान बाजार पूरी तरह गुलजार रहे।

जुमे की नमाज के बाद जिले में उपद्रव की आशंका को देखते शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने जिले में सुरक्षा का खाका खींचा था। चिह्नित स्थानों पर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती करने के साथ एसपी पल-पल अधिकारियों से रिपोर्ट लेते रहे। एसपी ने कैसरगंज में पुलिसकर्मियों के साथ मार्च कर चप्पे का जायजा लेते रहे। घंटाघर चौराहे की तरफ आने वाले भारी वाहनों को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया था। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। पुलिस के जवानों को हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार किया गया था। दोपहर को जब नमाज का समय हुआ तो पुलिस पूरी तरह अलर्ट नजर आई। सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी तैनात रहे। पुलिस की मुस्तैदी का नतीजा रहा कि जिले में अमन-चैन कायम रहा और गंगा-जमुनी की तहजीब झलकती रही। नानपारा, मिहींपुरवा, रुपईडीहा, महसी, नवाबगंज में एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार पुलिस बल के साथ चप्पे-चप्पे का जायजा लेते रहे।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार, एएसपी शहर कुंवर

जुमे की नमाज पर बरती सतर्कता छावनी में तब्दील रहा पूरा जिला

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। कानपुर में जुमे की नमाज के बाद हुए बवाल को देखते हुए जिले को अलर्ट मोड पर रखा गया है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के मौके पर सुरक्षा के मद्देनजर जिले को तीन जोन में बांटा गया। सुरक्षा की कमान एसपी खुद संभाले रहे। पूरा जिला छावनी में तब्दील रहा। बोतल में पेट्रोल देने पर पाबंदी रही और सड़क किनारे पड़े पत्थर हटवा दिए गये।

सुरक्षा के मद्देनजर तीन जोन में बांटा गया था जिला

एसपी ने खुद संभाली कमान

अमन-चैन के बीच जुमे की नमाज संपन्न होने के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। पूरे जिले में पुलिस के अलावा दो कंपनी पीएसी बल भी मोर्चा संभाले रहा।

एसपी केशव चौधरी ने बृहस्पतिवार को ही पूरे जिले में फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास करा दिया था। शुक्रवार सुबह से ही सड़कों पर पुलिस नजर आने लगी। दोपहर 12 बजे तक पूरे जिले को छावनी में तब्दील कर दिया गया। शहर के घंटाघर की चारों तरफ से घेराबंदी करते हुए पहरा लगा दिया गया। जुमे की नमाज के दौरान कोई अराजक तत्व अराजकता न फैलाने पाए इसके लिए ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाती रही। सुरक्षा के मद्देनजर जिले को तीन जोन में बांटा गया।

शहरी क्षेत्र की कमान एएसपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह संभाले रहे और नानपारा क्षेत्र की जिम्मेदारी एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार के कंधे पर रही। वहीं, एसपी केशव चौधरी ने संवेदनशील माने जाने वाले क्षेत्र फखरपुर की कमान खुद संभाली। एसपी ने नमाज शुरू होने से पहले पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और फिर जरवल की ओर रवाना हो गये। एसपी की ओर से ऑल इज वेल का इशारा मिलते ही थानाध्यक्षों ने राहत की सांस ली।

जिलेभर में जुमे की नमाज अमन-चैन के बीच अदा की गई। पुलिस की सक्रियता देख अराजक तत्व सहमे रहे। एसपी केशव चौधरी ने बताया कि जिलेवासियों ने भाईचारे की मिसाल पेश की। किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं दिया। इससे जिले में अमन-चैन के बीच जुमे की नमाज अदा की गई।



बहराइच में शुक्रवार को जुमे के दिन बाजार में बंद दुकानें। -संवाद



जरवलरोड पर सुरक्षा के मद्देनजर गश्त करते एसपी। -संवाद

बंद दुकानें बढ़ातीं रहीं धड़कनें

शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक विशेष समुदाय के लोगों ने दुकानें बंद रखीं। दुकानें न खुलने से पुलिस प्रशासन की धड़कनें बढ़ी रहीं। दुकानें न खुलने की वजह पुलिस तलाशती रही, लेकिन कोई खास वजह न मिलने पर सतर्कता बनाए रखी। नमाज अदा होने के बाद भी दुकानें नहीं खुलीं। पूरे जिले में माहौल सामान्य रहा।

दो किलो चरस के साथ नेपाल से आए दो तस्कर धरे



बहराइच। नेपाल से चरस लेकर जिले में तस्करी करने आए दो तस्करों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया। तलाशी के दौरान दोनों तस्करों के पास से भारी मात्रा में चरस बरामद हुई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद चरस की कीमत 50 लाख रुपये बताई जा रही है।

एसपी केशव चौधरी ने सभी थानाध्यक्षों को अपराध पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए हैं। एसपी के निर्देश पर खैरीघाट थानाध्यक्ष निखिल श्रीवास्तव ने मुखबिरों का जाल बिछाया। मुखबिर से थानाध्यक्ष को सूचना मिली कि कुछ लोग नेपाल से चरस लेकर जिले में बेचने आ रहे है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष ने तत्काल एसआई राजीव कुमार मिश्र के नेतृत्व में टीम गठित कर मौके पर भेजा। मुखबिर की सूचना पर टीम शिवपुर बंधे के पास पहुंची तभी देखा कि दो लोग आ रहे हैं।

टीम ने रुकने का इशारा किया तो वे भागने लगे। टीम ने घेराबंदी करते हुए दोनों को दबोच लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि तलाशी के दौरान दोनों के पास से दो किलो चरस व नगदी बरामद हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ में दोनों की पहचान लोधनपुरवा गांव निवासी कंधई व खुशीराम के रूप में हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया। संवाद

होटल में छापा मारकर सात जुआरी दबोचे

बहराइच। शहर के एक होटल में बड़े पैमाने पर जुआ खेला जा रहा था। इसकी सूचना मुखबिर से नगर कोतवाल शैलेश सिंह को मिली। सूचना को गंभीरता से लेते हुए कोतवाल ने दलबल के साथ छापा मारा। इस दौरान नाजिरपुरा मोहल्ला निवासी गुलफान, अभिषेक सोनी, फरजान, नफीस, सहजादे, मैनुद्दीन व शुएब को मौके से जुआ खेलते हुए पुलिस ने दबोच लिया। कोतवाल ने बताया कि मौके से नगदी व ताश के पत्ते भी बरामद हुए। पकड़े गए सातों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। संवाद

SHRAWASTI POLICE



सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-06-2022

परेड की सलामी, पुलिस जवानों से दौड़ लगवाई

आयोजन

श्रावस्ती, संवाददाता। पुलिस लाइन में शुक्रवार को परेड ग्राउंड में परेड का आयोजन किया गया। इसमें एसपी ने सर्व प्रथम परेड की सलामी ली और बारीकी से परेड का निरीक्षण भी किया। इसके अलावा फिट रहने के लिए पुलिस जवानों से दौड़ लगवाई गई।

पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने शुक्रवार की सुबह पुलिस लाइन में आयोजित परेड की सलामी ली। साथ ही परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान कई पुलिस कर्मियों की परेड में खामियां मिली। इस पर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित जवानों को परेड की बारीकियों के बारे में जानकारी दी और सुधार करने का निर्देश दिया। एसपी ने परेड की सलामी के बाद पुलिस जवानों से दौड़ लगवाई। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। उन्होंने क्वार्टर गार्द, भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता को चेक किया, डीसीआर, बैरक आदि का निरीक्षण कर जायजा लिया। साथ ही जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना स्टोर का निरीक्षण कर साफ सफाई का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया कि पुलिस अधिकारी व कर्मचारी जनता से मधुर व्यवहार करें और पुलिस की महत्ता लोगों में बनाये रखें। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन अतुल कुमार चौबे, प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

102 वाहनों का चालान किया गया

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्रों में पुलिस की ओर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वहां से आते जाते वाहनों को रोक कर चेकिंग की। चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहनों के पेपर, डीएल, हेलमेट, तीन सवारी, शीट बेल्ट आदि को चेक किया। इसमें 102 वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में चालान किया गया।

22 लीटर कच्ची शराब के साथ एक बंदी

श्रावस्ती। अवैध शराब की बिक्री व निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य की ओर से सभी थाना प्रभरियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं, जिसके चलते पुलिस की ओर से अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार देर शाम को सिरसिया थाने की पुलिस टीम ने क्षेत्र में भ्रमण के दौरान एक व्यक्ति के कब्जे से 22 लीटर कच्ची शराब बरामद किया।

अपहृता सकुशल बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। मुकदमों में वांछित चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस विभाग की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर हर्षवर्धन सिंह टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। पुलिस ने अपहरण के आरोपी हेमन्त कुमार पुत्र सन्तराम गौतम निवासी चोरकटवा सिटकहना थाना मल्हीपुर को शंकरपुर चौराहा से गिरफ्तार कर लिया। साथ ही पुलिस ने अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया।

फिट रहने के लिए जवानों ने लगाई दौड़

जासं, श्रावस्ती : एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने शुक्रवार को भिनगा स्थित पुलिस लाइन पहुंचकर परेड का निरीक्षण किया। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड में शामिल पुलिस जवानों ने दौड़ लगवाई। अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया।

एसपी ने ड्रिल को बारीकी से देखकर उसे और बेहतर कराने के निर्देश प्रतिसार निरीक्षक को दिए। यूपी- 112 के दोपहिया व चारपहिया वाहनों का निरीक्षण किया।

102 वाहनों का चालान

श्रावस्ती। पुलिस ने शुक्रवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने वाहनों की जांच कर 102 वाहनों का ई-चालान किया। इस मौके पर पुलिस ने 1,02,500 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। (संवाद)

कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

श्रावस्ती। सिरसिया पुलिस ने गुरुवार रात गश्त के दौरान एक व्यक्ति को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार रिक्खी राम निवासी निराला नगर थाना सिरसिया के विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की। (संवाद)

एसपी ने ली रैतिक परेड की सलामी

श्रावस्ती। रिजर्व पुलिस लाइन भिनगा के परेड ग्राउंड में शुक्रवार को रैतिक परेड का आयोजन हुआ। जिसकी एसपी ने पहुंचकर सलामी ली। इस दौरान एसपी ने परेड का बारीकी से निरीक्षण भी किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई, अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई। इसके बाद एसपी ने क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा, भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता को चेक किया। साथ ही डीसीआर, बैरिक, शौचालय का निरीक्षण भी किया। जहां सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। वहीं आदेश कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक किया। इस दौरान सीओ लाइन अतुल कुमार चौबे, प्रतिसार निरीक्षक विनोद सिंह मौजूद रहे। (संवाद)

शांतिभंग के आरोप में नौ गिरफ्तार

श्रावस्ती। जिला पुलिस ने गुरुवार रात विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने नौ लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)

छह बाल श्रमिकों को पकड़ा, तीन को बिना लिखा-पढ़ी छोड़ा

बाल कल्याण बोर्ड के सामने घटना, डीएम से शिकायत, भांभेपारा पुल पर सरिया बांध रहे थे बच्चे

संवाद न्यूज एजेंसी

श्रावस्ती। भांभेपारा पुल पर सरिया बांध रहे छह बाल श्रमिकों का श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने गुरुवार रेस्क्यू किया था। रात करीब आठ बजे इन छह बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसमें से तीन बच्चों को बिना लिखा पढ़ी के ही श्रम प्रवर्तन, एएचटीयू टीम ने बाल कल्याण समिति के सामने ही छोड़ दिया।

बाल कल्याण समिति में बच्चों को उपस्थिति करते हुए फोटो के साथ एक व्यक्ति ने डीएम से मामले की शिकायत की है। बाल श्रम रोकने के लिए श्रम विभाग द्वारा छापा मारा जा रहा है। इस दौरान उनके साथ विशेष किशोर पुलिस मौजूद रहती है। गुरुवार को इस टीम ने इकौना के भांभेपारा में निर्माणाधीन पुल में लगने वाली सरिया को बांधते हुए छह



बच्चों को पकड़ा था। इन बच्चों में तीन बच्चे उसी गांव के तो एक बच्चा यहां से कुछ दूरी पर स्थित दूसरे गांव के थे। जबकि दो बच्चे बहराइच जिले के निवासी थे।

इन बच्चों को एएचटीयू प्रभारी अपने साथ पुलिस की गाड़ी में बैठाकर कई घंटों तक घूमते रहे। इसके बाद शाम करीब सात से आठ बजे के मध्य इन बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति ने इन छह बच्चों का बयान दर्ज न करके इनमें से तीन बच्चों को बिना लिखापढ़ी के ही छोड़ दिया। जबकि तीन की फाइल तैयार कर उनका मेडिकल कराने के लिए श्रम प्रवर्तन अधिकारी को सौंप दिया।

इसी बीच किसी व्यक्ति ने बाल कल्याण समिति कार्यालय में बच्चों के साथ उपस्थित एएचटीयू प्रभारी, बाल कल्याण समिति सदस्य सहित कई अन्य लोगों का फोटो भी खींच लिया। फोटो खींचने वाले व्यक्ति ने बाल कल्याण समिति के समक्ष उपस्थित नाबालिगों का मेडिकल न कराए जाने व उन्हें रेस्क्यू करने के बाद देर रात किसको सौंपा। इसको लेकर कई मुद्दे उठा दिए। इन मुद्दों से जुड़ी एक शिकायत डीएम को एक व्यक्ति ने अपना नाम न लिखते हुए भेजा है। जिसमें शिकायत कर्ता ने डीएम से पूछा है कि रात आठ बजे आखिर तीन बच्चे प्रवर्तन टीम ने कहा भेजे हैं। बच्चे सुरक्षित हैं या नहीं। इसके बार में भी उसने कई सवाल उठाए हैं। वहीं इस फोटो के वायरल होने के बाद बाल कल्याण, एएचटीयू व श्रम प्रवर्तन टीम पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

इस संबंध में श्रम प्रवर्तन अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा बताते हैं कि भांभेपारा कार्य स्थल पर तीन बच्चे कार्य करते पाए गए थे। जिन्हें रेस्क्यू किया गया था। जबकि तीन बच्चे अपनी रिश्तेदारी आए हुए थे। वह काम होता देख रहे थे। इसलिए उनकी लिखापड़ी नहीं की गई। लेकिन वह इस बात को नहीं बता पा रहे हैं कि रात आठ बजे इकौना से भिनगा रेस्क्यू कर लाए गए तीन बच्चे किसके आदेश पर किसे सुपुर्द किए गए। वहीं एएचटीयू प्रभारी ने भी कार्य स्थल से दस बच्चों को रेस्क्यू किए जाने की पुष्टि फोन पर की है।